## संक्षिप्त ख़बरें

### साइबर ठगी की रकम हुई वापस

**दुबौलिया, बस्ती।** थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी व साइबर सेल प्रभारी अजय कुमार पांडेय महिला कांस्टेबल साधना पांडेय द्वारा प्रेमा दीनानाथ पुत्र परमात्मा ग्राम ऊंजी थाना दुबौलिया का 19 हजार रुपए उनके खाते में वापस कराया गया। शिकायतकर्ता दीनानाथ पुत्र परमात्मा ग्राम ऊंजी द्वारा पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके साथ साइबर फ्राड कर लिया गया था। शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित विधिक कार्यवाही करते हुए साइबर सेल थाना दुबौलिया की टीम द्वारा सम्पूर्ण धनराशि होल्ड लीन करवाया गया था जिसे एसओपी 2 के तहत एमआरएम पोर्टल मनी रिएस्टोरेशन मेकेनिजम से शिकायतकर्ता का पैसा उसी के खाते में वापस कराया गया।

### प्रवक्ता परीक्षा को लेकर यातायात मार्ग में परिवर्तन

**महराजगंज।** प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 के सफल एवं जाम-मुक्त संचालन को लेकर प्रशासन ने महत्वपूर्ण यातायात व्यवस्था लागू की है। 14 जून 2026 को जनपद के 12 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के कस्बा महराजगंज पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने जनहित में विशेष कदम उठाए हैं। जारी प्रेस नोट के अनुसार, 14 जून को सुबह 7:00 बजे से दोपहर 2 बजे तक कस्बा महराजगंज में भारी एवं व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए सिंदुरिया, शिकारपुर, झनझनपुर तथा पकड़ी चौकी पर नो-एंट्री एवं डायवर्जन व्यवस्था लागू की जाएगी।

### फरियादी को भगाने व दुर्व्यवहार मामले में जांच शुरू

**चौराखास/फाजिलनगर।** तुर्कपट्टी के मधुरिया पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा फरियादी को भगाने व दुर्व्यवहार की जांच पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के आदेश पर शुरू हो गई है।शनिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी पुलिस चौकी पर पहुंच आरोप की जांच की और रिपोर्ट देने की बात कही।

बीते 3 जून को जोकवा खुर्द निवासी एक व्यक्ति दो अन्य लोगों के साथ सगे पट्टीदारों द्वारा अपने हिस्से की जमीन को जीतने पर उसे रोकने से सम्बन्धित मामला लेकर मधुरिया चौकी प्रभारी चंदन प्रजापति के पास गए थे।चौकी प्रभारी ने तीनों लोगों के साथ दुर्व्यवहार कर वहां से भगा दिया।इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार से की थी।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश प्रताप सिंह मधुरिया पुलिस चौकी पर पहुंच पीड़ित से व एसपी से सम्बन्धित पूछताछ कर सी सी कैमरे के चालू होने के बारे में पूछताछ की।चौकी प्रभारी ने बताया कि सी सी कैमरा चालू हालात में है।जिस पर जांच अधिकारी ने घटना के दिन का फुटेज शीघ्र भेजने के लिए कहा लेकिन मौके पर मौजूद शिकायत कर्ता व मौजूद लोगों का बयान नहीं लिया। जांच अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि घटना के दिन का सी सी कैमरे का फुटेज मांगा गया है।उपलब्ध होते ही जांच रिपोर्ट दी जाएगी।

### मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**महराजगंज।** नगर स्थित एक निजी मैरिज हाल में शनिवार को अखिल भारतीय प्रजापति (कुम्भकार) महासंघ, जनपद इकाई महराजगंज के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में महन्थ शंभू नाथ प्रजापति, रुदल प्रजापति, वकील प्रजापति, अविनाश प्रजापति तथा रामसती प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महन्थ शंभू नाथ प्रजापति ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास और सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कपिल देव प्रजापति ने किया। अंत में अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### लाखों की ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

**निचलौल, महराजगंज।** जनपद में अपराध नियंत्रण और साइबर व रोजगार संबंधी ठगी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में थाना निचलौल पुलिस, एसओजी और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में तीन पुरुष और एक महिला शामिल हैं। थाना निचलौल में दर्ज दो मामलों में वांछित चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना तथा लगातार की गई सुरागरसी के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपितों को लखनऊ और गोरखपुर के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गिरोह संगठित तरीके से बेरोजगार युवाओं और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को सरकारी एवं निजी संस्थानों में नौकरी दिलाने का झांसा देता था। विश्वास हासिल करने के बाद उनसे बड़ी रकम वसूल कर फर्जी ऑफर लेटर, नियुक्ति पत्र और अन्य कूटरचित दस्तावेज उपलब्ध कराए जाते थे। जब तक पीड़ितों को ठगी का एहसास होता, तब तक उनसे लाखों रुपये ऐंठे जा चुके होते थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राजचन्द्रा उर्फ अजीत निवासी बड़हलगंज (गोरखपुर), आमोद राठौर निवासी जानकीपुरम (लखनऊ), कुलदीप निवासी उन्नाव तथा अराधना कुमारी निवासी उन्नाव, वर्तमान पता इंदिरानगर (लखनऊ) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने नौकरी दिलाने के नाम पर धनराशि लेकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर ठगी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों, बैंक खातों, वित्तीय लेन-देन और संभावित पीड़ितों के संबंध में भी विस्तृत जांच कर रही है।

# दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**पटहेरवा।** बिहार से दिल्ली जा रही एक लग्जरी कार से पुलिस ने शनिवार की भोर में वाहन जांच के दौरान 4.77 किलोग्राम गांजा बरामद किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मादक पदार्थ बरामद किया। पुलिस के अनुसार बरामद कार ओला कैब के रूप में संचालित की जा रही थी।

शनिवार तड़के बिहार सीमा से सटे रकबा स्थित पिकेट पर थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार राय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मनोज वर्मा, सचिदानंद यादव तथा अन्य पुलिसकर्मी वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान बिहार की ओर से आ रही एक लग्जरी कार को रोककर जांच की गई। पूछताछ के दौरान कार में सवार एक युवक अचानक दरवाजा खोलकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया।



कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि कार में गांजा रखा गया है, जिसे बिहार के मधुबनी से दिल्ली ले जाया जा रहा था। तलाशी के दौरान कार में रखे चमड़े के बैग से 4.77 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार तस्करों की पहचान बिहार के मधुबनी जनपद के फूलपरास थाना क्षेत्र के एकहरा निवासी प्रमोद यादव तथा उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के रसड़ा थाना क्षेत्र निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है। दोनों दिल्ली में ओला कैब चलाने का काम करते हैं। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि बरामद गांजा को कब्जे में लेकर आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों को न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर यह पता लगाने में जुटी है कि गांजे की खेप किन लोगों तक पहुंचाई जानी थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### सड़क निर्माण को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सिन्दुरियां, महराजगंज।** विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के वरवा सोनिया - देउरवा मार्ग व नाली निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर जल्द निर्माण पूरा कराने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीण अवधेश पाण्डेय, रामनरेश गुप्ता, दिलीप, घनश्याम तिवारी एवं राजू ने जिलाधिकारी को दिये गये पत्र में लिखा है कि बरवा सोनिया - देउरवा मार्ग व नाली निर्माण कार्य को अधूरा पीडब्लूडी द्वारा छोड़ दिया गया है और गांव की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य भी अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे बरसात के मौसम में जल जमाव होने से आवागमन में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस मार्ग पर गिट्टी गिरा देने से मिठौरा बरवा सोनिया और देऊरवा का मुख्य मार्ग आये दिन राहगीरों, छात्रों व स्थानीय लोगों को बरसात के मौसम में जल जमाव होने से आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ का चुनाव**

## महेंद्र अध्यक्ष व शिव शंकर महामंत्री निर्वाचित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय महामंत्री राजेश सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर जनपद



बस्ती शाखा का गठन करते हुए महेंद्र चौहान को जिलाध्यक्ष और शिव शंकर कुमार उर्फ पप्पू को महामंत्री मनोनीत किया है। महेंद्र चौहान को जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर जनपद के विभिन्न कर्मचारी संगठनों से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दिया है।

महेंद्र चौहान ने कहा शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का विस्तार कर कर्मचारियों के हित की आवाज बुलंद की जाएगी। उन्होने कहा शीघ्र पदाधिकारियों की उम्मीदों पर खरा उतरने की हर संभव कोशिश करूंगा। मनोनीत पदाधिकारियों को बधाइयां व शुभकामनायें देने वालों मे प्रमुख रूप से रामसहाय यादव, सोमई राम आजाद, मनोज श्रीवास्तव, रमजान अली, चन्द्रप्रकाश पांडेय, बबिता मिश्रा, चन्द्रकली, शैलेन्द्र राज, अनीस अहमद, घनश्याम चौधरी, सरेश शर्मा, भगवान राजभर, त्रिभुवन, रामप्रकाश चौधरी, अवधेश कुमार आदि शामिल हैं।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से झुलसा बुजुर्ग

**महराजगंज।** लक्ष्मीपुर क्षेत्र स्थित बैजनाथपुर उर्फ चरका गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। पेड़ की टहनियां काट रहे एक बुजुर्ग हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आ गए, जिससे उन्हें जोरदार करंट लग गया और वह गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल बुजुर्ग को सुरक्षित नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनकी स्थिति को लेकर चिंता का माहौल बना रहा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग पेड़ की ऊंची शाखाओं की कटाई कर रहे थे, तभी कटे हुए हिस्से का संपर्क हाईटेंशन लाइन से हो गया और वह करंट की चपेट में आ गए।

## कूटरचित पट्टे की जांच शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**परसरामपुर, बस्ती।** तहसील हर्रैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेदीपुर में परसा-परसरामपुर मुख्य सड़क के किनारे स्थित ग्राम सभा की भूमि का कूटरचित पट्टे की मजिस्ट्रेटियल जांच पड़ताल की कार्यवाही शुरू हो गयी है। उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी के मुताबिक जांच में दोषी पाये जाने पर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

शिकायतकर्ता बृजेन्द्र नारायण पांडेय निवासी ग्राम कोप हाल मुकाम बेदीपुर ने मुख्यमंत्री, तहसील दिवस एवं उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र के माध्यम से कूटरचित एवं फर्जी पट्टे की जांच कराने एवं शामिल आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग किया है। शिकायत के मुताबिक ग्राम बेदीपुर में गाटा संख्या 502 मि./ 0.0250 हे0 भूमि परसा-परसरामपुर मुख्य सड़क के किनारे स्थित है और जो सड़क सीमा के अन्तर्गत निहित है। इंडियन रोड़ कांग्रेस द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के मुताबिक सरकारी एजेंसियों द्वारा सड़कों के किनारे सड़क के सेन्टर से 45 मीटर की दूरी छोड़कर ही सरकारी भूमि का आवंटन किया जा सकता है। जबकि निवर्तमान लेखपाल केशरी नंदन तिवारी ने उपरोक्त नियम कानून को दरकिनार करते हुए मनमानी तरीके एवं भूमाफिया उमा प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम दौलतपुर से सुविधा शुल्क लेकर कूटरचित अवैध पट्टे की छायाप्रति देकर वाद-विवाद उत्पन्न कराया गया है। सरकारी अभिलेखों के मुताबिक लेखपाल द्वारा 28 जुलाई 2020 को राजस्व संहिता 2006 धारा 67 क की कार्यवाही की रिपोर्ट दी गयी है। जबकि 4 माह पूर्व 19 मार्च 2020 को ही कूटरचित एवं फर्जी अवैध पट्टा सेटेलमेंट स्वीकृति पत्र की एक छाया प्रति का कागजात दिया गया है और फिर उक्त लेखपाल द्वारा 5 सितंबर 2020 को भूमाफिया उमा प्रसाद मिश्र के विरुद्ध 115 सी की कार्यवाही क्यों कर दी गई है।

### विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर हुई ठगी

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के पिपरा कनक निवासी बृंदा दास शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि देवरिया जनपद के सलेमपुर थाना क्षेत्र के हथूआ उर्फ औरंगाबाद निवासी अली असगर ने प्रदीप शर्मा और उसके लड़के के मित्र मो. अजरुद्दीन सिद्दीकी को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि आरोपी ने दोनों युवकों से वीजा, टिकट और नौकरी की प्रक्रिया के नाम पर कुल लगभग 3.69 लाख रुपये वसूल लिए। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने सितंबर 2025 में दोनों युवकों को दिल्ली से कजाकिस्तान भेजा, लेकिन वहां पहुंचने पर पता चला कि टिकट और वीजा से जुड़े दस्तावेज फर्जी थे। एयरपोर्ट पर कोई कंपनी प्रतिनिधि भी नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने दोनों युवकों को वापस भारत बुलाया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जब रुपये वापस मांगे गए तो आरोपी ने पैसा लौटाने से इंकार कर दिया तथा गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी।

# पीएम के नेतृत्व में हर क्षेत्र में हुआ विकास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सर्किट हाउस में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम के अन्तर्गत कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश की प्रगति तथा विकास के हर क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक एवं सराहनीय कार्यों द्वारा आम जनमानस का जीवन स्तर ऊंचा उठाने हेतु सतत् प्रयास किया गया है।

उन्होने कहा कि सुशासन को समर्पित प्रधानमंत्री के द्वारा 140 करोड़ भारतीयों की निरन्तर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण हो चुके है। इसी के उपलक्ष्य में विश्वास, विकास के जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को संतृप्त किया जा रहा है।

मंत्री ने प्रेस-वार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री के इस स्वर्णिम कार्यकाल में अबतक किए गये जनहित कार्यो से भारत की तस्वीर व तकदीर दोनो बदली है। उन्होने कहा



कि वर्ष 2014 में यह सरकार बनी है। सरकार ने 10 करोड़ करीब परिवारों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन देकर उनके जीवन में खुशहाली लाने का प्रयास किया है।

मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं व शिशुओं की सुरक्षा, नियमित टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव एवं समुचित चिकित्सा हेतु तत्परतापूर्वक कार्य किया है। पीएम कुसुम, पीएम सूर्यघर, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सड़को एवं सम्पर्क मार्गो का विस्तारीकरण, रेलवे, बिजली उत्पादन एवं आपूर्ति, एयरपोर्ट, रक्षा एवं अनुसंधान, एक्सप्रेस-वे, आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीक एआई जैसे अभिनव प्रयोग कर आम जनमानस को सामाजिक, आर्थिक रूप से विकसित करने का सतत् कार्य किया गया है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा विवेकानन्द मिश्रा, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, रवि सोनकर, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, संजय प्रताप जायसवाल, मीडिया प्रभारी अजय पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, एसडीएम सदर हिमांशु कुमार, डीएसटीओ मनोज कुमार श्रीवास्तव, डीपीओ राजेश कुमार, उप निदेशक कृषि, अशोक कुमार, उप निदेशक कृषि एवं रक्षा रामबचन राम तथा जिला कृषि अधिकारी डा बीआर मौर्य सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रेस प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### जनता की समस्याओं का तत्काल हो समाधान : प्रभारी मंत्री

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद बस्ती के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही शनिवार को बस्ती प्रवास पर पहुंचे। उनके आगमन पर पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र तथा सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फुटहिया चौराहे पर भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों से संवाद कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे विशेष जनसंपर्क अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि 50 तथा जिला पदाधिकारी 25 विशिष्ट व्यक्तियों से संपर्क कर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने अभियान को संगठन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस मौके पर अष्टभुजा शुक्ल, प्रेम सागर तिवारी, सुशील सिंह, यशकांत सिंह, पवन कसौधन, जिला उपाध्यक्ष प्रत्यूष विक्रम सिंह, अखंड प्रताप सिंह, दिलीप पाण्डेय, ब्रह्मदेव यादव, शिवानी सिंह, वीरेंद्र गौतम, जिला महामंत्री अमृत कुमार वर्मा, इसके साथ ही मीडिया प्रभारी अजय पाल सिंह, पूर्व विधायक रवि सोनकर, संजय प्रताप जायसवाल, राकेश श्रीवास्तव, अनिल दुबे, जटाशंकर शुक्ल, गिल्लम चौधरी, अरविंद पाल, तारक जायसवाल, गौरव अग्रवाल एवं विद्यामणि सिंह सहित सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हरे पेड़ों पर चली आरी ग्रामीणों में आक्रोश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**पनियरा, महराजगंज।** दक्षिण गोरखपुर वन प्रभाग की बांकी रेंज अंतर्गत ग्राम सभा सतगुर में आम के हरे-भरे फलदार पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि बीती रात लकड़ी तस्करों ने कई वर्षों पुराने आम के पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ी मौके से गायब कर दी। घटनास्थल पर केवल पेड़ों के ठूंठ मिलने से क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी है। मामले की जानकारी मिलने पर बांकी रेंज के नवागत वन क्षेत्राधिकारी हरिकेश नायक ने बताया कि घटना उनके संज्ञान में आई है और इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से वन माफिया सक्रिय हैं। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से तस्करों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध कटान की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार एक ओर पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर फलदार एवं ऑक्सीजन देने वाले पेड़ों की अवैध कटाई खुलेआम हो रही है। इससे क्षेत्र की हरियाली कम होने के साथ पशु-पक्षियों के प्राकृतिक आवास पर भी खतरा मंडरा रहा है। घटना के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध कटान में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा क्षेत्र में वन माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

### डेढ़ साल में जर्जर दिखने लगा डाक बंगला, गुणवत्ता पर उठे सवाल

**महराजगंज।** जनपद के धनेवा-धनेई क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा लगभग 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित निरीक्षण भवन (डाक बंगला) की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व तैयार हुआ यह भवन अब जर्जर अवस्था में पहुंचता दिखाई दे रहा है। भवन के विभिन्न हिस्सों में टूट-फूट और निर्माण संबंधी खामियां सामने आने लगी हैं, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लंबे समय तक उपयोग के उद्देश्य से बनाए गए इस भवन की इतनी कम अवधि में खराब हालत निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। लोगों ने निर्माण में अनियमितताओं की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## जनकल्याण योजनाओं से करोड़ों को मिला लाभ : डॉ. दयाशंकर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, डीबीटी और जीईएम पोर्टल जैसी पहलों से सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ी है तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। वहीं जी-20 की सफल मेजबानी, वैक्सीन मैत्री अभियान और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से भारत की वैश्विक पहचान और मजबूत हुई है।



उन्होंने बताया कि जनपद में 63,921 ग्रामीण और 42,111 शहरी आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। इसके अलावा 20 लाख से अधिक लोगों को मुफ्त राशन तथा 8.56 लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। प्रेस वार्ता से पूर्व जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने प्रभारी मंत्री एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।



# अब विदेशी लोग आकर आपके यहां करेंगे चाकरी : मुख्यमंत्री

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह धरा मां सरयू के आंचल में है। यहां का नौजवान जहां भी गया, अपनी प्रतिभा व परिश्रम का लोहा मनवाया है। एक समय बाढ़ की त्रासदी और कनेक्टिविटी के अभाव में क्षेत्र के लोग पलायन करते थे। आजीविका के लिए लोगों को विदेश जाना पड़ता था, लेकिन अब यहां के नौजवान को बाहर नहीं जाना होगा। उसे यहीं रोजगार के ढेर सारे अवसर मिलेंगे।

**■ मुख्यमंत्री ने 295 करोड़ से अधिक की लागत वाली 319 परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास**

अब आपके द्वारा चुने गए विधायक-सांसद डबल इंजन सरकार की ताकत का इस्तेमाल करते हुए विदेशों के लोगों को चिल्लूपार में काम करने का अवसर देने जा रहे हैं। विदेशी लोग आकर आपके यहां चाकरी करेंगे। मुख्यमंत्री ने गांधी इंटर कॉलेज, महुआपार बड़हलगंज में आयोजित कार्यक्रम में 295 करोड़ से अधिक की लागत वाली 319 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम ने विश्वास जताया कि विकास और विरासत की यात्रा के साथ चिल्लूपारवासी बिना रुके, डिगे, झुके, डरे निरंतर आगे बढ़ेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि हम लोगों ने धुरियापार में बंद पड़ी चीनी मिल की खाली जमीन पर सीएनजी का प्लांट लगवाया। अमेरिका-ईरान के युद्ध के कारण दुनिया में संकट है लेकिन सीएनजी-एथेनॉल के कारण हमारे यहां काम बंद नहीं है। ऊर्जा में आत्मनिर्भर अमेरिका में भी महंगाई चार गुना हो गई है। वहां 100 रुपये की वस्तु 400 रुपये में मिल रही है, लेकिन भारत में महंगाई नियंत्रित है।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत गरीबों का कल्याण, विकास योजना, सुरक्षा का बेहतरीन माहौल देते हुए माफिया को मिट्टी में भी मिलाता है। उन्होंने कहा कि एक समय रामजानकी मार्ग पर आवागमन ठप होता था। उपचार के लिए लखनऊ जाने को मजबूर होना पड़ता था। कनेक्टिविटी, रोडवेज बस व अन्य साधन तक नहीं थे। जैसे-तैसे व्यवस्था चल पाती थी, लेकिन आज कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले कोई सोचता था कि धुरियापार में इंडियन ऑयल का सीएनजी प्लांट लगेगा या सहजनवां का गीडा धुरियापार में आ पाएगा। हम यहां ग्रेटर गीडा बनाने जा रहे हैं। अभी से हजारों करोड़ रुपये के प्रस्ताव आ गए हैं। जिन्हें हमें उद्योग के रूप में स्थापित करना है। इसमें सीमेंट की फैक्ट्री धुरियापार में लगने जा रही है। पावर प्लांट, आधुनिक पेंट व अत्याधुनिक डिस्टलरी (जहां मॉडर्न मेडिसिन, एलोपैथ की दवा) भी बनेगी। यहां भारी पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव आ रहे हैं।

सीएम ने कहा कि विधायक राजेश त्रिपाठी जितना भी प्रस्ताव देंगे, सरकार उसे स्वीकृत करेगी। यहां की पीड़ा को मैंने नजदीक से देखा है। यहां के नौजवानों ने मेरे साथ कार्य किया है। राजेश त्रिपाठी ने यहां होमियोपैथिक कॉलेज स्वीकृत कराया था, उस समय काम बढ़ा, लेकिन सपा सरकार ने आते ही काम रोक दिया। जिन लोगों को उस समय चुनकर भेजा था, उन लोगों ने कान में तेल डालकर इसे अनसुना कर दिया था। 2017 में सरकार आने पर राजेश जी इस काम के लिए रोज मिलते थे। आज इस विधानसभा क्षेत्र में आयुष के डॉक्टर बन रहे हैं।

सीएम ने कहा कि चिल्लूपार ट्रेडिशनल मेडिसिन का नया केंद्र बन रहा है। मैंने जलशक्ति मंत्री से कहा है कि बाढ़ बचाव के लिए जो भी प्रस्ताव आएंगे, उन समस्याओं का समाधान होना चाहिए। सीएम ने सड़क आदि कनेक्टिविटी पर भी जोर दिया। कहा कि कनेक्टिविटी जितना फास्ट होगी, प्रगति उतनी तेज गति से बढ़ेगी। प्रगति होगी तो नौजवान को पलायन नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अपने क्षेत्र में नौकरी व रोजगार मिलेगा, यही देश में डबल इंजन सरकार के कार्यों की पहचान है। सीएम ने कहा कि गीडा यहीं पर आ रहा है, विकास भी होगा, नौजवान को बाहर नहीं जाना होगा। यहां के नागरिकों के लिए रोजगार के ढेर सारे अवसर बढ़ेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि चिल्लूपार अब विकास की प्रक्रिया से जुड़ा है। एक तरफ लखनऊ को जोड़ने के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का लिंक एक्सप्रेसवे तो दूसरी तरफ गोरखपुर-वाराणसी को जोड़ने वाला फोरलेन का एनएच है। इस विधानसभा क्षेत्र से कनेक्टिविटी बहुत अच्छी है। यहां से तीन घंटे में लखनऊ, दो घंटे में वाराणसी, आधे-पौन घंटे में गोरखपुर पहुंच जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने आमजन के हौसले को भी सलाम किया, कहा कि आपके उत्साह को देखते हुए आंधी-तूफान भी थम गया। कल्याण चाहने वालों को डबल इंजन सरकार के साथ चलना होगा। सीएम ने केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान के विभागों के कार्यों का भी जिक्र किया। कहा कि सांसद कमलेश पासवान व विधायक राजेश त्रिपाठी ने मिलकर विकास की प्रक्रिया को तेज किया। विकास की हर योजना चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में आ रही है। यह क्षेत्र अब विकास से वंचित नहीं रहेगा। विकास की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़े, यही यूपी की पहचान है।

सीएम ने कहाकि आप कमल के फूल पर वोट देते हैं तो पीढ़ी दर पीढ़ी तर जाती है। 500 वर्ष पहले जिस अयोध्या धाम में हम सभी अपमानित हुए थे, वहां लगातार आंदोलन चलता रहा। संघर्ष का सिलसिला थमा नहीं, लेकिन जब मोदी जी पीएम बने और यूपी में डबल इंजन सरकार आई तो अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन गया। सीएम ने कटाक्ष किया कि यह काम कांग्रेस या सपा नहीं कर पाती।

सीएम ने कहा कि जो लोग आस्था-महापुरुषों को सम्मान, विकास की योजनाएं, नौजवान को रोजगार, उद्योग-धंधे नहीं ला सकते, बेटी-बहन को सुरक्षा, बाढ़ की समस्या का समाधान और सड़कों का निर्माण नहीं कर सकते तो ऐसे लोगों को नहीं चुनना चाहिए। जब गलत व्यक्ति को चुनते हैं तो अपने ऊपर बोझ व कलंक का ठप्पा लगाते हैं। उत्तर प्रदेश के साथ यही होता था, गलत लोग चुनकर जाते थे तो जनता का पैसा कुछ लोगों के ही विकास में लगता था। नौकरी में सेंध लगती थी। नौजवानों को नौकरी नहीं मिलती थी। पैसे का लेनदेन शुरू हो जाता था। ठेके पट्टे के लिए मारपीट होने लगती थी। जब विधायक ही स्वयं ठेका करेगा तो क्या होगा, यह बताने की आवश्यकता नहीं।

सीएम ने कहा कि पुलिस भर्ती में चिल्लूपार और गोरखपुर के भी लगभग 800 से अधिक नौजवान भर्ती हुए थे। आज सरकारी सेवाओं में गोला, बड़हलगंज, गगहा, बांसगांव, खजनी, सिकरीगंज, चौरीचौरा, पिपरौली, सहजनवा, पाली से भी नौजवानों का चयन होता है। जब मैं सांसद था तो उन नौजवानों की उम्र 12 से 15 साल के आसपास रही होगी। सांसद के रूप में गांव-गांव जाकर परिवार के सदस्यों से संपर्क करता था। 9 वर्ष से पूरे प्रदेश की सेवा में लगने के कारण उतना समय नहीं दे पाता। नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान युवाओं से गांव, परिवार और मां-पिता का नाम पूछता हूं तो उनकी पीठ थपथपाकर चयन की बधाई भी देता हूं। 2017 के पहले यह संभव नहीं था क्योंकि चाचा- भतीजे की जोड़ी आपके हक पर डकैती डालती थी, वसूली होती थी और होनहारों का चयन नहीं होता था।

सीएम ने कटाक्ष किया कि 2017 के पहले युवा नौकरी व रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाता था तो पहचान का संकट होता था। लोग चिल्लूपार, आजमगढ़, मऊ के नाम पर नौकरी नहीं देते थे। किसी उद्योग में काम करने गए तो योग्यता होने पर भी यूपी का नाम सुनकर लोग कहते थे कि वहां का साया न पड़ने पाए। उस समय यहां दंगा, कर्फ्यू, अव्यवस्था, माफियागिरी, अराजकता थी। सीएम ने कहा कि आज लोग यूपी से बाहर जाकर बताएंगे कि गोरखपुर-चिल्लूपार से आए हैं तो सामने वाला 10 कदम आगे आकर गले मिलेगा। यह विकास की यात्रा की नई पहचान है।

सीएम ने कहा कि हम विकास, सुरक्षा, आस्था का सम्मान करेंगे और समृद्धि की नई ऊंचाई की ओर लेकर जाएंगे। हम वहां ऐसे संस्थान खोलेंगे, जहां उद्योग के लिए युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उद्योग में नौकरी भी मिलेगी। हम यहीं ट्रेंड मैनपावर, बेटियों को नौकरी उपलब्ध कराएंगे। बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सीएम ने कहाकि विकास और अर्थव्यवस्था को गति तभी मिलेगी, जब अच्छी सरकारें होंगी और सुरक्षा-सुशासन का माहौल होगा।

सीएम ने कहा कि पुरुषोत्तम मास में सोमवती अमावस्या से पहले मिली सौगात है। विकास का अन्य विकल्प नहीं होगा। जब अच्छे लोग चुनकर गए, तभी अच्छी सरकारें आई और अयोध्या में राम मंदिर बना। रामजानकी मार्ग का निर्माण हो रहा है। काशी विश्वनाथ धाम, गोरखपुर में फर्टिलाइजर व एम्स का निर्माण पूरा हो गया है। चिल्लूपार, बड़हलगंज में मेडिकल कॉलेज, धुरियापार में ग्रेटर गीडा का निर्माण करते हुए तेजी से विकास की गति बढ़ाई गई। अच्छे जनप्रतिनिधि गति को बढ़ाने के लिए प्लेटफॉर्म, अच्छी सड़क, सुविधा और व्यवस्था को तेज करने के लिए मौका देंगे, आगे चलने की तैयारी आपको स्वयं करनी पड़ेगी। अपने नेतृत्व के साथ मिलकर स्पीड को बढ़ाएंगे तो विकास की कोई ताकत रोक नहीं पाएगी।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री व बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, उप्र के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, विधायक श्रीराम चौहान, प्रदीप शुक्ल, महेंद्र पाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, फतेह बहादुर सिंह, सरवन निषाद, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अस्मिता चंद आदि की मौजूदगी रही।



## युवाओं ने किया पौधरोपण

**पिपरौली।** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ शनिवार को पिपरौली ईदगाह परिसर में दर्जनों युवाओं ने पौधरोपण किया। अभियान की अगुवाई युवा समाजसेवी अजीज अहमद ने की।युवाओं ने ईदगाह परिसर और आसपास के क्षेत्र में नीम, पीपल, बरगद, आम और अमरूद के छायादार व फलदार पौधे लगाए। पौधरोपण के बाद सभी ने इन पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर अजीज अहमद ने कहा कि बढ़ते तापमान और प्रदूषण से बचने के लिए पौधे लगाना समय की मांग है। एक-एक पेड़ लगाने से ही धरती हरी-भरी होगी और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा मिलेगी। उन्होंने अन्य युवाओं से भी अपने जन्मदिन, शादी-विवाह जैसे अवसरों पर पौधे लगाने की अपील की। पौधरोपण अभियान में शामिल युवाओं ने लोगों से प्लास्टिक का कम उपयोग करने और पानी बचाने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## जिला महासचिव गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोला।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शनिवार को महुआपार आगमन के दौरान आम आदमी पार्टी द्वारा जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने की तैयारी के बीच प्रशासन ने पार्टी के जिला महासचिव राघवेन्द्र प्रताप यादव को उनके आवास पर शुक्रवार को ही हाउस अरेस्ट कर दिया। इस कार्रवाई को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में नाराजगी व्याप्त है।



प्राप्त विवरण के अनुसार आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस नोट जारी कर बताया था कि मुख्यमंत्री के महुआपार कार्यक्रम के दौरान पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपेगा। इसके लिए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गोला क्षेत्र के लमतिया गांव स्थित जिला महासचिव राघवेन्द्र प्रताप यादव के आवास पर एकत्रित होने वाले थे। पार्टी की ओर से तैयार किए गए ज्ञापन में जर्जर सड़कों की मरम्मत, अघोषित बिजली कटौती, बढ़े हुए बिजली बिल, पेयजल संकट, किसानों की समस्याएं, युवाओं को रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाना था।

इसी बीच प्रशासन ने लमतिया निवासी आप जिला महासचिव राघवेन्द्र प्रताप यादव को गोला पुलिस द्वारा शुक्रवार को ही उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। और शनिवार को अपरान्ह तक उनको मुक्ति नहीं मिली।

## पांच पर मुकदमा दर्ज

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने उसकी 25 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में एक युवक समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 5 जून को दिन में करीब 11 बजे उरुवा थाना क्षेत्र के टड़वा बहले गांव निवासी एक युवक उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि युवक के पिता, माता तथा दो भाइयों ने भी युवती को ले जाने में सहयोग किया। घटना के बाद आरोपी पक्ष अपने घर पर ताला लगाकर कहीं चला गया। पीड़िता की मां ने मामले की शिकायत महिला हेल्पलाइन 1090 पर भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक समेत पांच लोगों के बीएनएस की धारा 87 एवं 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**150 रुपये के विवाद के बाद छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला**

## पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में अशोक कुमार मिश्रा ने अपने 26 वर्षीय पुत्र नितिश मिश्रा की मौत को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे दुर्घटना नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या बताया। उन्होंने प्रशासन और शासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

अशोक कुमार मिश्रा, निवासी एलआईजी 190सी, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस नगर, बिलन्दपुर खन्ता, थाना गोरखनाथ, जनपद गोरखपुर ने बताया कि उनका पुत्र नितिश मिश्रा जनपद मऊ के थाना रानीपुर क्षेत्र स्थित रामाश्रय सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में डी-फार्मा प्रथम वर्ष का नियमित छात्र था और कॉलेज के हॉस्टल में रहता था।

प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि 17 मई 2026 की शाम करीब 5:30 बजे उनका पुत्र स्थानीय काझा बाजार में पिन्टू कुमार की अंडे की दुकान पर गया था। इसी दौरान 150 रुपये के लेन-देन को लेकर पिन्टू कुमार से उसका विवाद हो गया। आरोप है कि पास की शराब दुकान के कर्मचारी अमरेश तिवारी उर्फ बाबा और उसके साथियों ने भी इसमें हस्तक्षेप करते हुए नितिश के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

पीड़ित पिता के अनुसार, इस घटना की जानकारी नितिश ने अपनी छोटी बहन निशि मिश्रा को फोन पर दी और शाम 6.18 बजे उसने 150 रुपये फोनपे के माध्यम से भेज भी दिए। इसके बावजूद मामला शांत नहीं हुआ। करीब 7.40 बजे नितिश ने फिर अपनी बहन को फोन कर बताया कि कुछ लोग, जिनमें स्थानीय पुलिस चौकी से जुड़े लोग भी शामिल हैं, पिन्टू कुमार और अमरेश तिवारी के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं। इसके कुछ देर बाद उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया।

परिजनों ने लगातार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन बंद ही रहा। परिवार ने कॉलेज प्रशासन से भी जानकारी ली, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। अगले दिन 18 मई 2026 को सुबह करीब 10:01 बजे नितिश के मोबाइल से ही एक अज्ञात व्यक्ति ने, खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए, फोन कर जानकारी दी कि उसका मोबाइल और कपड़े काझा स्थित सूर बाबा कुटी के पोखरे के पास मिले हैं। बाद में बताया गया कि नितिश का शव उसी स्थान पर पड़ा है।

पिता जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि उनके पुत्र का शव पोखरे के बाहर पड़ा था और उसके शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान थे। अशोक कुमार मिश्रा ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र की हत्या पिन्टू कुमार, अमरेश तिवारी उर्फ बाबा और उनके सहयोगियों ने मिलकर की है।

## विवाहिता ने की खुदकुशी

**सहजनवां।** नगर पंचायत वार्ड नं-14 में एक विवाहिता ने पंखे की कुंडी में दुपट्टे के सहारे लटकर खुद खुशी कर ली है। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही पुलिस ने मृतका के पिता के तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सहजनवां नगर पंचायत वार्ड नं-14 निवासी ममता गुप्ता (22 वर्ष) पत्नी शुभम गुप्ता ने अपने कमरे में फंखे के कुंडी में लटकर दुपट्टे के सहारे खुद खुशी कर लिया। भोर में 4 बजे मृतका के छह माह का मासूम बच्चा लगातार रो रहा था। परिवार के लोग कई बार आवाज दिया। लेकिन अंदर से कोई आहट नही आया। परिजन ने धक्का देकर दरवाजे को खोला तो देखा कि विवाहिता पखे की कुंडी में दुप्पट्टे के सहारे लटक रही है। जिसे देखकर परिजन ने शोर मचाया। तो पड़ोस के लोग जुट गए। पुलिस को सूचना दी। मृतिका के पिता बिंदु प्रसाद पुत्र चतुरी, निवासी ग्राम मठिया उर्फ अकटहा, थाना कप्तानगंज, जनपद कुशीनगर ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था।

## रातों-रात घर में सेंध लाखों का माल पार!

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बडहलगंज।** बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम टांडा में हुई चोरी की सनसनीखेज वारदात ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित परिवार ने थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, लेकिन घटना के बाद भी चोरों का कोई सुराग न लगने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित हरेश तिवारी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि बीती रात अज्ञात चोर उनके घर में सेंध लगाकर घुस गए और नगदी सहित लाखों रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर में रखे 50 हजार रुपये नकद, दो सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन, चांदी के आभूषण, पायल, बिछिया तथा अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी तथा बक्सों के ताले टूटे मिले। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और लिखित तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था मजबूत होती तो चोरों के हौसले इतने बुलंद नहीं होते। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पुलिस चोरों तक पहुंच पाएगी या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा? पीड़ित परिवार न्याय और चोरी गए सामान की बरामदगी की आस लगाए बैठा है।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** थाना कैंट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट से जुड़े एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त किशोर राठौर पुत्र स्वर्गीय लालू राठौर है, जो मूल रूप से उन्नाव जनपद का निवासी है और वर्तमान में गुजरात में भी रह रहा था। उसके खिलाफ थाना कैंट में मुकदमा संख्या 568/2024 के तहत यूपी गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज था, जिसमें वह वांछित चल रहा था। जांच में सामने आया कि अभियुक्त अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर आम लोगों को निशाना बनाता था और सामूहिक रूप से धोखाधड़ी, जालसाजी व ठगी जैसे अपराध करता था। इन आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी।

## जमीन हड़पने की साजिश में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** थाना राजघाट क्षेत्र में जमीन हड़पने की नीयत से जान से मारने की धमकी देने और हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त सैयद नसीम अब्बास उर्फ अली अब्बास पुत्र शैयद नशीम सुबही निवासी बसन्तपुर कुम्हार गली थाना राजघाट का रहने वाला है। उसके खिलाफ थाना राजघाट में दर्ज मुकदमा संख्या 109/2026 धारा 308(5), 351(3), 324(4), 61(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।

मामले के संबंध में बताया गया कि अभियुक्त ने जमीन विवाद को लेकर वादी पर जानलेवा हमला किया था। साथ ही कोर्ट में गवाही देने से रोकने और दहशत फैलाकर वादी की जमीन हड़पने की साजिश रची गई थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की, जिसके बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी व अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध शराब के बड़े जखीरे के साथ तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर।** थाना चौरी चौरा क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से भारी मात्रा में देशी शराब, बीयर, मोबाइल फोन और एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है। यह कार्रवाई अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान अभियुक्त अनीश कुमार यादव निवासी पिपरौठा थाना बांसगांव, सत्यम कुमार निवासी भिटीरावत थाना सहजनवा और अखिलेश कुमार निवासी शहबाजगंज थाना सहजनवा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान इनके पास से 30 पेटी अवैध देशी शराब (बंटी बबली) बरामद हुई, जिसमें कुल 270 लीटर शराब शामिल है। इसके अलावा एक पेटी किंगफिशर बीयर (12 लीटर), चार मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया।

## डॉ. विकेश व अधिवक्ता श्वेता का मॉरीशस में होगा सम्मान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**पिपरौली।** ब्लॉक के नंदापार गांव के लिए गौरव का पल। गांव के मूल निवासी डॉ. विकेश राम त्रिपाठी और उनकी पत्नी अधिवक्ता श्वेता शुक्ला को इंडिया-मॉरीशस सनातन कल्चर काउंसिल द्वारा मॉरीशस में आयोजित होने वाले दूसरे इंटरनेशनल इंडिया-मॉरीशस सनातन कल्चरल कॉन्फ्रेंस में विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है।

यह अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्मेलन मॉरीशस में 17 से 22 जून 2026 तक आयोजित होगा। डॉ. विकेश राम त्रिपाठी वर्तमान में दिल्ली विवि के विधि संकाय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी श्वेता शुक्ला इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में अधिवक्ता हैं और सनातन संस्कृति व विधि पर लेखन-व्याख्यान के लिए जानी जाती हैं। आयोजकों ने दोनों को



सनातन संस्कृति, भारतीय विधि परंपरा और वैश्विक परिदृश्य में भारत-मॉरीशस सांस्कृतिक संबंधों पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया है। इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों अरुण सिंह, राजीव सिंह, बृजेश राम त्रिपाठी, झिनकान जायसवाल, ओमप्रकाश पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने दंपती को बधाई दी है। ग्रामीणों ने कहा कि नंदापार गांव के बेटा-बहू का अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश और क्षेत्र का नाम रोशन करना हम सभी के लिए गर्व की बात है।



# स्वामी करपात्री जी महराज के पैतृक गांव में कलेक्टर की रात्रि चौपाल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**कलेक्टर अभिषेक पांडेय के द्वारा केन्द्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महराज के पैतृक गांव भटनी ब्लॉक रामपुर संग्रामगढ़ मे 12 जून दिन शुक्रवार की रात रात्रि चौपाल लगाई गई।रात्रि चौपाल के पहले डीएम ने आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य विभाग के स्टालों का निरीक्षण किया।उसके बाद ग्रामीणों की शिकायतों को सुना और निस्तारण के आदेश दिए।इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी।लकुरी ग्राम के प्राथमिक विद्यालय पूरे वाचन से दो बच्चों के नवोदय विद्यालय मे चयन होने से प्रभावित होकर उक्त स्कूल को आदर्श स्कूल बनाए जाने का निर्देश दिया।भटनी ग्राम मे समुदायिक शौचालय मे ताला लगा रहने कि शिकायत पर उन्होंने सचिव व ग्राम प्रधान को केयर टेकर के उपस्थित रहने और यदि उपस्थित नहीं रहने पर दूसरे स्वयं सहायता समूह के चयन का निर्देश दिया।डीएम करीब रात 11.30 बजे तक जनसुनवाई उपरांत गांव का भ्रमण किया।इस दौरान उन्होंने धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महराज के पैतृक स्थल पर जाकर दर्शन पूजन किया।उसके बाद उसी प्राथमिक विद्यालय भटनी बिछाई गई चारपाई पर रात्रि विश्राम किया।रात्री चौपाल मे सीडीओ डॉ राम मोहन मीणा,एसडीएम लालगंज शैलेन्द्र वर्मा,जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार प्रजापति,बीडीओ विजय शंकर मणि,सीएचसी संग्रामगढ़ अधीक्षक डॉ मनोज सिंह,एडीओ पंचायत सुभाष सिंह समेत समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी व राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## प्रभारी मंत्री ने देवली गौशाला का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**केन्द्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण व मातृ एवं शिशु कल्याण मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित प्रेस वार्ता मे केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे विस्तार पूर्वक गिनाया गया।उसके बाद मंत्री जी का काफिला जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व सीडीओ डॉ राम मोहन मीणा समेत सदर विधायक राजेंद्र मौर्य भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव रामपुर खास के पूर्व प्रत्याशी नागेश प्रताप सिंह आदि के द्वारा ब्लॉक लक्ष्मणपुर अंतर्गत अस्थाई गौशाला देवली का निरीक्षण किया गया।उन्होंने भर-भर के भूंजा चना दाल गुड़ खिलाया और माला पहनाकर आशीर्वाद लिया।

# व्यवसाई का शव घर पहुंचने पर परिजनों मे आक्रोश



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**शनिवार को व्यवसाई मन्ने लाल साहू का शव घर पहुंचने पर परिजनों मे कोहराम मच गया,वहीं दूसरी तरफ परिजनों का गुस्सा भी फूटा,सुरक्षा समेत अज्ञात बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग किया। पुलिस के समझाने व आश्वासन पर परिजन शव अंतिम संस्कार करने के लिए करेंटी राजघाट लेकर चले गए और शव का अंतिम संस्कार कर दिया।कोतवाली कुंडा के विदासिन गांव के व्यवसाई मन्ने लाल साहू 55 पुत्र विश्वनाथ साहू फुटकर गल्ले का खरीद-फरोख्त का कार्य करते थे,वह गुरुवार को बाबूगंज बाजार जाने की बात कहकर घर से साईकिल से निकले थे लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं आने पर परिजन खोजबीन करने लगे,कोई सुराग नहीं लगने पर शुक्रवार की सुबह थाने मे सूचना दिया।कुछ घंटे के बाद नहर किनारे वीरान जगह पर रक्त रंजीत हालत मे व्यवसाई की लाश मिलने से परिजनों मे कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया था और जांच पड़ताल कर रही है।

## खबर एक नजर

### सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत 9 घायल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**कुंडा कोतवाली के बलवान निवासी अरुण कुमार मिश्रा का 5 वर्षीय पुत्र अशी मिश्रा वाहन की टक्कर से घायल हो गया।संग्रामगढ़ थाना के बकोल निवासिनी रूमा गुप्ता 32 पत्नी राजेश गुप्ता बाइक से जाते समय सड़क पर गिर जाने से घायल हो गई। कुंडा नगर के अनखोरिया निवासी चंद्रेश कुमार पटेल 22 पुत्र सुंदर लाल पटेल नशे की हालत में बाइक से जाते समय सड़क पर फिसलकर गिर जाने से घायल हो गया। तिलौरी मोहल्ला निवासी विजय कुमार का 6 वर्षीय बेटा गोलू सड़क पर चार पहिया वाहन के ठोकर से घायल हो गया। तिलौरी मोहल्ले का निवासी कैलाश नाथ मिश्रा 74 पुत्र सुखदेव प्रसाद मिश्रा सड़क पर पैदल जाते समय बाइक की टक्कर से घायल हो गए।नगर के फरेदूपुर मोहल्ला निवासी गोलू सरोज 20 पुत्र मोहन लाल सरोज बाइक से जाते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।सभी घायलों को इलाज के लिए कुंडा में भर्ती कराया।अशी मिश्रा को प्रयागराज रेफर कर दिया।

### एसपी से मंदबुद्धि युवक के अपहरण की शिकायत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**उदयपुर थाना के पूरे लोका निवासिनी हेमलता ओझा पत्नी अनिल ओझा ने एसपी को दिए शिकायती पत्र मे कहा है कि उसका बेटा आदर्श ओझा मंदबुद्धि का है,जिसे पूरे ओझा के दो युवक और अठेहा का एक युवक अपहरण करके मुस्लिम युवती से शादी करवाने की साजिश रच रहे है। आदर्श ओझा पर उक्त युवकों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है कि उक्त युवती को लेकर भाग जाओ ऐसा नहीं करने पर मर्डर करने की धमकी देते है।मंदबुद्धि युवक पांच दिनों से लापता है।पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। पीड़िता अनहोनी की आशंका मे व्याकुल हो रही है।इस सम्बन्ध मे एसओ के द्वारा दूरभाष पर बताया गया कि लड़का और लड़की एक दूसरे को चार से पांच सालों से जानते है और संपर्क में थे,चार माह दोनों साथ बाहर भी रहे है।दोनो बालिग है।जब जानकारी किया गया कि इस समय लड़का कहां है,तो उन्होंने बताया कि लड़की के साथ होगा। दूसरी तरफ लड़के की मां अभी भी मंदबुद्धि युवक के लापता और अपहरण की बात कर रही है।

### ई-रिक्शा पलटने से विकलांग चालक दंपति घायल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।कुंडा** कोतवाली के मझिलगांव निवासी राधेश्याम गुप्ता 40 पुत्र रामऔतार गुप्ता,पत्नी विमला देवी दोनों शारीरिक रूप से विकलांग है।दोनों एक साथ मोपेड रिक्शा से आते-जाते है।शनिवार को दोनों अपनी मोपेड रिक्शा से एक साथ बैठकर गांव से राष्ट्रीय राजमार्ग से कुंडा जा रहे थे।इसी दौरान रास्ते में अचानक सामने आए वाहन से बचने के प्रयास में सड़क के किनारे गड्ढे में रिक्शा पलट गया।दंपत्ति गंभीर घायल हो गए।इलाज के लिए दोनों को सीएचसी कुंडा में भर्ती कराया।गंभीर हालत में दोनों को प्रयागराज रेफर कर दिया।

### विवाहिता को फोन करके परेशान कर रहा युवक

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।**जेठवारा थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने थाने पर शिकायत किया है कि उसका पति रोजी-रोटी के चक्कर में बाहर रहता है,और वह अपनी एक छोटी बेटी के साथ अकेली घर पर रहती है। आरोप है कि रानीगंज थाना के सिपा महेरी गांव का एक लड़का आए दिन उसके फोन पर अश्लील बाते कर उसे परेशान कर रहा है।और उससे शादी करने का दबाव बना रहा है।मना करने पर उसने उसकी फोटो को गलत तरीके से एडिट कर फेस बुक पर वायरल कर दिया,जिससे नाराज उसके ससुराल व मायके वाले घर से भगा रहे है।उक्त युवक की इस हरकत से परेशान महिला ने अपनी छोटी बच्ची को साथ लेकर न्याय के लिए थाने का चक्कर काट रही है।पुलिस का कहना है कि जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### ननिहाल आई किशोरी की करंट से मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**कपड़ा फैलाते समय करंट की चपेट मे आने से ननिहाल आई छात्रा की मौत हो गई। हथिगवां थाना के चैन का पुरवा मजरा जहानाबाद निवासी महेंद्र कुमार सरोज की बेटी राधिका 14 वर्ष कक्षा 8 की छात्रा थी।गर्मी में स्कूल बंद होने के कारण राधिका अपने ननिहाल कुंडा कोतवाली के बरई बदलावन का पुरवा मामा अमरनाथ सरोज के घर गई।शनिवार की अपराह्न घर के पास विद्युत पोल के स्टड वायर में बांधे तार पर गिला कपड़ा फैलाने लगीं।उसे क्या पता था,कि जिस तार पर कपड़ा फैला रही है,उसमें बिजली का करंट दौड़ रहा है।कपड़ा फैलाते ही वह करंट की चपेट में आ गई,जब तक परिजन समझ पाते,तब तक उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे।तत्काल उसे इलाज के लिए सीएचसी कुंडा लाया गया,जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।जानकारी पर मृत किशोरी के परिजन अस्पताल पहुंचे,बेटी का शव देखते रोने पीटने चिल्लाने से कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**स्थानीय कोतवाली के पूरे गुलाम चिश्ती निवासी गुड्डू सरोज 30 पुत्र अमरपाल सरोज पारिवारिक कलह से तंग आकर आत्महत्या करने के लिए कीटनाशक जहरीला पदार्थ खा लिया।जानकारी पर परिजनों में हड़कंप मच गया।

# डीएम एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न



**बलरामपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली उतरौला में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन एवं फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना स्तर पर प्राप्त प्रार्थना-पत्रों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान भूमि संबंधी विवादों एवं कानून-व्यवस्था से जुडे संवेदनशील मामलों की विशेष समीक्षा की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करे तथा तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे, जिससे विवादों का स्थायी एवं प्रभावी समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु स्थानीय स्तर पर प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ करें। इस अवसर पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चहलारी नरेश वीर बलभद्र सिंह के शौर्य दिवस पर जन सत्याग्रह का संकल्प

स्वतंत्र भारत बहराइच, । स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी चहलारी नरेश वीर बलभद्र सिंह जी के 168वें शौर्य दिवस के अवसर पर आज चहलारी घाट पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेता विनय सिंह की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'आओ महान बलिदानी से प्रेरणा लें' था। ?कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से शहीद बलभद्र सिंह जी को सैल्यूट (सलामी) दिया। इसके बाद सभी ने अपनी हथेलियों पर चहलारी घाट की पवित्र मिट्टी और जल लेकर संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने मांग की कि उक्त स्थल पर चहलारी नरेश बलभद्र सिंह जी के नाम से रेलवे स्टेशन बनाया जाए, और बहराइच से विसवां होते हुए मुख्य रेल मार्ग को सीतापुर तथा उनके शहीद स्मृति स्थल ओबरी (बाराबंकी) तक विस्तारित किया जाए। इस मांग को पूरा कराने के लिए एक व्यापक जन सत्याग्रह चलाने का संकल्प भी लिया गया। ?इस अवसर पर कांग्रेस नेता विनय सिंह ने बताया कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अवध के सेनापति चहलारी नरेश बलभद्र सिंह जी ने आज ही के दिन, 13 जून 1858 को अंग्रेजी हुकूमत से आर-पार का संघर्ष करते हुए वीरगति प्राप्त की थी। उन्होंने कहा, 'उनके शौर्य और पराक्रम का जितना भी गुणगान किया जाए, वह कम है। इतिहास गवाह है कि सर कटने के बाद भी वे कई घंटों तक अंग्रेजों से युद्ध करते रहे। वीरगति के समय राजा बलभद्र की उम्र मात्र 18 वर्ष और 3 दिन थी।' ?विनय सिंह ने आगे कहा कि वीर शिरोमणि बलभद्र सिंह समस्त देशवासियों, विशेष रूप से नवयुवकों के लिए हमेशा एक चिरंजीवी आदर्श रहेंगे। वे अपने लिए नहीं बल्कि देश की स्वतंत्रता के लिए जूझने वाले निष्काम कर्मयोगी थे। अवध की धरती के इस लाडले लाल का स्थान भारतीय वीरों के इतिहास में 'अभिमन्यु' की भांति सदा गौरवशाली, अजर और अमर रहेगा। ?कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेत्री मालती पासवान ने कहा कि आज हमें शहीद बलभद्र सिंह जी की वीरता और पराक्रम से प्रेरणा लेकर देश और समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। ?इस दौरान पंडित राम भजन त्रिवेदी, रवीन्द्र स्वरूप, डिप्टी यादव, विमला देवी, गुड्डी देवी, सतीश राजभर, पवन कुमार, मुकेश कुमार, वेनी प्रसाद, महेश यादव और धर्मेन्द्र कुमार रावत सहित कई प्रमुख लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए और शहीद बलभद्र सिंह जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक विष्णु यादव ने किया।

# धूमधाम से निकाला गया जुलूस

**उतरौला/बलरामपुर।** आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के मोहल्ला रफी नगर में स्थित हजरत बाबा झण्डे शाह का उर्स हर साल की तरह इस साल भी बडे ही धूमधाम से गागर एवं चादर का जुलूस बडे ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाला गया। जुलूस फरीदुद्दीन के घर से प्रारम्भ होकर कसाई बाडा होते हुए शाहजहानी रहमतुल्ला अलैह के आस्ताने पर पहुंचकर चादर पोशी कर, नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए बाबा झण्डे शाह की दरगाह पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जुलूस भारी संख्या में अकीदत मंदों ने शामिल होकर बाबा झण्डे शाह के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। पूरे मार्ग में लोगों ने अदब और अकीदत के साथ जुलूस का स्वागत किया, तथा अमन,भाई चारे और खुशहाली की दुआएं मांगीं। आयोजन की व्यवस्था एवं देख रेख फरीदुद्दीन तथा उनके सहयोगियों के द्वारा की गई। आयोजकों ने बताया, कि वर्षों से चली आ रही इस परम्परागत को अकीदतमंदों ने पूरे विश्वास, श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाते हुए चले आ रहे हैं। उर्स के अवसर पर शुक्रवार को दरगाह परिसर में तकरीर एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के जनपदों से भी बडी संख्या में लोग शामिल हुए।

### जमीन पर जबरन कब्जा करवाने का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**लालगंज कोतवाली के मोठिन मजरा पूरे पीतांबर मे जबरन कब्जा करने के लिए जेसीबी से वादिनी का मकान गिराने के प्रकरण मे दर्ज मुकदमा से संबंधित 10 हजार ईनाम घोषित आरोपी सुरेश चंद्र धुरिया पुत्र बारूनी निवासी पूरे पीतांबर का पुरवा को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।**जेठवारा थाना के मनेहू गांव निवासी राजेंद्र गुप्ता 40 पुत्र बेनी लाल गुप्ता शनिवार की दोपहर प्रतापगढ़ से घर वापस आ रहा था।मान्धाता थाना के हरखपुर के पास अज्ञात कार ने टक्कर मार दिया,जिससे वह गम्भीर घायल हो गया।राहगीरों की मदद से नजदीकी प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया गया,जहां उसकी मृत्यु हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।राजेंद्र गुप्ता की आकस्मिक मौत से उसके चार मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। कुछ वर्ष पूर्व बच्चों की मां भी स्वर्गवासी हो चुकी थी।पत्नी के जाने के बाद राजेंद्र गुप्ता ही अपने चारों बच्चों अतुल,सूरज, सौरभ,सुमित का सहारा था।बच्चों की शिक्षा व भरण पोषण हेतु गांव मे रहकर चाट फुल्की की दुकान लगाता था।मासूम बच्चों को रोता बिलखता देख लोगों की आंखें भर आई।

### हत्या के प्रयास में दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद आसपुर देवसरा प्रतापगढ़।**आसपुर देवसरा थाना के मझिगवां मे 28 अप्रैल को पुस्तैनी आबादी की विवादित भूमि में भूसा रखने के विवाद मे हत्या के प्रयास मे आरोपी रामलाल 50 पुत्र रामखेलावन व उसके पुत्र आशीष कुमार को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-लखनऊ।**
पता:- ए ब्लाक सर्वोदयनगर, इन्दिरानगर लखनऊ.।

पत्रांक-736 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा पत्रावली / पत्रा0 सं0-01 / अनु0ग्रा0 / 2026-27 / दिनांक 08.06.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

[illegible]

| क्रमांक | जनपद का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटी (धरोहर राशि) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | लखनऊ | विधायक निधि | [illegible] | 11.52 | 0.58 | 860 | 03 माह |
| 2. | लखनऊ | विधायक निधि | [illegible] | 14.00 | 0.70 | 860 | 03 माह |
| 3. | लखनऊ | विधायक निधि | [illegible] | 15.15 | 0.76 | 950 | 03 माह |
| 4. | लखनऊ | विधायक निधि | [illegible] | 15.50 | 0.78 | 950 | 03 माह |
| 5. | लखनऊ | विधायक निधि | [illegible] | 17.80 | 0.89 | 950 | 03 माह |

2. [illegible] 15-06-2026 [illegible]
3. [illegible] 15-06-2026 [illegible]
4. [illegible] 15-06-2026 [illegible]
5. [illegible] 06-07-2026 [illegible]
6. [illegible] 07-07-2026 [illegible]
7. [illegible]
8. [illegible] https://etender.up.nic.in [illegible]
9. [illegible]

[illegible] https://etender.up.nic.in [illegible]

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-लखनऊ।
मो0 7376286606

उ0प्र0 252480 दिनांक- 12.06.2026
Website: www.upgov.nic.in



**कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, अमेठी**

**अल्प कालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद अमेठी के राजकीय कृषि प्रक्षेत्र त्रिसुण्डी पर वर्ष 2024-25 में उत्पादित बीजों से सम्बंधित बीज छानस का निस्तारण नीलामी के माध्यम से खुली बोली के आधार पर किया जाना है, जिसमें गेंहू छानस मात्रा-20.45 कुन्तल, धान छानस मात्रा-32.55 कुन्तल है।

नीलामी की कार्यवाही दिनांक 22.06.2026 को मध्यान्ह 02.00 बजे से राजकीय कृषि प्रक्षेत्र त्रिसुण्डी के कार्यालय में सम्पादित की जायेगी। कार्यवाही से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 21.06.2026 को अपरान्ह 04 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं।

(डा0 राजेश कुमार)
जिला कृषि अधिकारी
अमेठी।

उ0प्र0 252423 दिनांक- 11.06.2026
Website: www.upgov.nic.in



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच**

पत्रांक : 1983 / 1ए-11 दिनांक : 08.06.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना प्रकाशन**

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में **ए, बी, सी व डी श्रेणी (मार्ग कार्य)** के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा **प्रतिशत दरों** के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिड डाक्यूमेंट) (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क + प्रोसेसिंग शुल्क + जी0एस0टी0 (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधानसभा-मटेरा। | | | | | | |
| 1 | बहराइच | जनपद बहराइच में क्रिटिकल गैप योजना के अन्तर्गत रामगांव-चोखिया सम्पर्क मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य। | 12.39 | 1.24 | 945.00 | 02 माह |

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि :- दिनांक 15-06-2026 से पूर्व।
3. अनुरक्षण की अवधि कार्य पूर्ण होने की तिथि से 02 वर्ष होगी।
4. दोष दायित्व अवधि 02 वर्ष है, जिसकी गणना कार्य पूर्णता तिथि से की जायेगी।
5. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आनलाइन दिनांक 16-06-2026 से 23-06-2026 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 23-06-2026 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेक्निकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 23-06-2026 अपरान्ह 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) तकनीकी निविदा खोलने की 03 कार्य दिवस बाद वित्तीय निविदा खोली जायेगी। त्रुटिपूर्ण/Non Qualitative अनावश्यक शिकायत पाये जाने पर निविदादाता के विरूद्ध ब्लैकलिस्टिंग की कार्यवाही की जायेगी।

सहायक अभियन्ता,
प्रा0ख0, लो0नि0वि0, बहराइच

अधिशासी अभियन्ता,
प्रा0ख0, लो0नि0वि0, बहराइच

उ0प्र0 252432 दिनांक- 11.06.2026 Website: www.upgov.nic.in

# प्रयागराज मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राजकीय इंटर कॉलेज लेक्चरर भर्ती परीक्षा के परीक्षार्थियों हेतु विशेष व्यवस्थाएँ

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) द्वारा दिनांक 14 जून, 2026 को आयोजित GIC (राजकीय इंटर कॉलेज) लेक्चरर भर्ती परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज मंडल द्वारा व्यापक एवं विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं । परीक्षार्थियों एवं अन्य यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यकता पड़ने पर एग्जाम स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी किया जाएगा।

प्रयागराज मंडल द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल एवं अलीगढ़ जंक्शन पर अतिरिक्त रेक उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल विशेष ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतरिक्त आवश्यकतानुसार ट्रनों का रीशिड्यूल, एक्सटेंशन भी किया जायेगा।

प्रयागराज मंडल रेल प्रशासन द्वारा परीक्षा अवधि के दौरान प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन, टिकट व्यवस्था, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं हेतु विशेष कार्ययोजना लागू की गई है। मंडल प्रशासन द्वारा प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी, सुबेदारगंज, फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, इटावा, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद एवं मिजार्पुर सहित प्रमुख स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षार्थियों के सुगम आवागमन एवं सहायता हेतु स्टेशन परिसरों की गतिविधियों की सतत निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाएगी।




स्टेशनों पर टिकट काउंटरों पर पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती, पूछताछ काउंटरों की समुचित व्यवस्था, उद्घोषणा प्रणाली को सक्रिय रखने, हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई गई है । साथ ही प्लेटफार्मों पर परीक्षार्थियों को सही दिशा-निर्देशन एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए रेलवे कर्मचारियों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रयागराज मंडल सभी परीक्षार्थियों से अपील करता है कि वे समय से स्टेशन पहुँचें, वैध टिकट लेकर यात्रा करें तथा रेलवे प्रशासन द्वारा जारी निदेशों का पालन करें। रेलवे प्रशासन का प्रयास है कि सभी परीक्षार्थियों को समयबद्ध, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## तूफान की चपेट में आने से साइकिल सवार किसान की मौत

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र के डूड़ीबाग गांव के सामने एक किसान थरवई बाजार से धान का बीज खरीद कर घर जा रहा था तेज तूफान आने से रोड पर साइकिल से गिर गया जहां उसकी तत्काल मौत हो गई। कटियाही निवासी गोरे लाल भारतीय पुत्र रामलाल उम्र करीब पचास साल शनिवार दोपहर में घर से साइकिल से थरवई बाजार नर्सरी डालने के लिये धान का बीज खरीदने आए थे बीज खरीद कर साइकिल से घर जा रहे थे जैसे ही डूड़ी बाग पहुंचे थे की तेज आंधी तूफान आ गया और साइकिल लहरा कर सड़क पर गिर गए गिरने से सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दिए मौके पर पुलिस पहुंचकर जेब तलाशी लिया तो गोरेलाल की पहचान होने पर पुलिस परिजन को घटना की जानकारी दिए तो घर में कोहराम मच गया परिजन भाग का घटनास्थल पर आए पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस दे दिया। गोरेलाल छः भाइयों में चौथे नंबर पर हैं एक भाई टीचर है एक भाई पुलिस विभाग से रिटायर हुए है। गोरेलाल के चार बेटा है लौकेश राहुल रोहित अभिषेक जिसमें दो बेटे की शादी हो चुकी है पत्नी गीता देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।



## माननीयों की उपेक्षा के कारण आज विकास से कोसों दूर विधानसभा कोरांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**स्वतंत्र भारत कोरांव।** कोरांव विधानसभा जो पिछले पांच बार यानी पच्चीस साल से सुरक्षित रहीं इतना नहीं इससे पूर्व मेजा विधानसभा में ही कोरांव भी समायोजित रही। वहां पर भी सुरक्षित सीट हीं रही फिर कोरांव विधानसभा को मेजा से अलग करते हुए परिसिमन के दौरान मेजा विधानसभा को जहां सामान्य सीट तो वहीं दूसरी ओर कोरांव विधानसभा को सुरक्षित कर दिया गया। किन्तु ऐसा नहीं कि सत्ता में रहते हुए कोरांव से माननीयो की भागेदारी नहीं रही। जहां बसपा की सरकार में विधायक राजबली जैशल जी ने पांच साल बिताए। वहीं भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार में दूसरी पारी समाप्ति की कगार पर पहुंच रहे वर्तमान विधायक राजमणि कोल जी भी सत्ता में रहते हुए भी गरीबों के लिए रोजगार मुहैया कराने के लिए अभी तक कुछ भी नहीं कर पाए। पूर्व में मेजा पहाड़ी पर बना कताई मिल क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार का केंद्र रहा,वह भी बन्द पड़ी है ऐसा लगा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गरीब मजदूर नौजवानो के लिए रोजगार के अवसर मिलेंगे, लेकिन डबल इंजन सरकार होने के वावजूद भी दिवास्वप्न ही साबित हुआ।

**जनपद बनाए जाने की मांग :** यहीं नहीं सरकार में रहते हुए जनपद प्रयागराज से कोरांव की सीमा जो मध्य प्रदेश के अतीम गांव की दूरी 130 से 150 किमी होने के वावजूद भी जमुना पार में अलग जनपद बनाए जाने पर नहीं सांसद व विधायक द्वारा कोई पहल की गई। इतना ही नहीं 15 लाख से अधिक आबादी होने के वावजूद भी अभी तक कोई स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकीं। जहां 200 बेड के अस्पताल व सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल की अत्यंत जरूरी आवश्यकत्ता होने के वावजूद भी महज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 15 बेड के अस्पताल के भरोसे चल रहा है। जिसमें नहीं विशेषज्ञ डाक्टर और नहीं समुचित व्यवस्था है, जिसके कारण एक्सीडेंटल केश को प्रयागराज के लिए रेफर किया जाता है, दूरी ज्यादा होने के चलते लोग अस्पताल से पहले ही यमराज के यहां दस्तक दे देते हैं।ऐसा नहीं कि माननीयों द्वारा कोई विकास कार्य नहीं नहीं किया गया, सड़क, नाली, बिजली, हैण्ड पम्प व प्राइवेट स्कूलों पर मेहरबानी से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। कोरांव तहसील में दीवानी न्यायालय की स्थापना के लिए हाई कोर्ट द्वारा आदेश पारित होने व जमीन चिन्हित किए जाने तथा धनराशि आवंटित होने के वावजूद भी अभी तक अधर में ही लटका हुआ है। जिसमें माननीय सांसद व विधायक द्वारा पहल करने की जरूरत है। इतना ही नहीं शिक्षा से आधी आबादी वंचित न रह जाए जिसको लेकर संसद में आएं दिन बहस होती रहती है, किन्तु कोरांव में उनके उच्च शिक्षा के लिए महिला डिग्री कालेज की स्थापना के लिए भी माननीयों को संसद व विधानसभाओं में आवाज बुलंद करने की आवश्यकता है।

## आखिर कब सुधरेंगी कोरांव की स्वास्थ्य व्यवस्था पन्द्रह से बीस लाख की आबादी वाले अस्पताल में बीस डाक्टर भी नहीं

### आखिर माननीयों की कब तय होगी जिम्मेदारी, क्या यहीं विकास स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा सब में फेल

**कोरांव।** प्रयागराज की कोरांव तहसील जों जनपद से 60 किमी की दूरी पर स्थित है, तों दूसरी ओर मध्य प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है। जहां नहीं रोजगार के साधन है नहीं विकास। यहां पर लोग जहां कृषि पर आधारित है तों अधिकांश सुबह कमाए व शाम को पेट भरने तक ही सीमित होकर रह गए हैं। ऐसा नहीं माननीयों ने विकास नहीं किया सभी ने अपने परिजनों के नाम पर डिग्री कालेज खोलकर शिक्षा को ब्यवसाय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शिक्षा के नाम पर कोरांव तहसील में एक भी सरकारी महिला डिग्री कालेज तो छोड़िए पुरुष डिग्री कालेज तों दिवा सवप्न देखनें से कम नहीं है। रहीं बात स्वास्थ्य की तों यहां का एकलौता सामुदायिक स्वास्थ्य खुद विमारी का शिकार है, जहां न तों आवश्यक डाक्टर है और नहीं सुविधाएं। जों गिनें चुनें डाक्टर है भी वह भी सरकारी दवाओं के होने के वावजूद भी प्राइवेट नर्सिंग होमो से हीं दवाएं लिखीं जाती है। जिसकी शिकायत कयी बार हुई किन्तु किसी पर इसका असर नहीं पड़ता था। अचानक नवागन्तुक उपजिलाधिकारी संदीप कुमार तिवारी ने जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आम आदमी बनकर पहुंचे तो वहां की स्थिति को देखकर हैरान रह गए और रिपोर्ट भी मुख्य चिकित्साधिकारी को भेज दिया। किन्तु मुख्य चिकित्साधिकारी भी मौन स्वीकृति प्रदान करतें हुए कार्यवाही की जगह खामोशी की चादर ओढ़ बैठें, धन्य हो स्वास्थ्य विभाग। वर्तमान समय में सामुदायिक केंद्र में हड्डी रोग, बाल रोग, एवं नाक कान रोग, तथा एक स्पेशलिस्ट की तत्काल जरूरत है जो एक्सीडेंट में घायल मरीजों को स्वरूप रानी ने भेजा कर यही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही समुचित इलाज कर सकें। जिससे मरीजों की जान वक्त रहते बचाई जा सके।

## दवाइंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रयागराज में बड़े विस्तार की घोषणा की

### उत्तर प्रदेश में जेनेरिक दवाओं को सस्ती और सुलभ बनाएगी दवाइंडिया

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आज दवा इंडिया द्वारा एक समिट का आयोजन किया गया, जिसमें प्रयागराज के सभी छोटे एवं बड़े दवा व्यवसायियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं जेनरिक दवाइयों के प्रति अपनी समस्याएं एवं उनकी उपलब्धता के बारे में चर्चा की इसी के साथ जोटा हेल्थकेयर लिमिटेड के तहत हेल्थकेयर उद्योग में अग्रणी दवाइंडिया, प्रयागराज में एक महत्वपूर्ण विस्तार अभियान की भी घोषणा की साथ ही प्रयागराज के मिलेनियम इन में एक विशेष समारोह में दवाइंडिया ने अपनी महत्वाकांक्षी विकास रणनीति का अनावरण भी किया। इस कार्यकम का मुख्य उद्देश्य प्रयागराज एवं उत्तर प्रदेश में स्थानीय स्तर पर जेनेरिक दवाओं के विस्तार को बढ़ाना और कम्पनी के सकारात्मक प्रभाव को उजागर करना था। उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं को सस्ती और सुलभ बनाने के अपने मिशन के हिस्से के रूप में, दवाइंडिया का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026 के अंत तक उत्तर प्रदेश के प्रमुख जिला मुख्यालयों में ज्यादा से ज्यादा आउटलेट स्थापित करना है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 250$ सहित पूरे देश में 1,200 से अधिक आउटलेट संचालित करते हुए, जेनेरिक दवाइयों की पहुँच जनता तक बेहतर बनाने के अपने सशक्त प्रयास जारी रखता है। जोटा हेल्थकेयर लिमिटेड के ग्रुप सीईओ डॉ. सुजीत पॉल ने कहा, हमारा मिशन हमेशा से हर भारतीय के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और किफायती बनाना रहा है। प्रयागराज एवं उत्तरी भारत, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में यह विस्तार हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारा मानना है कि स्वास्थ्य सेवा एक मौलिक अधिकार है, हम उत्तरी भारत के लोगों के लिए समर्पण और सेवा का वही स्तर लाने के लिए रोमांचित हैं जिसके लिए दवाइंडिया पूरे देश में जाना जाता है। यह विस्तार, उत्तरी भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के दवाइंडिय के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किफायती स्वास्थ्य सेवा समाधान बड़ी आबादी तक पहुँचें। इस पहल में उत्तर प्रदेश के लिए विशेष कार्यक्रम शामिल होंगे, जैसे कि #Change अभियान, जो वंचित समूहों को मुफ्त सैनिटरी पैड प्रदान करके और जागरूकता सत्र आयोजित करके मासिक धर्म स्वच्छता और महिलाओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा देना। इसके अतिरिक्त, #Comeoutandvote अभियान नागरिकों को उनके वोट के अधिकार का प्रयोग करने की याद दिलाकर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। दवाइंडियं का #Careforall अभियान भी इसके समावेशी दृष्टिकोण को दशार्ता है, जो जानवरों की देखभाल करता है और समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है।




## स्वतंत्र भारत अखबार की खबर का असर : दबंग लेखपाल सुनील द्विवेदी व कमल सिंह किये गये निलम्बित

### न्याय मांगने गए फरियादी को मिली थी'जूते मारने' की धमकी, कैमरे में कैद हुई थी लेखपालों की बदतमीजी

**स्वतंत्र भारत सिराथू कौशाम्बी।** जनपद के सिराथू तहसील परिसर में लेखपालों की गुंडागर्दी का स्वतंत्र भारत अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का व वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए उप जिला अधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ द्वारा दोनों लेखपालों सुनील कुमार द्विवेदी व कमल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है दोनों लेखपालों को तहसील परिसर में ही सम्बद्ध किया गया है।तहसील में फरियादियों की सुनवाई जूतों और भद्दी गालियों से होगी क्या रिश्वत न देना ही इस गरीब का सबसे बड़ा गुनाह बन गया? यह दर्दभरी चीख सिराथू तहसील आये एक बेबस किसान रामभवन सरोज की थी जो व्यवस्था के नुमाइंदों के आगे न्याय की भीख मांगता रहा था लेकिन बदले में उसे मिली ज़िल्लत, गालियां और जूता से मारने की धमकी।

लोकसेवकों की दबंगई का एक ऐसा शर्मनाक वीडियो सोशल मीडिया व समाचार पत्रों पर वायरल हुआ। जिसने प्रशासनिक महकमे को भी हिलाकर रख दिया। जिसमें संज्ञान लेते हुए उप जिला अधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ द्वारा निलम्बन की कार्रवाई की गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित किसान राम भवन अपनी घरौनी बनवाने के लिए सिराथू तहसील के चक्कर काट रहा था। पीड़ित का आरोप था कि तहसील में तैनात चर्चित लेखपाल कमल सिंह ने काम के एवज में ?5,000 की रिश्वत मांगी। किसान की ऊपर वाली जेब में उसका एंड्रॉइड फोन रखा था। रिश्वत की मांग के बीच लेखपाल को शक हो गया कि किसान उनका वीडियो बना रहा है। बस, इसी शक में कानून के रखवाले का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। लेखपाल ने झपट्टा मारकर किसान की जेब से मोबाइल निकाला और उसे जमीन पर पटक कर चकनाचूर कर दिया।

हंगामा बढ़ते ही वहां लेखपाल संघ के पूर्व अध्यक्ष सुनील द्विवेदी और रवि विश्वकर्मा भी पहुंच गये थे। आरोप है कि इन लोगों ने पीड़ित किसान राम भवन को घेर लिया और मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दीं। दबंगई की हद तो तब हो गई जब पूर्व अध्यक्ष सुनील द्विवेदी ने आपा खोते हुए पुलिस के सामने ही अपना जूता उतार लिया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए किसान को मारने दौड़े।यह पूरा खेल उत्तर प्रदेश पुलिस की डायल 112 गाड़ी के ठीक सामने घंटों चलता रहा, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही। लेखपालों को भनक तक नहीं थी कि दूर खड़ा कोई शख्स इस पूरी हैवानियत का वीडियो बना रहा है, जो अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल है।

स्थानीय लोगों की मानें तो सिराथू तहसील में लेखपालों की मनमानी का यह कोई पहला मामला नहीं था। इससे पहले भी घूसखोरी और अभद्रता के कई मामले और वीडियो वायरल हो चुके हैं, लेकिन हर बार रसूख के चलते मामले को दबा दिया जाता है।अपमानित और सहमे हुए पीड़ित किसान राम भवन ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी लेखपालों–सुनील द्विवेदी, कमल सिंह के खिलाफ सैनी थाने में लिखित तहरीर दी है। वायरल वीडियो के पुख्ता सबूतों के आधार पर इन रसूखदार लेखपालों पर उप जिलाधिकारी सिराथू द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई कर यह सन्देश देने काम किया है कि जो भी अनुशासनहीनता करेगा उसके साथ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा जनसुनवाई कर निस्तारण हेतु दिये गये निर्देश

**कौशाम्बी।** जनपद में आज दिनांक 13.06.2026 को क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा थाना मंझनपुर में थाना दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों/ कर्मचारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए तथा राजस्व विभाग से सम्बन्धित मामलों में समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही की जाये। थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये इस अवसर पर थाना प्रभारी मंझनपुर सुनील सिंह सहित अन्य सम्बन्धित लोग उपस्थित रहे।

## अधीक्षक की देखरेख में अल्ट्रासाउंडो केंद्रो की भरमार खुलेआम प्राइवेट नर्सिंग होमो में किया जा रहा है भ्रूण हत्या

**जिम्मेदार खामोश**

**स्वतंत्र भारत कोरांव।** कोरांव नगर पंचायत में बगैर रेडियोलॉजिस्ट की उपस्थिति में फल फूल रहा है अल्ट्रासाउंड का खेल जिनमें बहुत से प्राइवेट नर्सिंग होमो के पास अल्ट्रासाउंड करने का लाईसेंस नहीं है। फिर भी अधीक्षक की कृपा से ऐसे नर्सिंग होमो की संख्या दिन दूना रात चौगुना तरक्की कर रही है।

शासन सत्ता की कृपा से कर रहे मनमानी कोरांव तहसील में प्राइवेट नर्सिंग होमो में लगातार अनाधिकृत रूप से अल्ट्रासाउंड केंद्रो की भरमार है,ऐसा नहीं कि प्रकरण की जानकारी अधीक्षक को नहीं है। वावजूद इसके खामोश होकर अपनी जेब भरने में जुटे हैं जहां रेडियोलॉजिस्ट नहीं था, बगैर रेडियोलॉजिस्ट के अल्ट्रासाउंड नहीं किया जा सकता है। जिसकी पुष्टि वहां मौजूद महिलाओं ने करते हुए बताया कि अल्ट्रासाउंड अस्पताल का मालिक खुद करता है, और रिपोर्ट नहीं देता पूछने पर सब कुछ ठीक होने की बात कहता है। तथा अल्ट्रासाउंड के नाम पर 500 से 800तक की वसूली सरेआम की जाती है। ऐसा नहीं कि इस खेल का संज्ञान सी एम ओ प्रयागराज को नहीं है। पर सब कुछ जानकर भी सरकार में ऐसे भ्रष्टाचार में डूबे अधीक्षकों के उपर कार्य वाही में पूर्णतया असफल साबित हो रहें हैं।

## रामगोपाल पाल के हत्यारों के करीब पहुंची पुलिस

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई बाजार निवासी रामगोपाल पाल की हत्या के मामले में पुलिस हत्यारों के करीब पहुंच चुकी है और जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। रामगोपाल पाल मंगलवार दोपहर में घर से मवेशी चराने निकले थे देर शाम तक घर वापस नहीं आए और बुधवार को उनकी लाश घर से कुछ ही दूर एक नाले में मिली जिसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट लगने से मौत होने की पुष्टि हुई है। रामगोपाल के बड़े भाई ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है। परिजन किसी के ऊपर शंका व्यक्त नहीं किया ना ही किसी से दुश्मनी की बात कही कुछ पुराने विवाद में परिवार के एक दो लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए उठाया था पूछताछ के बाद उन लोगों को छोड़ दिया जिस रास्ते से गोपाल गए हैं उस रास्ते में दो-तीन सीसीटीवी कैमरे लगे हैं सभी कैमरे को पुलिस बारीकी से जांच किया एक में गोपाल को जाते हुए देखा गया पुलिस को एक विधवा महिला के परिजन पर शक गहराता जा रहा है ।एसीपी थरवई अरुण पराशर ने बताया कि हत्यारों के पास तक पुलिस पहुंच चुकी है जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाएगा।

## सीडीओ ने ग्राम एदिलपुर में लगाई रात्रि चौपाल, सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद के विकास खण्ड मंझनपुर की ग्राम एदिलपुर में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने कल रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

रात्रि चौपाल में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं, जन कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं उनसे प्राप्त होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।



मुख्य विकास अधिकारी ने चौपाल के दौरान गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरित किया तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाये।-

## दिनदहाड़े युवक से मोबाइल छीन कर भागे बदमाश

**फाफामऊ।** थरवईं थाना क्षेत्र के बाकरगंज डेरा गदाई गांव के सामने नेशनल हाईवे रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे से एक युवक का बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन कर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। बाकरगंज निवासी अंकित कुमार ने करवाई खाने में तहरीर दिया कि शनिवार करीब चार बजे नेशनल हाईवे रेलवे ओवरब्रिज के नीचे मैं अपने किसी परिचित से फोन पर बात कर रहा था तभी एक स्प्लेंडर पैशन गाड़ी पर तीन बदमाश आए और हाथ से विवो कंपनी का मोबाइल छीनकर रेलवे फाटक की तरफ भाग गए सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के निगरानी किए एक कैमरे में तीन युवक गाड़ी से भागते नजर आए पुलिस बदमाशों की पहचान कर लिया है ।

## प्रभारी मंत्री ने मोदी सरकार के 12 साल की गिनाई उपलब्धियां

### विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी लोग हो रहे लाभान्वित : कृष्णा पासवान

**स्वतंत्र भारत सिराथू कौशाम्बी।** जनपद में आज उत्तर प्रदेश सरकार की पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा पासवान शनिवार को कौशाम्बी पहुंची, सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पार्टी कार्यकताओं के साथ आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर चर्चा की। प्रभारी मंत्री ने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि चुनाव को लेकर बूथ स्तर से तैयारियाँ शुरू कर दें।?

इसके बाद प्रभारी मंत्री ने प्रेस वार्ता कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि आज प्रधानमंत्री के 12 साल पूरे होने पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की तस्वीर ही नही तकदीर भी बदल गयी है। यह जनता का अटूट विश्वास व प्रधानमंत्री का सेवाभाव है जिसके चलते आज भाजपा सरकार देश के 22 राज्यों में जनता की सेवा कर रही है।

उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद देश के पीएम ने सबसे पहला काम किसानों के हित में किया और किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर कर इस बात का सबूत दिया कि सरकार गरीब,किसान, युवा व महिलाओं के कल्याण के लिये कटिबंध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 37173 तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 6817 लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराये गये हैं और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत 20177 लोगों को लाभ मिला है समाज कल्याण विभाग की योजनाओं में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 10111 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया है जिस पर लगभग 56.26 करोड रुपए खर्च किये गये हैं। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 73.096 लाभार्थियों को लगभग 701.44 करोड़ रुपए व दिव्यांगजन पेंशन योजना के तहत 12.224 लाख अभ्यर्थीतियों को 19.52 करोड़ रुपए दिये गये हैं। हमारी डबल इंजन की सरकार का सबका साथ सबका विकास मंत्र सिर्फ नारा ही नही बल्कि यह मंत्र एक लक्ष्य है जिसका 100% लाभ कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे । जिसका नतीजा यह है कि आज देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके है। वहीं मीडिया के सवाल पर सपा मुखिया अखिलेश यादव निशाना साधते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि मैने सपा मुखिया का शासन काल देखा है। जो वह अपने शासन काल में नही कर पाये तो अब क्या करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी को भी पप्पू कह कर पत्रकारों के सवाल से किनारा कर लिया।

**स्ट्रीट वेंडरों के आये दिन हो रहे चालान कर भड़की, सड़क पर घूमते आवारा पशु दिखे तो होगी कार्रवाई**

सड़कों पर गोवंशो के घूमने और आये दिन हो रही दुर्घटनाओं के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम लोग ही गाय पालते है और दूध दुहते है,लेकिन जब गाय दूध देना बन्द कर देती है तो उसे छोड़ देते है। उन्होंने गौशालाओं में गाय नहीं होने के सवाल पर कहा कि कुछ गौशालाओं की गायों को किसी अन्य गौशाला में शिफ्ट कर दिया गया है, वहीं सड़को पर घूम रही गायों एवं सांडो पर जवाब देने से बचती नजर आई।

प्रभारी मंत्री ने मीडिया के 2014 के पूर्व के डॉलर,पेट्रोल,डीजल,सोना, चांदी और महंगाई के सवाल पर कहा कि अगर महंगाई बढ़ी है तो सुविधाएं भी तो बढ़ी है।

प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभान्वित स्ट्रीट वेंडर्स का पुलिस द्वारा आये दिन चालान और उनको चौराहों से भगाये जाने के सवाल पर कहा कि ऐसा नहीं है यदि पुलिस ऐसा करती है तो तत्काल एसपी से कहकर इस तरह के चलान बन्द कराये जायेंगे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी,जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, चायल विधायक पूजा पाल, सदस्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा,पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल, पूर्व विधायक संजय गुप्ता नगर पालिका मंझनपुर अध्यक्ष बीरेन्द्र सरोज फौजी नगर पालिका अध्यक्ष भरवारी कविता पासी, नगर पंचायत सिराथू राजेन्द्र कुमार उर्फ भोला यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष अझुआ शान्ती देवी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 12 साल : आधुनिकता और सांस्कृतिक चेतना का समन्वय



– हृदयनारायण दीक्षित

राष्ट्रजीवन के विविध क्षेत्रों में राजनीति सबसे सक्रिय क्षेत्र है। राजनीति से ही विधायिका जनहितकारी अधिनियमन करती है। राजनीति के विचार प्रभाव में राष्ट्र शक्तिशाली होते हैं। राजनीति में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता देर सवेर सरकार बनाते हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। स्वाधीनता आंदोलन के समय समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले सक्रिय रहे हैं। स्वाधीनता आंदोलन के जीवन मूल्य त्याग आधारित थे। स्वतंत्र भारत में राजनीति के उच्चतर मूल्य घटने लगे। दलतंत्र में विश्वास का संकट बढ़ता गया। अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति पर आए विश्वास के संकट पर कई बार संसद में भी बेचैनी व्यक्त की। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का आंदोलन चलाया। अन्ना हजारे का आंदोलन भी चला था, लेकिन देश के प्रबुद्ध क्षेत्रों में राजनीति के प्रति निराशा पैदा होती चली गई। लेकिन राजनीति में परिवारवाद, जातिवाद और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण बढ़ते गए। राजनीति विचार आधारित नहीं रही। ऐसे में विचार आधारित राजनीति के योद्धा नरेन्द्र मोदी का राष्ट्रीय राजनीति में पदार्पण हुआ। वे गुजरात के मुख्यमंत्री हो चुके थे। उन्होंने विश्वास के संकट को दूर करने का और समूची राजनीति को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने का सफल प्रयास किया। चुनाव में मोदी की गारंटी जैसे आकर्षक जुमलों ने अपना स्थान बनाया। मोदी ने जो कहा वो पूरा कर के दिखाया।

मोदी की गारंटी वाकई अपना रंग ला रही है। जनता उनके नेतृत्व की दीवानी हो गई है। देश के मतदाता किसी बहकावे में नहीं आए। आम जन का विश्वास बढ़ता गया। प्रधानमंत्री ने अपने प्रिय देशवासियों को लगातार संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय थाली ताली और दीपक जलाओ अभियान का आह्वान किया। उस समय विपक्षी दलों ने इस अभियान का मजाक बनाया। लेकिन पूरा देश मोदी के साथ खड़ा था। मोदी की अपील पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया गया। हर घर तिरंगा अभियान ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज से जोड़ने का काम किया।

मोदी सरकार के 12 बरस पूरे हुए हैं। मोदी के प्रति आम जनता का विश्वास बढ़ता ही गया। इसके भी ठोस कारण हैं। भाजपा जब नहीं थी, तब वह जनसंघ के रूप में काम करती थी। जनसंघ काल की सदस्यता पर्ची में भारत परमाणु शक्ति संपन्न बने, का संकल्प व्यक्त किया गया था। जम्मू कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 को हटाने का आश्वासन भी दिया गया था।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर बन कर तैयार है। पूजा उपासना जारी है। कॉमन सिविल कोड भी कई राज्यों ने अपना लिया है। जन विश्वास का ही परिणाम है कि अमेरिकी ईरानी युद्ध के प्रभाव में पैदा तेल संकट की चुनौती से भारत सफलतापूर्वक निकल आया है। प्रधानमंत्री ने सीधे देश की जनता से ही तेल खपत में कमी लाने की अपील की। ये प्रधानमंत्री के प्रति आम जनता के बढ़े विश्वास का परिणाम है। उन्होंने सोना खरीदने और विदेश यात्रा से बचने का भी आग्रह किया है।

मोदी सरकार के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देशवासियों में स्वदेशी के प्रति नया विश्वास जगाया। लोगों ने स्थानीय उत्पादों को, अपने छोटे व्यापारियों को समर्थन देने और भारतीय निर्माण क्षमता पर भरोसा करने का संकल्प लिया। मोदी के कामकाज और व्यवहार का आकर्षण सारी दुनिया पर है। दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। आज दुनिया के मंच पर भारत पूरे आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। इसके पीछे भी देशवासियों का भरोसा है। पहले दुनिया भारत को संभावनाओं वाले देश के रूप में देखती थी। आज दुनिया भारत को समाधान देने वाले देश के रूप में देख रही है। यह परिवर्तन केवल सरकार की वजह से नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक विश्वास की वजह से संभव हुआ है। संप्रति भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन देश के 22 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में भारत समृद्धि के लिए काम कर रहा है।

वर्ष 2014 में देश की जनता ने पहली बार नरेन्द्र मोदी जी को आशीर्वाद देकर देश सेवा के लिए दिल्ली भेजा था। तब देश ने मोदी सरकार पर भरोसा किया और मोदी जी ने उस भरोसे को अपने परिश्रम से मजबूत किया है। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत करोड़ों कार्यकर्ताओं का समर्पण और जनता का भरोसा है। विश्वास के कारण ही जनता ने अपना भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी मोदी को सौंप दी है।

> राष्ट्रजीवन के विविध क्षेत्रों में राजनीति सबसे सक्रिय क्षेत्र है। राजनीति से ही विधायिका जनहितकारी अधिनियमन करती है। राजनीति के विचार प्रभाव में राष्ट्र शक्तिशाली होते हैं। राजनीति में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता देर सवेर सरकार बनाते हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। स्वाधीनता आंदोलन के समय समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले सक्रिय रहे हैं। स्वाधीनता आंदोलन के जीवन मूल्य त्याग आधारित थे। स्वतंत्र भारत में राजनीति के उच्चतर मूल्य घटने लगे। दलतंत्र में विश्वास का संकट बढ़ता गया। अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति पर आए विश्वास के संकट पर कई बार संसद में भी बेचैनी व्यक्त की। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का आंदोलन चलाया। अन्ना हजारे का आंदोलन भी चला था, लेकिन देश के प्रबुद्ध क्षेत्रों में राजनीति के प्रति निराशा पैदा होती चली गई। लेकिन राजनीति में परिवारवाद, जातिवाद और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण बढ़ते गए। राजनीति विचार आधारित नहीं रही। ऐसे में विचार आधारित राजनीति के योद्धा नरेन्द्र मोदी का राष्ट्रीय राजनीति में पदार्पण हुआ। वे गुजरात के मुख्यमंत्री हो चुके थे। उन्होंने विश्वास के संकट को दूर करने का और समूची राजनीति को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने का सफल प्रयास किया। चुनाव में मोदी की गारंटी जैसे आकर्षक जुमलों ने अपना स्थान बनाया। मोदी ने जो कहा वो पूरा कर के दिखाया। मोदी की गारंटी वाकई अपना रंग ला रही है। जनता उनके नेतृत्व की दीवानी हो गई है। देश के मतदाता किसी बहकावे में नहीं आए। आम जन का विश्वास बढ़ता गया। प्रधानमंत्री ने अपने प्रिय देशवासियों को लगातार संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय थाली ताली और दीपक जलाओ अभियान का आह्वान किया। उस समय विपक्षी दलों ने इस अभियान का मजाक बनाया। लेकिन पूरा देश मोदी के साथ खड़ा था। मोदी की अपील पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया गया। हर घर तिरंगा अभियान ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज से जोड़ने का काम किया।

प्रतिपक्षी दल कभी वोट चोरी, कभी बेईमानी जैसे आरोप लगाते हैं। सरकार के विरुद्ध लोकतंत्र खत्म करने आदि के आरोप लगाते हैं। जनता और मोदी के रिश्तों को नहीं पहचानते मोदी के नेतृत्व में भारत बदल रहा है। जब जब चुनाव होते हैं, सरकार के विरुद्ध अनर्गल आरोप प्रारंभ हो जाते हैं। और ईवीएम के खुलते ही विपक्षी सपने चूर चूर हो जाते हैं। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका होती है। यहाँ सत्ता पक्ष प्रमाणिक है। लेकिन विपक्ष सुझाव देने और आलोचना करने के कर्तव्य का निर्वहन नहीं करता। मोदी सरकार ने इन 12 वर्षों में भारत ने यह सिद्ध किया है कि आधुनिकता और सांस्कृतिक चेतना साथ-साथ चल सकती हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अपनी सभ्यता, अपने महापुरुषों और अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को जन-जन की चेतना का हिस्सा बनाया। बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर से जुड़े पांच स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित करना केवल स्मारक निर्माण नहीं था, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समावेशिता और संविधान के मूल्यों को राष्ट्रीय चेतना में स्थापित करने का प्रयास था।

महू से लेकर लंदन, नागपुर, दिल्ली और मुंबई तक बाबा साहब के जीवन से जुड़े स्थान आज प्रेरणा के तीर्थ बन चुके हैं। इसी प्रकार आदिवासी समाज के महानायक बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर मोदी सरकार ने यह संदेश दिया है कि भारत प्राचीन राष्ट्र है। इसका इतिहास राजमहलों तक सीमित नहीं बल्कि जंगलों, जनजातियों और संघर्षों का भी इतिहास है। जिन वीरों को वर्षों तक उपेक्षित रखा गया, उन्हें राष्ट्रीय सम्मान देने का कार्य मोदी सरकार में हुआ है।

राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य स्टैचू ऑफ यूनिटी विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है। यह नए भारत की ऊंची सोच का प्रतीक है। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को बताती है कि भारत की एकता कितने संघर्ष और संकल्प से निर्मित हुई है। औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति का संकल्प भी मोदी सरकार के इन 12 वर्षों में स्पष्ट दिखाई दिया। राजपथ को कर्तव्य पथ बनाना शासन की सोच में परिवर्तन का प्रतीक था। इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित कर देश ने अपने उन महानायकों को सम्मान दिया जिनके योगदान को लंबे समय तक पर्याप्त स्थान नहीं मिला।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे)

माँगा था चतुर्भुज रूप, दिखाया 'मानुषं रूपं'। वास्तव में शाश्वत में प्रवेशवाला योगी शरीर से यहाँ बैठा है, बाहर दो हाथों से कार्य करता है और साथ ही अन्तरात्मा से जागृत होकर जहाँ से भी जो भाविक स्मरण करते हैं, एक साथ सर्वत्र उनके हृदय से जागृत होकर प्रेरक के रूप में कार्य करता है। हाथ उसके कार्य का प्रतीक है. यही चतुर्भुज है।

श्रीकृष्ण ने कहा- अर्जुन ! तेरे सिवाय मेरे इस रूप को न कोई देख सका है और न भविष्य में कोई देख सकेगा। तब गीता तो हमारे लिये व्यर्थ है। किन्तु नहीं, योगेश्वर कहते हैं- एक उपाय है। जो मेरा अनन्य भक्त है, मेरे सिवाय जो दूसरे किसी का स्मरण न करके निरन्तर मेरा ही चिन्तन करनेवाला है, उसकी अनन्य भक्ति के द्वारा मैं प्रत्यक्ष देखने को (जैसा तूने देखा है), तत्त्व से जानने को और प्रवेश करने को भी सुलभ हूँ। अर्थात् अर्जुन अनन्य भक्त था। भक्ति का परिमार्जित रूप है अनुराग, इष्ट के अनुरूप लगाव। 'मिलहिं न रघुपति बिनु अनुरागा।' (रामचरितमानस, 7/61/1)-अनुरागविहीन पुरुष न कभी पाया है और न पा सकेगा। अनुराग नहीं है तो कोई लाख योग करे, जप करे, तप करे या दान करे, 'वह' नहीं मिलता। अतः दृष्ट के अनुरूप राग अथवा अनन्य भक्ति नितान्त आवश्यक है।

अन्त में श्रीकृष्ण ने कहा- अर्जुन ! मेरे द्वारा निर्दिष्ट कर्म को कर, मेरा अनन्य भक्त होकर कर, मेरी शरण होकर कर; किन्तु संगदोष से अलग रहकर। संगदोष में यह कर्म हो ही नहीं सकता। अतः संगदोष इस कर्म के सम्पादित होने में बाधक है। जो बैरभाव से रहित है, वही मुझे प्राप्त करता है। जब संगदोष नहीं है, जहाँ हमें छोड़कर दूसरा कोई है ही नहीं, बैर का मानसिक संकल्प भी नहीं है तो युद्ध कैसा? बाहर दुनिया में लड़ाई-झगड़े होते रहते हैं; किन्तु विजय जीतनेवालों को भी नहीं मिलती। दुर्जय संसाररूपी शत्रु को असंगतारूपी शस्त्र से काटकर परम में प्रवेश पा जाना ही वास्तविक विजय है, जिसके पीछे हार नहीं है।

इस अध्याय में पहले तो योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दृष्टि प्रदान की, फिर अपने विश्वरूप का दर्शन कराया। अतः-

तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसम्वादे 'विश्वरूपदर्शनयोगो' नामैकादशोऽध्यायः ।।11।।

क्रमशः...

## कार्ल लैंडस्टीनर की विरासत : क्यों मनाया जाता है विश्व रक्तदान दिवस और क्या हैं इसके फायदे?



– सुनील कुमार महला

विश्व रक्तदान दिवस हर वर्ष 14 जून को मनाया जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में रक्त का दान करता है तो यह मानवता के हित में सबसे बड़ा काम है, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार हमारे देश की आबादी का केवल 37 प्रतिशत लोग ही रक्तदान करने योग्य हैं, लेकिन उनमें से भी 10 प्रतिशत से भी कम लोग हर साल ब्लड डोनेट करते हैं। पाठकों को जानकारी प्राप्त करके आश्चर्य होगा कि दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 11.85 करोड़ (118.5 मिलियन) यूनिट रक्तदान एकत्र किया जाता है तथा विश्व के कुल रक्तदान का 40 प्रतिशत हिस्सा उच्च आय वाले देशों से आता है, जबकि वहां दुनिया की केवल 16 प्रतिशत आबादी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार एक यूनिट रक्त को विभिन्न घटकों में विभाजित करके तीन लोगों तक की जान बचाई जा सकती है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार निम्न आय वाले देशों में दिए जाने वाले रक्त का 54 प्रतिशत हिस्सा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को चढ़ाया जाता है तथा उच्च आय वाले देशों में रक्त प्राप्त करने वालों में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग लगभग 76 प्रतिशत हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2008 से 2018 के बीच स्वैच्छिक रक्तदाताओं से प्राप्त रक्तदान में 1.07 करोड़ (10.7 मिलियन) यूनिट की वृद्धि दर्ज की गई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दुनिया के 79 देशों में 90 प्रतिशत से अधिक रक्त आपूर्ति स्वैच्छिक और निःशुल्क रक्तदाताओं से प्राप्त होती है, जबकि 54 देशों में अब भी आधे से अधिक रक्त परिवार या भुगतान वाले दाताओं से आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रसव के दौरान या बाद में हर वर्ष लगभग 1.4 करोड़ (14 मिलियन) महिलाएं अत्यधिक रक्तस्राव का सामना करती हैं, जिनके लिए समय पर रक्त उपलब्ध होना जीवनरक्षक साबित होता है। भारत में विभिन्न आकलनों के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख यूनिट रक्त की कमी बनी रहती है, जिसके कारण नियमित स्वैच्छिक रक्तदान का महत्व और बढ़ जाता है। रोचक तथ्य है कि यदि किसी देश की केवल 1 प्रतिशत आबादी नियमित रूप से रक्तदान करे, तो अधिकांश देशों की रक्त आवश्यकता पूरी हो सकती है। रक्त आज भी ऐसी जीवनरक्षक वस्तु है जिसे किसी फैक्ट्री में बनाया नहीं जा सकता; इसका एकमात्र स्रोत मानव रक्तदाता ही है। जीवन अमूल्य है और रक्तदान जीवनदान देता है। ब्लड प्रकृति द्वारा मानव को दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की कई तरह से मदद कर सकते हैं, मसलन हम बहुत सी जिंदगियां बचा सकते हैं। मानवता की सेवा में रक्तदान सबसे उत्तम सेवा है। बीमारों, जरूरतमंदों के लिए रक्तदान नये जीवन की आशा है। रक्तदान करके हम बहुत से जीवन बचा सकते हैं, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ और योग्य व्यक्ति को अपने जीवन में रक्त का दान करने की प्रेरणा लेनी चाहिए और रक्तदान करना चाहिए। जानकारी देना चाहूंगा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस दिन को रक्तदान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। रक्तदान को सबसे बड़ा दान माना गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में स्थापित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित रक्त और रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और रक्तदाताओं के सुरक्षित जीवन रक्षक रक्त के दान करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करते हुए आभार व्यक्त करना है। वास्तव में, इस दिन को 14 जून को मनाने का खास कारण है। जानकारी मिलती है कि वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर ने ब्लड ग्रुप सिस्टम की खोज की थी। उनके इस योगदान के लिए वर्ष 1930 में कार्ल लैंडस्टीनर को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। रक्तदाता दिवस वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर को समर्पित है, जिनका जन्मदिन 14 जून को होता है। यहां यह भी बताता चलूं कि कार्ल लैंडस्टीनर ही वह वैज्ञानिक थे जिन्होंने 'एबीओ' रक्त समूह की खोज की थी। उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था और उन्हीं की याद में यह दिवस संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है।

## ।। चाणक्य नीति ।।

+++

**नराणां नापितो धूर्तः पक्षिणां च वायसः।**
**चतष्पदां श्रृगालस्तु स्त्रीणां धूर्ता च मालिनी।।**

मनुष्यों में नाई, पक्षियों में कौआ, पशुओं में सियार और स्त्रियों में मालिन धूर्त होते हैं।

+++

**जनिता चोपनेता च यस्तु विद्यां प्रयच्छति।**
**अन्नदाता भयत्राता पञ्चैते पितरः स्मृताः।।**

अन्म देने वाला, यज्ञोपवीत संस्कार कराने वाला, विद्या सिखाने वाला, अन्न देने वाला तथा भय से रक्षा करने वाला-ये पांच पिता कहे जाते हैं। पिता के समान ही इन चारों का भी आदर-सत्कार करना चाहिए।

+++

**राजपत्नी गुरुपत्नी मित्रपत्नी तथैव च।**
**पत्नीमाता स्वमाता च पञ्चेता मातरः स्मृताः।।**

राजा की पत्नी, गुरु की पत्नी, मित्र की पत्नी, पत्नी की माता और अपनी माता-ये पांचों माताएं एक समान ही कही गयी हैं, अतः उपर्युक्त शेष चारों को भी अपनी माता समझना चाहिए और उन्हें भी माता के रूप में ही आदर-सम्मान देना चाहिए।

+++

## ।। अमृत कलश ।।

### सम्मान-असम्मान का पैमाना

मैले-कुचैले कपड़े पहने एक चित्रकार जब सम्राट नेपोलियन के पास पहुंचा तो उसने वस्त्र देखकर उसका कोई सम्मान नहीं किया। इतना ही नहीं उसे दूसरे किनारे पर बैठने को कह दिया।

थोड़ी देर बाद जब चित्रकार व सम्राट में बातचीत हुई जब सम्राट को ज्ञात हुआ कि वह बड़ा कुशल चित्रकार है। बात खत्म कर जब चित्रकार जाने लगा तो नेपोलियन उठा और उससे हाथ मिलाकर आदरपूर्वक द्वार तक छोड़ने स्वयं गया। पहले अपमान व बाद में सम्मान होते देख चित्रकार आश्चर्यचकित रह गया। उसने डरते-डरते नेपोलियन से इसका राज जानना चाहा। नेपोलियन बोला, आने पर किसी भी व्यक्ति का सम्मान उसकी वेशभूषा को देखकर ही किया जाता है। लेकिन जाते समय उसके गुणों के कारण उसको सम्मान दिया जाता है।

## काँव-काँव

+++

**युद्ध खत्म, करार जल्द होगा : ट्रंप**
घोषणा ही करते रहेंगे या अमल भी होगा!

**डीजल खरीदने की सीमा तय**
ब्लैक करने वालों के अब होंगे मजे!

**पाकिस्तान-तुर्किये की नजदीकियां बढ़ीं**
भारत के खौफ ने बढ़ा दी दोस्ती!

**नीट परीक्षार्थियों को 15 मिनट अतिरिक्त मिलेंगे**
पेपर आउट न हो तो सब ठीक है!

**अंतिम रिपोर्ट की समय सीमा नहीं बताई**
हादसों की जांच ऐसे ही दफन होती है भैया!

**भड़काऊ भाषण मामले में ममता बनर्जी पर मुकदमा**
गद्दी से पैदल हो जाने पर ऐसा ही होता है!

**केरलम में महिलाओं को निःशुल्क बस सेवा**
रेवड़ी ने काम दिखाया तो बांटनी पड़ेगी ही!

**चंद वर्षों में कई कर्मचारियों की किस्मत का कायाकल्प**
ऐसे भी होती है भगवान की कृपा!

+++

# घातक हो सकते हैं नीरवता और शांति के ये संकेत



– निशिकांत ठाकुर

जब कुछ अप्रत्याशित या फिर किसी प्रकार की अनहोनी होने वाली होती है, तो पूरा वातावरण नीरव और शांत हो जाता है। सामान्य लोग इसे भांप नहीं पाते, लेकिन परिपक्व अनुभवी लोग इस नीरवता और शांति का पूर्वानुमान लगा लेते हैं। जो इस नीरवता को समझ नहीं पाते और अपनी अकड़ में रह जाते हैं, उनका हश्र पड़ोसी देश नेपाल की तरह हो जाता है। नेपाल में हालिया सत्ता परिवर्तन व्यापक जन-आंदोलनों (विशेष रूप से युवाओं के प्रदर्शनों) के कारण सितंबर 2025 में तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे और उसके बाद हुए चुनावों से हुआ। नेपाल के राजनीतिक बदलाव के मुख्य कारणों की चर्चा करें, तो भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता के ख़िलाफ़ 'जेन ज़ेड' के नेतृत्व में पूरे देश में हिंसक और व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। स्थिति बिगड़ने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई और सेना ने स्थिति को नियंत्रित किया। राजनीतिक संकट के बीच 5 मार्च, 2026 को संसदीय चुनाव हुए। इस चुनाव में 'राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी' को बहुत बड़ी जीत मिली। चुनावों के ऐतिहासिक जनादेश के बाद काठमांडू के लोकप्रिय मेयर और युवा नेता बालेंद्र शाह (बालेन) के नेतृत्व में 27 मार्च, 2026 को नई सरकार का गठन हुआ। यह पहली बार है जब नेपाल में बिना किसी पुरानी गठबंधन सरकार के युवाओं की सीधी भागीदारी वाली सरकार बनी है।

आज जो स्थिति देश की बन गई है, उसमें भी यह लक्षण दिखने लगा है कि हो न हो, देश में निकट भविष्य में कुछ होने वाला है। राजनीतिज्ञ और सामान्य जनता भी इस नीरवता और शांति के भावी परिणाम को भांपने लगे हैं, लेकिन किसी में, चाहे राजनीतिज्ञ हों, समाजसेवी हों, पत्रकार हों, इतनी हिम्मत शेष नहीं रही है कि वह सत्ता के आमने-सामने होकर उसकी निष्पक्षता पर अंगुली उठाए। सब अपनी ढपली अपने राग अकेले ही अलापते रहते हैं। सत्ता को उखाड़ फेंकने की शुरुआत तो सदैव से इसी तरह होती रही है, लेकिन आग की वह चिंगारी धीरे–धीरे समाज में इसी तरह भड़कती रहती और फिर जब उस चिंगारी का अहसास समाज को होने लगता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। ऐसी ही शुरुआत 18 मार्च 1974 को बिहार की राजधानी पटना में छात्र आंदोलन के रूप में हुई थी, जिसे 'जेपी आंदोलन' का नाम दिया गया। बाद में, महान गांधीवादी और समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण (जेपी) ने इसका नेतृत्व संभाला और इसे 'संपूर्ण क्रांति' का नाम दिया। दरअसल, इसकी शुरुआत और विकास इस प्रकार हुआ। 1970 के दशक में देश में बढ़ती बेरोजगारी, चरम पर पहुंच चुकी महंगाई, भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ आम जनता और छात्र त्रस्त थे। फरवरी-मार्च 1974 में छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर बिहार की तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया। 18 मार्च 1974 को जब छात्र बिहार विधानसभा का घेराव करने गए, तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया और गोलीबारी की, जिसमें कई छात्र शहीद हो गए। हिंसक झड़पों और पुलिस दमन के बाद आक्रोशित छात्र लोकनायक जयप्रकाश नारायण के शरण में पहुंचे और उनसे आंदोलन का नेतृत्व करने की अपील की। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इस शर्त पर नेतृत्व स्वीकार किया कि आंदोलन पूरी तरह से अहिंसक रहेगा। जून 1974 को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी ने 'संपूर्ण क्रांति' का नारा दिया। उनका उद्देश्य केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव लाना था। यह आंदोलन देखते ही देखते पूरे देश में फैल गया और इसने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की सरकार को हिलाकर रख दिया, जिसके परिणाम स्वरूप 1975 में देश में आपातकाल लागू किया गया। देश में आपातकाल लगाना तत्कालीन कांग्रेस सरकार की कोई उपलब्धि नहीं, बल्कि गिरावट का प्रथम चरण साबित हुआ था। अगर यह देश मानता है कि कांग्रेस का आपातकाल घोषित करना संविधान और जन मानस के लिए एक अभिशाप था, तो आज उस जले पर सर्वोच्च न्यायालय की अलिखित टिप्पणी ने नमक का छिड़काव नहीं किया है? युवा तो अपनी गरीबी और बेरोजगारी से स्वयं त्रस्त हैं, और सर्वोच्च न्यायालय की उस टिप्पणी ने उस आग में घी का काम किया है। एक साधारण जन से पूछिए तो उसका भी यही कहना है कि इस तरह के कटाक्ष करने का किसी को कोई अधिकार संविधान नहीं देता। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान बेरोजगार युवाओं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और एक्टिविस्ट्स को लेकर 'कॉकरोच' (तिलचट्टे) और 'परजीवी' जैसी टिप्पणी की थी। यह टिप्पणी सिस्टम को नुकसान पहुंचाने वाले उन लोगों पर तंज कसने के लिए की गई थी, जो कथित तौर पर फर्जी डिग्री के जरिये विभिन्न पेशों में घुसपैठ करते हैं। 15 मई 2026 को एक मामले की सुनवाई के दौरान, अदालत का ध्यान इस बात पर गया कि कुछ लोग फर्जी और जाली डिग्री के आधार पर वकालत, मीडिया और सामाजिक सक्रियता जैसे क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी कि रोजगार न मिलने के कारण हताश हुए कुछ युवा सोशल मीडिया एक्टिविस्ट और कार्यकर्ता बन जाते हैं और बिना ठोस आधार के सिस्टम, न्यायपालिका और पेशेवरों पर हमला करने लगते हैं। इस मुद्दे पर देश में बबाल मचा हुआ है और अब एक नया दल गठित कर लिया गया है जिसका नाम 'कॉकरोच जनता पार्टी' रखा गया है , उसका नेतृत्व अभिजीत दिपके नामक युवक कर रहा है। उसी क्रम में पिछले सप्ताह दिल्ली के जंतर मंतर पर सैकड़ों युवाओं ने प्रदर्शन किया और कहा कि यह लड़ाई एक दिन की नहीं है और यह आंदोलन देश के शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक जारी रहेगा।

वैसे, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का उनके कार्यकाल और विशेष रूप से नीट के पेपर लीक मामले को लेकर भी देश का माहौल गर्माया हुआ है। सच तो यह है कि युवाओं का सारा आक्रोश तो नीट पेपर लीक मामले को लेकर गरम है; क्योंकि छात्रों ने जमकर अपनी पढ़ाई की थी और ऐन परीक्षा के समय ही पेपर लीक हो गया। सभी उम्मीदवार छात्रों के आशाओं पर पानी फिर गया। छात्र संगठनों का कहना है कि देश के वर्तमान शिक्षामंत्री के कार्यकाल में 80 बार छात्रों को गुमराह होना पड़ा, क्योंकि इसके पीछे जो कारण बताया जा रहा है, वह यह कि कुछ सरकारी अधिकारी, शिक्षक और बिचौलिया करने वाले दलालों ने छात्रों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। अतः शिक्षामंत्री को तुरंत त्यागपत्र देना चाहिए। हां, यह सच है कि पेपर लीक के मामले में केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक साक्षात्कार में अपनी गलती स्वीकार की है और एनटीए के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए नए अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। आईबी, सीबीआई समेत साइबर सुरक्षा संसाधनों की भी मदद ले रहे हैं। शिक्षामंत्री ने कहा कि जिन छात्रों को रिएक्जाम में शामिल होना है , उनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएगी । लेकिन ,अब धीरे धीरे देश में तरह तरह के दल बन रहे हैं जो किसी भी दशा में किसी भी सरकार के लिए हितकारी नहीं हैं। आखिर ऐसा क्या सुर्खाब के पंख लगे हुए हैं शिक्षामंत्री में जिनसे केंद्रीय सरकार को उनसे त्यागपत्र लेने में कठिनाई हो रही है । देश का माहौल बिगड़ता जा रहा है। दरअसल, सच तो यह है कि मजबूत पारिवारिक पृष्ठभूमि से आए हुए ऐसे नेताओं से त्यागपत्र लेना सरकार को भारी पड़ सकता है! इसलिए इतिहास तो हमें यही सीख देता है कि हर मकान की नींव में जब पहली ईंट रखी जाती है, तभी एक भवन का निर्माण शुरू होता है। आज जो निस्तब्धता और नीरवता देश भर में दिखाई दे रही है, कहीं उसका परिणाम भविष्य में नुकसानदेह तो साबित नहीं होगा?

# गंभीर तो है मगर लाइलाज नहीं है डिप्रेशन



विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में लगभग 280 से 332 मिलियन लोग डिप्रेशन से पीड़ित हैं, जिनमें से लगभग 80 मिलियन लोग विकसित देशों में रहते हैं। डिप्रेशन एक ऐसी समस्या बन चुका है जिसे नजरअंदाज करना घातक सिद्ध हो सकता है। मगर अधिकतर मामलों में पीड़ित खुद ही नहीं जानता कि वो डिप्रेशन से पीड़ित हो सकता है। आजकल के आधुनिक युग में युवाओं से लेकर हर वर्ग के लोगों में मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं में इजाफा हो रहा है। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं तेजी के साथ बढ़ने लगी हैं। खासतौर से युवाओं मे डिप्रेशन की समस्या चिंताजनक तौर से बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में लगभग 280 से 332 मिलियन लोग डिप्रेशन से पीड़ित हैं, जिनमें से लगभग 80 मिलियन लोग विकसित देशों में रहते हैं। डिप्रेशन एक ऐसी समस्या बन चुका है जिसे नजरअंदाज करना घातक सिद्ध हो सकता है।

**जानें क्या है डिप्रेशन** डिप्रेशन एक तरह की मानसिक बीमारी होती है, जिसमें व्यक्ति में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। पीड़ित में उदासी, निराशा, एकाग्रता की कमी, नींद न आना या अत्यधिक नींद आना, भूख ना लगना या अधिक भूख लगना और कुछ गंभीर मामलों में आत्महत्या के विचार आने जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। डिप्रेशन का शिकार किसी भी उम्र, लिंग, आर्थिक स्थिति का व्यक्ति हो सकता है। हालांकि आंकड़ों के अनुसार महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा डिप्रेशन का अधिक शिकार होती हैं। वहीं 18 से 24 वर्ष की आयु के युवाओं में भी डिप्रेशन के मामले अधिक देखने को मिलते हैं।

**डिप्रेशन से कैसे निपटें** डिप्रेशन कई तरह का होता है, मगर लोगों को खुद ही इसकी जानकारी नहीं होती है। कई मामलों में जानकारी के अभाव में डिप्रेशन को स्वीकार करने में समय लगता है और इससे डील भी नहीं कर पाते हैं। समाज में अब तक डिप्रेशन को लेकर अधिक जागरुकता नहीं है। डिप्रेशन से ग्रसित व्यक्ति को लोग छोड़ जाते हैं या फिर उनके साथ भेदभाव करना शुरू कर देते है। ऐसे में जरुरी है कि पीड़ित के आस पास रहने वाले लोगों को प्रैक्टिकल व्यवहार की जानकारी हो। परिवार के साथ सकारात्मक रुप से चर्चा की जाए। पीड़ित को और परिवार को मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल की मदद लेनी चाहिए। डिप्रेशन से छुटकारा पाने के लिए जरुरी है कि पीड़ित और उसके परिवार मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल के साथ विमर्श जरुर करे ताकि समस्या का समाधान समय के साथ हो सके।

**इन लक्षणों पर दें ध्यान** डिप्रेशन से ग्रसित पीड़ित के जीवन और व्यवहार में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। उन्हें भूख कम लगना, नींद की कमी जैसे लक्षण देखने को मिल सकते हैं। कई मामलों में युवाओं को अत्यधिक नींद या भूख लगना भी देखने को मिलता है। डिप्रेशन होने पर युवाओं की पढ़ाई पर असर होने लगता है। बुजुर्गों में भी ऐसी ही लक्षण देखने को मिलते हैं। वहीं कई व्यक्तियों में डिप्रेशन के हिडन लक्षण दिखते हैं, जिसे वो दुनिया के सामने जाने पर छिपा लेता हैं।

**जानें डिप्रेशन, स्ट्रेस और ओवरथिंकिंग में अंतर** ओवरथिंकिंग करना या अधिक स्ट्रेस में रहना और डिप्रेशन में होना तीनों ही बेहद अलग स्थिति होती है। इसमें व्यक्ति डिप्रेशन में तभी होता है जब उसे उपर बताए गए लक्षण लगातार दो सप्ताह तक देखने को मिलते हैं। इसके अलावा स्ट्रेस किसी एक काम के कारण, या खास मुद्दे को लेकर हो सकता है। स्ट्रेस किसी तरह की क्लीनिकल टर्म नहीं है और ये किसी भी व्यक्ति को हो सकता है, जिसके लिए कोई भी विषय कारण बन सकता है। स्ट्रेस और डिप्रेशन होना बेहद अलग स्थिति होती है। अलग अलग मुद्दों पर लंबे समय तक स्ट्रेस होने से व्यक्ति डिप्रेशन में जा सकता है। मगर स्ट्रेस जल्दी ठीक भी हो सकता है और जरुरी नहीं की हर स्ट्रेस की स्थिति का अर्थ डिप्रेशन से जूझना ही माना जाएगा। वहीं ओवरथिंकिंग व्यक्ति की पर्सनैलिटी का हिस्सा हो सकती है।

# उत्तराखंड के इस हिल स्टेशन की खूबसूरती देख रह जाएंगे दंग



***घूमने के शौकीन लोग अक्सर कहीं न कहीं घूमने का प्लान बना लेते हैं। आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बेहद खूबसूरत है। बता दें कि उत्तराखंड में मौजूद इन बेहतरीन हिल स्टेशन का नाम भीमताल है।***

सर्दी के मौसम में हिल स्टेशन घूमने का अपना ही मजा होता है। बहुत सारे लोग इस मौसम में शिमला, मसूरी, मनाली और नैनीताल जाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आप भी सर्दियों में हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बेहद खूबसूरत है। बता दें कि उत्तराखंड में मौजूद इन बेहतरीन हिल स्टेशन का नाम भीमताल है। ऐसे में आप भी इस बार भीमताल घूमने के लिए जा सकते हैं। वहीं भीमताल से लगी एक बेहद सुंदर और प्राकृतिक झील है, जिसका नाम नौकुचियाताल है। भीमताल से सिर्फ 4 किमी की दूरी पर स्थिति नौकुचियाताल अपनी प्राकृतिक बनावट की वजह से दर्शनीय है। आपको बता दें कि नौकोना में बटी इस झील में गुलाबी कमल के फूलों का एक छोटा तालाब है। जिसको लोग कमल तालाब के नाम से भी जानते हैं। भीमताल से करीब 10 किमी की दूरी पर सात झीलों का एक समूह है। इस सात झीलों के समूह को सातताल के नाम से जाना जाता है।

# घर में रखी ये चीजें छीन लेंगी बरकत



वास्तु शास्त्र में घर की दिशाओं के साथ-साथ यहां रखी हुई चीजों के भी कुछ नियम बताए गए हैं। इस शास्त्र के अनुसार, घर में रखी वस्तुओ से पॉजिटिव और नेगेटिव दोनों तरह की एनर्जी निकलती है जिसका प्रभाव सदस्यों पर पड़ता है। यदि यहां पर नेगेटिव एनर्जी वाली चीज रखी जाए तो व्यक्ति को मानसिक, आर्थिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आज आपको कुछ ऐसी वस्तुएं बताते हैं जो नेगेटिव एनर्जी पैदा करेंगी और घर की बरकत छिन लेगी।

**कांटेदार पौधे-** वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में कभी भी कांटेदार पौधे नहीं लगाने चाहिए। इन्हें घर में लगाने से नेगेटिविटी आती है जिन घरों में ऐसे पौधे लगे होते हैं वहां



सदस्यों के बीच अक्सर तनाव और लड़ाई झगड़े रहते हैं। इसलिए इन्हें तुरंत घर से निकाल दें।

**जूते-चप्पल** – बहुत से लोग घर में जूते-चप्पल ऐसे ही फेंक देते हैं परंतु ऐसी घरों में नेगेटिव एनर्जी का प्रवेश होता है। इसके अलावा बेड के नीचे या फिर मुख्य द्वार पर भी इन्हें रखना शुभ नहीं माना जाता। इससे घर में नेगेटिविटी का संचार बढ़ता है।

**रुकी हुई घड़ी** – घर में कभी भी लंबे समय से रुकी हुई घड़ी नहीं रखनी चाहिए। इससे भी घर में नकारात्मक एनर्जी का स्तर बढ़ता है। माना जाता है कि जब घड़ी रुकती है तो इससे पता चलता है कि व्यक्ति का समय रुक गया। ऐसी घड़ी परेशानियों का कारण बन सकती है।

पुराना कैलेंडर - नया साल आने के बाद पुराना कैलेंडर भी घर से निकाल देना चाहिए। पुराना कैलेंडर अतीत का संकेत देता है। इसके चलते घर की एनर्जी नेगेटिव होती है और सदस्यों की प्रगति रुकती है।

**टूटे हुए बर्तन** – घर में टूटे हुए कांच के गिलास या बर्तन रखना अशुभ माना जाता है। ऐसी चीजें गरीबी का संकेत देती हैं वास्तु शास्त्र के अनुसार, कभी भी ऐसे बर्तनों का इस्तेमाल न करें क्योंकि यह दुर्भाग्य का कारण बनते हैं।

# हार्मोन असंतुलन की वजह से हो सकती हैं कई बीमारियां



हार्मोन्स हमारे शरीर के केमिकल मैसेंजर होते हैं, जो शरीर के हर ऑर्गन तक संदेश पहुंचाने का काम करते हैं। इनकी मदद से शरीर के अंगों तक यह सिग्नल पहुंचता है कि कब और कैसे काम करना है। इसलिए हार्मोन्स का हमारे शरीर में संतुलित मात्रा में होना आवश्यक है। अगर इनमें असंतुलन आ जाता है, तो कई बीमारियां और सेहत से जुड़ी परेशानियों को झेलना पड़ सकता है। हार्मोन्स की मात्रा कम या ज्यादा होने की वजह से हार्मोनल इंबैलेंस की समस्या हो सकती है। इस कारण से आपको कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जैसे- इंफर्टिलिटी, एक्ने, डायबिटीज, थायरॉइड, अनियमित माहवारी, पीसीओडी आदि। हालांकि, हार्मोन असंतुलन होने पर शरीर में कई ऐसे लक्षण नजर आने लगते हैं, जिनकी मदद से इसकी पहचान की जा सकती है। आइए जानते हैं, हार्मोनल इंबैलेंस की वजह से शरीर में क्या-क्या लक्षण नजर आ सकते हैं।

**एक्ने-** शरीर में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन बढ़ने की वजह से एक्ने की समस्या हो सकती है। इस वजह से, त्वचा में मौजूद ऑयल ग्लैंड्स की वजह से स्किन के पोर्स क्लॉग हो जाते हैं। क्लॉग पोर्स में बैक्टिरीया का इन्फेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है, जिस कारण से एक्ने होने लगते हैं।

**बालों का झड़ना-** हार्मोन्स में बदलाव की वजह से, कई बार बाल झड़ने की समस्या हो सकती है। यह खासकर, टेस्टोस्टेरोन के लेवल में बदलाव आने की वजह से होती है। यह समस्या आमतौर पर, बर्थ कंट्रोल पिल लेने, प्रेग्नेंसी या मेनोपॉज के दौरान होती है।

**वजन बढ़ना या कम होना-** हमारे शरीर के कई हार्मोन्स ऐसे होते हैं, जिनका प्रभाव हमारे मेटाबॉलिज्म पर होता है। थायरॉइड हार्मोन, कोर्टिसोल, एस्ट्रोजन जैसे हार्मोन्स के असंतुलित होने की वजह से, कई बार हमारा वजन बढ़ने लगता है। अधिक वजन बढ़ना, आपके लिए चिंता का विषय बन सकता है। इसी तरह हार्मोन्स में बदलाव की वजह से, आपका मेटाबॉलिज्म अधिक तेज भी हो सकता है, जो वजन कम होने की वजह बन सकता है।

**भूख अधिक लगना या कम लगना**

हमारे हार्मोन्स हमारे भूख को भी कंट्रोल करते हैं। लेप्टिन और घ्रेलिन हार्मोन्स में बदलाव की वजह से अधिक भूख लगने या कम भूख लगने की समस्या हो सकती है। वजन कम या अधिक होने के पीछें यह भी एक कारण हो सकता है।

**नींद न आना-** हमारी नींद को भी हमारे हार्मोन्स कंट्रोल करते हैं। इनमें असंतुलन की वजह से कई बार रात को नींद न आना या अच्छी नींद न आने की परेशानी हो सकती है।

# बारिश से पहले अपनाएं ये ब्यूटी टिप्स त्वचा और बाल रहेंगे हमेशा हेल्दी



मानसून का मौसम जहां एक तरफ गर्मी से राहत लेकर आता है, वहीं दूसरी तरफ स्किन और बालों से जुड़ी कई समस्याएं भी साथ लाता है। बढ़ती नमी, पसीना और गंदगी के कारण त्वचा पर पिंपल्स, ऑयली स्किन और फंगल इंफेक्शन जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। वहीं बालों में डैंड्रफ, हेयर फॉल और स्कैल्प इंफेक्शन की समस्या भी आम हो जाती है। अक्सर लोग मानसून आने के बाद अपनी ब्यूटी केयर रूटीन में बदलाव करते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि सही तैयारी बारिश शुरू होने से पहले ही कर लेनी चाहिए। यदि पहले से सही स्किन और हेयर केयर अपनाया जाए, तो कई परेशानियों से आसानी से बचा जा सकता है। इस मौसम में त्वचा और बाल दोनों अधिक संवेदनशील हो जाते हैं, इसलिए हल्के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल, सही साफ-सफाई और हेल्दी लाइफस्टाइल बेहद जरूरी हो जाती है। थोड़ी-सी सावधानी आपकी स्किन को ग्लोइंग और बालों को मजबूत बनाए रख सकती है। अगर आप भी चाहते हैं कि इस मानसून आपकी स्किन और बाल हमेशा हेल्दी और फ्रेश दिखें, तो नीचे दिए गए टिप्स आपके लिए बेहद उपयोगी साबित होंगे। **स्किन को हल्का और क्लीन रखें-** मानसून से पहले स्किन केयर रूटीन को सरल बनाएं। दिन में दो बार माइल्ड फेस वॉश से चेहरा साफ करें। इससे अतिरिक्त ऑयल और गंदगी हट जाती है। भारी क्रीम की जगह हल्के जेल-बेस्ड मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। पिंपल्स और ऑयली स्किन से बचाव नमी बढ़ने पर त्वचा अधिक ऑयली हो जाती है, जिससे पिंपल्स बढ़ सकते हैं। सैलिसिलिक एसिड या टी-ट्री ऑयल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल मदद कर सकता है।

# कद्दू इडली का जवाब नहीं



अगर आप रेगुलर स्टाइल इडली खा कर बोर हो गई है तो कद्दू इडली ट्राई करें। ये टेस्टी होने के साथ- साथ बहुत हेल्दी होती हैं। ये डिश में बहुत फेमस है। इसलिए आप भी दिन की शुरुआत हेल्दी ब्रेकफास्ट से करें। आइए आपको बताते हैं कद्दू इडली की आसान रेसिपी-



सामग्री- कद्दू (पीला वाला)- 500 ग्राम, रवा- 250 ग्राम, ईनो- 4 चम्मच, नमक- 2 चम्मच, सॉस- 2 चम्मच, टमाटर।

**बनाने की विधि-** 1. सबसे पहले कद्दू को बड़े- बड़े टुकड़ो में काटें और उबले हुए पानी में डाल दें। 2. दो मिनट उबलने दें, फिर उन्हें निकालकर ठंडे पानी में डालकर ठंडा करें। 3. अब कद्दू के टुकड़ों को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बनाने लायक ने गाढ़ा न ज्यादा पतला घोल बना लें। 4. इसके बाद उसे आधा घंटे के लिए ढककर रख दें। आधा घंटे बाद स्टीमर में पानी गरम होने के बाद इडली के घोल में ईनो मिलाकर सांचो में डालें। 5. इसी समय इडली में टमाटर से सजाकर 15-20 मिनट तक स्टीम करके पका लें। 6. आपकी टेस्टी और हेल्दी इडली तैयार है।

# आखिर क्यों होता है ब्रेन हेमरेज? जानें लक्षण, कारण और बचाव



ब्रेन हेमरेज के बारे में हम सब ने कभी- न- कभी तो सुना होगा लेकिन, इस जानलेवा बीमारी के बारे में किसी को ज्यादा जानकारी नहीं है। सरल भाषा में कहे तो ब्रेन हमरेज मतलब दिमाग की नसों का फटना। इस दौरान शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं और ब्रेन के अंदर ब्लीडिंग भी होने लगती है। ब्रेन हमेरेज को लेकर कई लोगों के मन में ये सवाल है कि आखिर ये होता क्यों है? इसके क्या लक्षण और इससे बचा कैसे जा सकता है?

**ब्रेन हेमरेज : -**

ब्रेन हेमरेज तब होता है जब ब्रेन को सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिलता है। इससे दिमाग की सेल्स मरने लगती हैं। ऐसे में शरीर की गतिविधियां प्रभावित होती हैं, जिसे इंट्राक्रानियल हेमरेज या सेरेब्रल हेमरेज भी कहा जा सकता है। ऐसे में अगर तीन से चार मिनट से ज्यादा ब्रेन में ऑक्सीजन की कमी हो जाए तो इससे दिमाग की नसें बुरी तरह से प्रभावित होती है।

## लक्षण

शरीर के किसी हिस्से में लकवा मार जाना
खाने- पीने में मुश्किल होना
आंखों की रोशनी पर असर पड़ना
दौरे पड़ना और सिरदर्द होना
शरीर के कई सारे हिस्से सुन्न हो जाना

## कारण

ब्रेन हेमरेज के कई कारण हो सकते है। जैसे- किसी व्यक्ति को सिर पर गंभीर चोट लगना
कार दुर्घटना
हाई बीपी
ब्रेन की नसों में फैट जमाना
धूम्रपान, खूब शराब पीना या कोकीन का सेवन
लिवर की बीमारी
दिमाग का ट्यूमर
अवैध दवाओं का सेवन

**ऐसे करें ब्रेन हेमरेज से बचाव**

ब्रेन हेमरेज से बचना है तो हमेशा अपनी बीपी चेक करवाते रहें। खासकर हाई बीपी के मरीज को तो अक्सर अपनी बीपी चेक करवाते रहना चाहिए। हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए वजन कंट्रोल करना ही बहुत जरूरी है। ऐसे में शराब से दूर रहें। हेल्दी डाइट लें और रोजाना एक्सरसाइज करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**रविवार, 14 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, चतुर्दशी तिथौ रवि वासरे 12/20/ रोहिणी नक्षत्रे 22/14/ धृति योग 13/16/ शकुनि करणे 12/20/ वृष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- श्राद्ध की अमावस्या, तेल स्पर्श वर्जित।

**मेष :** नए आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

**वृष :** उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा-वाहन पर व्यय होगा।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

**कर्क :** आकस्मिक लाभ होगा। सत्परामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेंगे। बौद्धिक विकास होगा।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

# घर में चाहिए सुख-समृद्धि तो इन नियमों को न करें नजरअंदाज



वास्तु शास्त्र में एनर्जी और दिशाओं का खास महत्व बताया गया है। इस शास्त्र में हर कार्य के लिए शुभ दिशाओं के बारे में बताया गया है। वास्तु के अनुसार, घर में रखी हर चीज की एक एनर्जी होती है जिसका असर घर में रहने वाले लोगों पर पड़ता है। यदि घर में वास्तु दोष हो तो व्यक्ति मानसिक और आर्थिक रुप से भी परेशान रहता है। ऐसे में आज आपको कुछ ऐसे वास्तु उपाय बताते हैं।

**तोते की तस्वीर** – घर की उत्तर दिशा में तोते की तस्वीर लगानी शुभ माना जाती है। जहां पर यह तस्वीर लगाने से पढ़ाई करने वाले बच्चों का ध्यान केंद्रित होता है।

**सूर्य यंत्र** –घर की पूर्व दिशा में सूर्य यंत्र स्थापित करें। पूर्वमुखी घर में मुख्य द्वार के बाहर ऊपर की ओर सूर्य का चित्र या फिर प्रतिमा लगाएं। मान्यताओं के अनुसार, ऐसा घर में पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है और नौकरी व कारोबार में व्यक्ति को तरक्की मिलती है।

**घर में रहेगी शांति** - मान्यतओं के अनुसार, घर के मुखिया को भगवान शिव और चंद्र देव के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे घर में सुख शांति का वास रहता है और नियमित शिवजी के मंत्रों का जाप करने से घर में भी बरकत आती है।

**इस दिशा में रखें रसोई का सामान**–यदि आपकी रसोई घर की उत्तर-पूर्व दिशा में बनी है तो गैस चूल्हे को आग्नेय कोण में रखें। रसोई के ईशान कोण में साफ बर्तन में जल भरकर रखें। मान्यताओं के अनुसार, इससे घर में धन का प्रवाह बढ़ता है और रुका हुआ धन भी व्यक्ति को वापिस मिलता है।

**मां लक्ष्मी की ऐसी तस्वीर लगाएं** –घर की उत्तर दिशा में देवी लक्ष्मी की ऐसी तस्वीर लगाएं जिसमें वह कमलासन पर बैठी हों और स्वर्ण मुद्राएं गिन रही हों। वास्तु के अनुसार, घर में मां लक्ष्मी की ऐसी तस्वीर लगाने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

# थाना समाधान दिवस पर 28 में से 2 मामलों का मौके पर निस्तारण



**स्वतंत्र भारत मऊ।** घोसी कोतवाली परिसर में शनिवार को उपजिलाधिकारी अशोक सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए गए।थाना समाधान दिवस में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 22 मामले राजस्व विभाग से और 6 मामले पुलिस विभाग से संबंधित थे। पुलिस विभाग के दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।इस अवसर पर नायब तहसीलदार अभिषेक वर्मा और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय ने भी फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।उपजिलाधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी निस्तारण करना है। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को समय पर न्याय मिल सके और उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय ने कहा कि पुलिस से संबंधित शिकायतों को पूरी गंभीरता के साथ सुना जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हर प्रकरण में निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आमजन का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास और मजबूत हो।कार्यक्रम में उपनिरीक्षक विजयशंकर, अशोक सिंह, कानूनगो मतीन खान, लेखपाल अरविंद पांडेय, नगर पंचायत के शादाब खान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का नियमानुसार और समयबद्ध समाधान किया जाएगा।

## न्याय के लिए मंडल तहसील कोतवाली का चक्कर काट रही पीड़िता

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के हांसपुर गांव निवासी एक महिला ने अपने जर्जर मकान पर टिन शेड लगवाने में पड़ोसियों द्वारा बाधा उत्पन्न किए जाने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। गांव निवासी विद्यावती देवी पत्नी सुरेश विश्वकर्मा ने मंडल आयुक्त आजमगढ़, पुलिस अधीक्षक मऊ एवं थानाध्यक्ष मुहम्मदाबाद गोहना को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका लगभग 40 वर्ष पुराना मकान काफी जर्जर हो चुका है। बरसात के दिनों में मकान में पानी भर जाता है, जिससे परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मकान की सुरक्षा एवं बारिश से बचाव के लिए वह अपने घर पर टिन शेड लगवा रही हैं। पीड़िता का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग टिन शेड लगाने में लगातार व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं।

# बच्चों के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट नौ घायल; सात जिला अस्पताल रेफर



**स्वतंत्र भारत सेवराई (गाजीपुर)।** गहमर थाना क्षेत्र के मगरखाई गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद ने शनिवार को हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और पथराव में कम से कम नौ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सात लोगों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में एक बारात आई हुई थी। बारात के दौरान नृत्य कार्यक्रम में शामिल होने गए दो युवकों के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप है। घटना के बाद घायल युवक अपने घर पहुंचे और परिजनों को पूरी जानकारी दी। इसके बाद परिजन शिकायत लेकर दूसरे पक्ष के दरवाजे पर पहुंचे, जहां विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि इस दौरान ईंट-पत्थरों का भी प्रयोग किया गया, जिससे कई लोग घायल हो गए। घायलों में सुबोध कुमार (23) पुत्र श्रीकांत राम, नीतीश कुमार (18) पुत्र जयराम, जगनारायण राम (40) पुत्र बिहारी राम, सोनेलाल राम (40) पुत्र बनारसी राम, कृष्णा कुमार (25) पुत्र हरिनारायण राम, रामलाल राम (50) पुत्र सहतु राम, सूरज कुमार (25) पुत्र सोनेलाल राम, मनीष कुमार (26) पुत्र मनोज कुमार तथा अविनाश कुमार (26) पुत्र रामलाल राम शामिल हैं। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और मामले की जांच शुरू कर दी। इस संबंध में गहमर कोतवाल नंदकुमार तिवारी ने बताया कि मारपीट की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर लगभग छह-छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खबर एक नज़र

### मऊ में पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

**स्वतंत्रभारत मऊ।**पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में शनिवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की व्यापक जांच की गई। 28 टीमों द्वारा 35 स्थानों पर चलाए गए अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 353 वाहनों का चालान किया गया तथा 2 वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया। एसपी ने आमजन से सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग की अपील की है।

### पॉक्सो मामले का आरोपी गिरफ्तार, वारंटी भी दबोचा गया

**स्वतंत्रभारत मऊ।**पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मऊ पुलिस को दो मामलों में सफलता मिली है। थाना मुहम्मदाबाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट एवं अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्त मो. सैफ (19) निवासी डोडोपुर, जनपद आजमगढ़ को ग्राम उम्मनपुर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वहीं थाना मधुबन पुलिस ने वारंटी अनिल यादव निवासी उन्दुरा बहरामपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया।

### दरवाजा लगाने के नाम पर 38 हजार हड़पने का आरोप

**स्वतंत्रभारत मऊ।** कोतवाली क्षेत्र के भातकोल गांव के एक कारीगर पर मकान में दरवाजा लगाने के नाम पर 38 हजार रुपये लेने और काम न करने का आरोप लगा है। पीड़ित भूपेंद्र पांडेय ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर धनराशि वापस दिलाने एवं कार्रवाई की मांग की। उनका आरोप है कि पैसा मांगने पर आरोपी और उसके पुत्र फोन पर धमकी दे रहे हैं। कोतवाली प्रभारी के.के. वर्मा ने बताया कि शिकायत की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बारिश में भीगकर ट्रेन पकड़ने को मजबूर यात्री

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन पर बारिश और उमस के बीच यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्लेटफार्म संख्या 1 व 2 पर पीपी शेल्टर सीमित दूरी तक ही लगे होने के कारण लंबी दूरी की ट्रेनों के अधिकांश कोच खुले हिस्से में रुकते हैं। शनिवार को ताप्ती गंगा एक्सप्रेस के आगमन के दौरान हुई बारिश में यात्रियों को भीगते हुए ट्रेन में चढ़ना और उतरना पड़ा। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से प्लेटफार्मों पर अतिरिक्त पीपी शेल्टर लगाने की मांग की है, ताकि बारिश के मौसम में यात्रियों को राहत मिल सके।

### मेला देखने गई युवतियों से छेड़खानी का आरोप

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र के एक गांव में मेला देखने गई युवतियों के साथ कथित छेड़खानी और विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर एक नामजद तथा 5-6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि मेला देखने गई उनके परिवार की युवतियों के साथ कुछ युवकों ने छेड़खानी की। जब परिवार के एक युवक ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की, मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने कैश खान निवासी क्षेत्र तथा 5-6 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा संख्या 204/2026 के तहत बीएनएस की धारा 3(5), 75(2), 115(2), 352, 351(3) एवं 126(2) में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### दरगाह से 6 लोगों को थाने लाई पुलिस

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** शुक्रवार की शाम दरगाह क्षेत्र से छह लोगों को पुलिस द्वारा थाने लाए जाने की सूचना के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। लोगों के बीच यह चर्चा रही कि पुलिस ने जुआ खेलने की आशंका में कार्रवाई करते हुए उक्त लोगों को थाने लाया था। शनिवार को मामले की जानकारी लेने पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि थाने लाए गए लोगों में एक व्यक्ति हृदय रोग का मरीज था। उन्होंने कहा कि जांच-पड़ताल के दौरान किसी के पास से जुआ खेलने से संबंधित कोई नकदी अथवा अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। पर्याप्त साक्ष्य न मिलने के कारण किसी के खिलाफ कोई विधिक कार्रवाई नहीं की गई और सभी को छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी के बयान के बाद अब क्षेत्र में यह सवाल उठ रहा है कि यदि मौके से कोई आपत्तिजनक सामग्री या जुआ की रकम नहीं मिली थी तो लोगों को थाने तक लाने की वजह क्या थी। वहीं पुलिस का पक्ष है कि सूचना के आधार पर पूछताछ की गई थी और जांच में कोई अपराध सिद्ध न होने पर सभी को छोड़ दिया गया। फिलहाल मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि कानून के तहत जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाती है और साक्ष्य के अभाव में किसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

### जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर आप का प्रदर्शन

**स्वतंत्रभारत मऊ।**आम आदमी पार्टी मऊ के जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह के नेतृत्व में शनिवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों की अनियमित उपस्थिति, मरीजों को बाहर की दवाएं लिखे जाने, जांच मशीनों के बंद रहने, साफ-सफाई की बदहाल स्थिति तथा दलालों की सक्रियता जैसे गंभीर मुद्दे सामने आए।इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर 15 दिनों के भीतर स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार की मांग की गई। विक्रम जीत सिंह ने कहा कि जिला अस्पताल गरीब और जरूरतमंद मरीजों की अंतिम उम्मीद है, लेकिन यहां मरीजों को इलाज से अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन में डॉक्टरों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने, अस्पताल एवं जन औषधि केंद्र पर उपलब्ध दवाओं को निःशुल्क उपलब्ध कराने, सभी जांच मशीनों को सुचारु कर जांचें अस्पताल में ही कराने, दलाली और बिचौलियागिरी पर रोक लगाने, साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने तथा अस्पताल परिसर व पहुंच मार्ग की जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की गई। आप जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी जनता को साथ लेकर जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन करेगी। इस दौरान गुलशन सिन्हा, संजय राजभर, अशोक कुमार और अवधेश मौर्य सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन बस सेवा में किराया व टिकट व्यवस्था पर उठे सवाल

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मधुबन तहसील अंतर्गत नुरुल्लापुर से सूरजपुर होते हुए जिला मुख्यालय तक संचालित मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना की बस सेवा को लेकर यात्रियों ने किराया और टिकट व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। यात्रियों का कहना है कि योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को सुलभ एवं किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है, लेकिन कुछ व्यवस्थाओं को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।पूर्व जिला सपा अध्यक्ष एवं दिव्यांग यात्री जोगेंद्र यादव ने बताया कि दिव्यांगजन होने के बावजूद उनसे किराया लिया गया। उन्होंने कहा कि अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में उन्हें नियमानुसार छूट मिलती रही है। उन्होंने संबंधित विभाग से नियमों को स्पष्ट करने की मांग की है।वहीं पवन रामजी लाल सहित अन्य यात्रियों का कहना है कि बस में यात्रा के दौरान टिकट वितरण व्यवस्था को और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। उनका कहना है कि कई यात्रियों को समय पर टिकट नहीं मिलने की शिकायत रहती है, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है।यात्रियों ने यह भी कहा कि जिला मुख्यालय तक निजी साधनों का किराया करीब 70 रुपये है। ऐसे में मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना के तहत संचालित बस सेवा में किराया अपेक्षाकृत कम होने की उम्मीद रहती है। उन्होंने विभाग से किराया दरों की समीक्षा कर आवश्यक जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह बस सेवा क्षेत्र के लोगों के लिए उपयोगी साबित हो रही है लेकिन टिकट वितरण और किराया संबंधी शिकायतों का समाधान होने से यात्रियों को और अधिक सुविधा मिल सकेगी।

## बाल प्रेरणा गोष्ठी में बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया

**बरसठी जौनपुर।** क्षेत्र के बसहरा (पांडेयपुर) गांव में शिक्षा सहयोग समिति ट्रस्ट की ओर से बाल प्रेरणा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बच्चों को शिक्षा, अनुशासन और अच्छे संस्कारों के महत्व की जानकारी देते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग वितरित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए समिति के संस्थापक संतोष कुमार पांडेय (व्यास जी) ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि बेहतर समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को पढ़ाई के साथ अच्छे संस्कारों को भी अपनाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रशांत मिश्रा, अनमोल मिश्रा, सूरज पांडेय, दीनानाथ पांडेय, रणधीर, पिंटू सहित समिति के पदाधिकारी, अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# साइबर ठगी के बड़े गिरोह का खुलासा



**जौनपुर।** साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जौनपुर साइबर क्राइम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लोन, निवेश, टूर एंड ट्रैवल्स तथा इंश्योरेंस पैकेज के नाम पर लोगों को झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक कथित साइबर गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, बैंकिंग दस्तावेज, एटीएम कार्ड, चेकबुक और नकदी समेत बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, साइबर क्राइम पोर्टल और अन्य तकनीकी माध्यमों से की गई जांच के बाद 12 जून की रात सुखलालगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बरसठी थाना क्षेत्र के पपरावन निवासी शुभम सिंह के रूप में हुई है। उसके खिलाफ साइबर क्राइम थाना जौनपुर में विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी लोगों को लोन दिलाने, निवेश पर आकर्षक लाभ देने तथा टूर एंड ट्रैवल्स एवं इंश्योरेंस पैकेज उपलब्ध कराने का झांसा देता था। इसके लिए वह फोन, व्हाट्सएप और अन्य ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग कर लोगों का विश्वास जीतता था। बाद में प्रोसेसिंग फीस, वेरिफिकेशन शुल्क, इंश्योरेंस और अन्य मदों के नाम पर धनराशि अपने खातों में जमा कराता था। पुलिस का दावा है कि आरोपी फर्जी आधार कार्ड और सिम कार्ड का उपयोग कर विभिन्न बैंक खातों का संचालन करता था। इन खातों में ठगी की रकम जमा कराकर एटीएम, चेकबुक और अन्य माध्यमों से धन निकाला जाता था। जांच में अब तक करीब ढाई करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी से जुड़े तथ्य सामने आए हैं। आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र सहित अन्य स्थानों पर भी मामले दर्ज बताए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। साथ ही आम लोगों से किसी भी ऑनलाइन निवेश, लोन या आकर्षक ऑफर के झांसे में आने से बचने की अपील की गई है।

# योग से जागता है ऊर्जा और आत्मविश्वास : कुलपति



**जौनपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व आयोजित विशेष योग सत्र में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के नेतृत्व में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का इनडोर स्टेडियम सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और उत्साह से सराबोर हो उठा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने स्वयं योग प्रशिक्षक की भूमिका निभाते हुए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के लगभग 600 छात्र-छात्राओं को योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर कुलपति ने विभिन्न योगासनों एवं ध्यान की विधियों का प्रशिक्षण देते हुए योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और व्यक्तित्व विकास का सशक्त आधार है। योग व्यक्ति के तन, मन और आत्मा को जोड़कर जीवन को संतुलित, स्वस्थ और उद्देश्यपूर्ण बनाता है। प्रो. वंदना सिंह ने कैडेटों से नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में योग तनाव को कम करने और कार्यक्षमता बढ़ाने का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने बताया कि कई ऐसे सरल योगाभ्यास हैं जिन्हें अध्ययन या कार्यालय के दौरान बैठकर भी किया जा सकता है। उन्होंने भारतीय ऋषि-मुनियों और महापुरुषों के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि योग के माध्यम से उन्होंने न केवल दीर्घायु प्राप्त की, बल्कि अद्भुत ऊर्जा, एकाग्रता और कार्यक्षमता का परिचय भी दिया। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे अपनाकर युवा पीढ़ी स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेटों में विशेष उत्साह देखने को मिला। योगाभ्यास के बाद विद्यार्थियों ने इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मकता का वातावरण बना रहा, जिसने सभी प्रतिभागियों को योग के प्रति प्रेरित किया।

## ताजिया चबूतरे के पास मकान निर्माण को लेकर विवाद

**स्वतंत्र भारत मऊ।** ग्राम सभा सूरजपुर में ताजिया चबूतरे के समीप मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद खड़ा हो गया। सूचना मिलते ही राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की हिदायत दी।जानकारी के अनुसार सूरजपुर निवासी बीरबली गुप्ता अपने जर्जर मकान का पुनर्निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान ताजियादारों ने ताजिया चबूतरे के निकट निर्माण कार्य पर आपत्ति जताई, जिसके बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया। पीड़ित बीरबली गुप्ता ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर कर न्याय की मांग की है।विवाद की सूचना पर पहुंचे लेखपाल एवं पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी पक्ष को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा विवाद का समाधान आपसी सहमति और विधिक प्रक्रिया के तहत कराया जाएगा। मामले को लेकर हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिलामंत्री अजय राय ने कहा कि ताजिया रखने की परंपरा का सम्मान होना चाहिए।

# स्थानांतरण पर भड़का लेखपाल संघ मुहम्मदाबाद तहसील में धरना

**स्वतंत्र भारत मोहम्दाबाद मुहम्मदाबाद (गाजीपुर)।** स्थानांतरण नीति को लेकर लेखपाल संघ का विरोध अब खुलकर सामने आने लगा है। शनिवार को तहसील इकाई मुहम्मदाबाद के बैनर तले लेखपालों ने धरना प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और अपनी छह सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार राय ने कहा कि स्थानांतरण प्रक्रिया में संघ पदाधिकारियों को भी शामिल किया गया है, जो नियमों और परंपराओं के विपरीत है। उनका आरोप था कि इससे संगठन को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुहम्मदाबाद तहसील में कार्यरत लेखपाल केशव श्रीवास्तव का स्थानांतरण उस समय किया गया है जब उनके सेवाकाल के केवल चार माह शेष हैं, जबकि शासनादेश के अनुसार ऐसे मामलों में विशेष विचार किया जाना चाहिए। लेखपाल संघ ने अपनी मांगों में तहसील जमानिया में लंबित वेतन भुगतान तत्काल बहाल करने, पति-पत्नी दोनों के एक साथ स्थानांतरण जैसे मामलों पर पुनर्विचार करने तथा महिला लेखपालों की समस्याओं के समाधान की मांग भी उठाई। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो लेखपाल अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने और सरकारी कार्यों के बहिष्कार का निर्णय ले सकते हैं। धरना प्रदर्शन में तहसील अध्यक्ष संतोष कुमार राय, उपाध्यक्ष रविकांत सिंह, तहसील मंत्री अफसर अली, अखिलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

# बाढ़ सुरक्षा को लेकर प्रशासन हुआ सक्रिय ग्रामीणों से लिया गया फीडबैक

**स्वतंत्रभारत मऊ।** आगामी मानसून और संभावित बाढ़ को देखते हुए सिंचाई विभाग ने शनिवार को प्रधानपुर सरया गांव में प्रगति पदयात्रा, चौपाल एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित कर बाढ़ सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान मुहम्मदाबाद शहर सुरक्षा बांध से संबंधित बाढ़ सुरक्षा समिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें बांध की वर्तमान स्थिति, कटान की आशंकाओं और सुरक्षा उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। सरकार बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए पहले से तैयारी कर रही है और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। शासन और आमजन के बीच समन्वय मजबूत होने से विकास योजनाओं का लाभ तेजी से लोगों तक पहुंच रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता छोटू प्रसाद ने बांध की सुरक्षा और संभावित कटान के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए। उन्होंने स्थानीय समितियों को सक्रिय भूमिका निभाने की सलाह देते हुए कहा कि क्षेत्रीय समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने में समितियां महत्वपूर्ण कड़ी साबित होती हैं।बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बाढ़ सुरक्षा संबंधी तैयारियों की जानकारी दी और समिति के सदस्यों से प्राप्त सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवर अभियंता इमरान ने की। इस अवसर पर सहायक अभियंता संजय मैत्रेय, सहायक अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र वर्मा, जेई संदीप चौहान, बृजेश कुमार यादव, सतीश चंद्र, बलराम, अजय, जयराम पाल, रणविजय समेत विभागीय अधिकारी, समिति सदस्य और क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बैरियर से नहीं गुजर पा रही एंबुलेंस

**स्वतंत्र भारत मऊ।** घोसी मार्ग पर तमसा नदी पुल के जर्जर हो जाने के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के लिए बैरियर लगाया गया है। हालांकि इस व्यवस्था से सबसे अधिक परेशानी नदी के उस पार रहने वाले ग्रामीणों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बैरियर की ऊंचाई कम होने के कारण सरकार द्वारा संचालित 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवाएं इस मार्ग से नहीं गुजर पा रही हैं। ऐसे में मरीजों को पहले निजी वाहनों से बैरियर तक लाना पड़ता है, उसके बाद एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया जाता है। इससे गंभीर मरीजों के उपचार में देरी होने की आशंका बनी रहती है और लोगों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता तेजनाथ मौर्य ने संबंधित विभाग और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग की है कि बैरियर की ऊंचाई इतनी बढ़ाई जाए कि एंबुलेंस आसानी से आवागमन कर सके।

# समाधान दिवस में सुनी गईं 13 शिकायतें तीन मामलों का मौके पर निस्तारण



**रामपुर जौनपुर।** थाना रामपुर परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार राकेश कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार की उपस्थिति में क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामलों तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं। प्राप्त शिकायतों में से तीन मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष प्रार्थना पत्रों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि लंबित मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए। तहसीलदार राकेश कुमार ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से शिकायतों के निस्तारण में पूरी पारदर्शिता और गंभीरता बरतने को कहा। वहीं प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुनकर उनका शीघ्र निस्तारण करना है, जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# राम मंदिर में दान घोटाले के सवाल पर नृपेन्द्र मिश्र ने टिप्पणी देने से किया इंकार

## राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने कहा- मैं केवल निर्माण देखता हूं और कुछ नहीं, समिति की बैठक में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं पर चर्चा करने आया हूं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र शनिवार को अयोध्या पहुंचे। वह श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा और निर्माण समिति की महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए आए हैं। उनके आगमन पर महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंदिर ट्रस्ट और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर मीडिया से संक्षिप्त बातचीत के दौरान उन्होंने ने स्पष्ट किया कि उनकी जिम्मेदारी केवल राम मंदिर और उससे जुड़े निर्माण कार्यों की निगरानी तक सीमित है। उन्होंने कहा कि वह निर्माण संबंधी गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करने तथा विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति का आकलन करने के लिए अयोध्या आए हैं। उन्होंने बताया कि निर्माण समिति की बैठक में मंदिर परिसर के भीतर और आसपास चल रही विभिन्न निर्माण परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और आगामी चरणों को लेकर भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में निर्माण कार्यों से जुड़े विशेषज्ञों और संबंधित अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। मीडिया द्वारा मंदिर में कथित दान घोटाले से संबंधित सवाल पूछे जाने पर नृपेंद्र मिश्र ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, मैं केवल निर्माण कार्य देखता हूं और कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि उनका कार्यक्षेत्र निर्माण परियोजनाओं की निगरानी और उनके सफल क्रियान्वयन तक सीमित है। गौरतलब है कि राम मंदिर परिसर में विभिन्न निर्माण और सौंदर्याकरण परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में निर्माण समिति की यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। माना जा रहा है कि समिति की यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। माना जा रहा है कि बैठक में निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के साथ-साथ आगामी योजनाओं पर भी निर्णय लिए जाएंगे, जिससे मंदिर परिसर के विकास कार्यों को और गति मिल सके।



# नगर निगम की डोर टू डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था चरमराई




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी प्रत्येक ''सप्ताह नगर निगम आपके द्वार'' योजना के तहत सफाई अभियान चला रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ घरों से कूड़ा उठाने वाली कम्पनी के कर्मचारी व सफाई कर्मी लगातार गायब रहते हैं, जिसकी वजह से जनता काफी परेशान हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड हनुमत नगर पहाड़गंज क्षेत्र में कूड़ा उठाने वाले सफाई कर्मियों के ना आने के कारण लोगों को अपने घरों का कूड़ा गलियों में सड़कों पर फेंकना पड़ रहा है। अगर जनता शिकायत करती है तो नगर निगम के सफाई ठेकेदार व सफाई कर्मी के साथ-साथ अधिकारी भी नहीं सुनते हैं। जनता का कहना है कि जिले के किसी न किसी नेता का हाथ इसमें है, जिससे ऊपर के लोगों को सुनाई नहीं देता है। अयोध्या की सफाई व्यवस्था रामभरोसे है। अगर हकीकत में देखा जाय तो अयोध्या नगर निगम में साठ वार्ड हैं जिसमें गिने चुने वार्डों में ही सफाई व्यवस्था है जिसमें गंदगी का प्रकोप है। नालियां टूटी हुई है, सड़क टूटी हुई है, जनता को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अगर किसी अधिकारी को साठों वार्डों में अंदर से देखना हो तो अंदर से देख सकते हैं। नगर निगम के क्षेत्र में अगर देखा जाय तो नये घाट से लेकर सहादतगंज तक सफाई रहती है।

# प्रेस क्लब अध्यक्ष का मनाया गया जन्मदिन अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या सर्किट हाउस के सभागार में प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के जन्मदिन के अवसर पर इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में पत्रकारों ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में पत्रकारों ने उनके पत्रकारिता क्षेत्र में योगदान की सराहना की। इस मौके पर आकाश सोनी, मनोज शर्मा सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सभी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि आज सुबह मेरे जन्मदिवस पर अयोध्या में प्रमोद वन में स्थित कांची मठ में जाकर मां कामाक्षी मंदिर और श्रीराम का दर्शन-पूजन करने के बाद, वहां पर वैदिक की पढ़ाई कर रहे छोटे बच्चों को तथा सिलाई-कढ़ाई कर रहीं छात्राओं को उनकी पत्नी सुषमा प्रभा श्रीवास्तव ने दीर्घायु के लिये फल वितरण किया। इस अवसर पर मठ के प्रबंधक रामचन्द्रम् तथा सुशीला भी मौजूद थीं।

# किसान खरीफ में अपने घर का भी करें प्रयोग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला कृषि रक्षा अधिकारी सौरभ वर्मा ने बताया कि जो किसान खरीफ में अपने घर का बीज बुआई के लिए प्रयोग कर रहे है उसको बीज शोधन करके ही बोये। बीज शोधन करने से बीज जनित बीमारियों का नियंत्रण आसानी से हो जाता है। बीज शोधन करने से बीज के ऊपर चिपका हुआ रसायन बीज पर आक्रमण करने वाले फफूंदियों को नष्ट कर देता है। धान में बीज शोधन के लिए 2.5 ग्राम थीरम 75 प्रतिशत अथवा 2 ग्राम कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत अथवा 2 ग्राम थीरम 75 प्रतिशत + एक ग्राम कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत प्रति किग्रा0 बीज में बुवाई से पूर्व मिलाना चाहिए। भूमि शोधन के लिए 2.5 किग्रा0 ट्राइकोडरमा को 50 किग्रा0 सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर एक सप्ताह छायें में रखकर आखिरी जुताई के समय मिलाना चाहिए। भूमि शोधन करने से भूमि जनित बीमारियों का नियन्त्रण हो जाता है। दीमक वाले क्षेत्रों में 2.5 किग्रा0 ब्यूवेरिया वैसियाना 1 प्रतिशत, 50 किग्रा0 गोबर की खाद में मिलाकर रखने के बाद खेत में प्रयोग करें जिससे दीमक नियंत्रण हो जायेगा।

# अम्बेडकरनगर में समाधान दिवस सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के साथ थाना कोतवाली अकबरपुर में जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम और एसएसपी ने अम्बेडकरनगर की जनता की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद निस्तारण करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। जनता जिलाधिकारी और एसएसपी से संतुष्ट नजर आ रही है कि उनका कार्य समस्याओं को ध्यान से सुनकर किया जा रहा है। समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली अकबरपुर में जनसमस्याओं की शिकायतें लगातार आयीं और उसको जनता के समक्ष प्रार्थना पत्र ध्यान से पढ़ा और तुरन्त कार्यवाही करने के लिये उसी अधिकारी को निर्देश दिया जो कार्यवाही कर सकेगा। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा कर्तव्य है।

# डीएम ने परियोजनाओं की किया समीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निर्माण परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परियोजनाओं के निरीक्षण हेतु नामित नोडल अधिकारी इस माह परियोजना का निरीक्षण करते हुये अपनी रिपोर्ट समय पर प्रेषित करें तथा परियोजना से संबंधित कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारी समस्त अभिलेखों के साथ नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य में सहयोग करें। जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं एवं विभागीय अधिकारियों से परियोजनावार प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समय से पूर्ण किए जाएं और कार्य स्थलों पर सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जायें। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं में कार्य प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, उनमें आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कार्य में तेजी लाई जाए और जहां आवश्यता हो उनमें परियोजना की तिथियों में संशोधन कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा निर्माणाधीन भवनों, सड़कों, पुलों, स्वास्थय एवं शैक्षिक संस्थानों सहित अन्य विकासात्मक परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण करने तथा कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की अद्यतन रिपोर्ट निर्धारित समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अशोक शाक्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिल्कीपुर में समाधान दिवस सम्पन्न




**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** शासन की मंशा के अनुरूप शनिवार को मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों इनायतनगर, कुमारगंज और खंडासा–में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इनायतनगर थाने में तहसीलदार संतोष कुमार कुशवाहा एवं थाना प्रभारी की मौजूदगी में जनसुनवाई की गई। इस दौरान कदनपुर पूरे कल्पी निवासी महावीर ने भूमि संख्या 277 पर अवैध रूप से घूर लगाने की शिकायत दर्ज कराई। कुमारगंज थाने में क्षेत्राधिकारी पियूष की अध्यक्षता में शिकायतों की सुनवाई हुई। यहां कुल 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें एक मामले का मौके पर समाधान कराया गया। खंडासा थाने में थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सोनकर ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां 10 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें एक का तत्काल निस्तारण किया गया।

# सुचित्तागंज के व्यापारी प्रिंस गुप्ता बनाये गये अध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अयोध्या के युवा अध्यक्ष के पद पर सूचितागंज बाजार के व्यापारी प्रिंस गुप्ता की नियुक्ति की घोषणा जिला अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह एवं महानगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट व्यवसायी जसबीर सिंह सेठी को जिला उपाध्यक्ष एवं मनीष गोयल को महानगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता ने बताया कि अगले वर्ष मार्च 2027 में प्रदेश के चुनाव होने हैं, उसके पूर्व जिला अयोध्या को मजबूत करने के लिए पुनर्गठन की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिलों की अंधाधुंध बढ़ोतरी की समस्या पर चिंता प्रकट की थी।

# गरीबों के राशन पर डाका, गांववासी मजबूर, डीएम से लगाई गुहार : सपा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मिल्कीपुर तहसील के हरिनटीगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्हीपुर में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान संचालक कोटेदार द्वारा राशन वितरण में अनियमितता, परंतु राशन नहीं देते पात्र लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा से कम राशन दिए जाने तथा शिकायत करने पर अभद्र व्यवहार करते हैं। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों के हितों की बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर पात्र लाभार्थियों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन और खाद्य एवं रसद विभाग से सवाल किया कि आखिर शिकायतों के बावजूद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? रीता निषाद, नीलम कुमारी,माया देवी, किशन निषाद, दिनेश, रोहित निषाद, मोनू, विजय कुमार, अमरजीत, पंडाल, गायत्री, रामरति, तारावती, गायत्री, रीता, शिवनारायण शीला छवि राजी, सीता देवी, निर्मला, बड़का, सुषमा, किस्मत, कुसुम, रेवती, रामावती, आदि लोग उपस्थित हैं।

# बेजुबान पशुओं के लिए आगे आया अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राम नगरी अयोध्या में सामाजिक सरोकारों को नई दिशा देते हुए अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान ने बेजुबान पशुओं के लिए सराहनीय पहल की। भीषण गर्मी के बीच संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सड़क किनारे घूम रहे पशुओं को तरबूज और ब्रेड वितरित कर मानवता और करुणा का संदेश दिया। संस्था के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव और अरुण कुमार यादव की मौजूदगी में चलाए गए इस अभियान को स्थानीय लोगों ने भी खूब सराहा। सेवा कार्य के दौरान पशुओं को भोजन और पानी उपलब्ध कराया गया, जिससे गर्मी में परेशान बेजुबान जीवों को राहत मिल सकी। संस्था की ओर से बताया गया कि अब यह सेवा अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा। विशेष रूप से महिलाओं की टीम हर माह दो दिन इस कार्य को समर्पित करेगी। इस दौरान शशि रावत समाज सेविका, शैल कुमारी रत्ना जायसवाल, मंडल अध्यक्ष प्रतिभा यादव, सुप्रिया श्रीवास्तव, बबीता यादव और नीति श्रीवास्तव की सक्रिय भागीदारी रही। संस्था का मानना है कि महिलाओं की सहभागिता से सामाजिक सेवा अभियानों को और मजबूती मिलेगी। अब बेजुबान पशुओं के लिए शुरू किया गया यह अभियान संस्था के सेवा कार्यों को एक नई पहचान देता नजर आ रहा है। समाज को दिया संवेदनशीलता का संदेश इस पहल के जरिए संस्था ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि समाज की जिम्मेदारी केवल इंसानों तक सीमित नहीं है। बेजुबान पशुओं के प्रति दया, संवेदना और संरक्षण भी हमारी सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारी का हिस्सा है।

# शहादत दिवस मनाया जायेगा 15 जून को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अशफ़ाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान सोमवार 15 जून को 1857 के अमर शहीद मौलवी अहमद उल्ला शाह का शहादत दिवस पी डब्लू डी श्रमिक संघ कार्यालय सिविल लाइंस में मनाएगा। शहादत दिवस प्रातः काल 11 बजे से शहीद के चित्र पर माल्यार्पण करके प्रारंभ होगा। संस्थान के सेकेट्री विश्व प्रताप सिंह अंशू ने बताया कि शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पाण्डेय, सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक है। कार्यक्रम में नगर के बुद्धिजीवी, पत्रकार एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक कर्मी आमंत्रित किए गए हैं।

# भाकपा ने जनपद के प्रभारी मंत्री के बयान की किया आलोचना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भाकपा नेता एवं समाजसेवी सूर्यकांत पाण्डेय ने जनपद के प्रभारी मंत्री के उस बयान की आलोचना किया है जिसमें चढ़ावे की भयंकर लूट को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का आंतरिक मामला बताते हुए पल्ला झाड़ने का असफल प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि देश के सैकड़ों समाजसेवी ट्रस्टों पर ईडी सीबीआई और अन्य गैर-सरकारी संगठनों पर लगाने वाली सरकार इस ट्रस्ट की लूट को आंतरिक मामला बता कर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह लूट सीधे केंद्र सरकार के लचीलेपन का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच तुरंत सीबीआई से करवाया जाना आवश्यक है। प्रत्येक भ्रष्टाचार पर सीधे ईडी भेजने, प्रभावित लोगों के संस्थान अपने चहेते को खरीदवाने तथा, विरोधी दलों के लिए करने वाली सरकार लगातार सुर्खियों में चलने वाले श्रद्धालुओं के धन की लूट कैसे बर्दाश्त कर रही है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित तरीके से की जा रही श्रद्धा के धन की लूट है जिसका खुलासा केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने मांग किया कि सभी संदिग्ध लोगों को तत्काल हिरासत में लेकर चढ़ावे के धन की लूट का पर्दाफाश आवश्यक है वर्ना लोगों का विश्वास टूट जाएगा।

# स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, मौके पर महिला की मौत

**स्वतंत्र भारत मिल्कीपुर (सं.)** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पार कर रही एक महिला की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए फरार वाहन की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमारगंज थाना क्षेत्र के नरेंद्राभादा पूरे रमधीर गांव निवासी लगभग 55 वर्षीय भक्तिन अपनी पुत्री के घर ग्राम डीली गिरधर आई हुई थीं। बताया जाता है कि वह पास स्थित एक बाबा के दर्शन के लिए गई थीं। वहां से लौटकर जब वह डीली गिरधर गांव वापस जा रही थीं, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर डीली गिरधर मोड़ के निकट सड़क पार करते समय तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस छानबीन कर रही है।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का किया गया आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता बढाने हेतु एक विशाल जागरूकता रैली का अयोजन किया गया। रैली में श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन, सामाजिक संगठनों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से बाल श्रम छोड़ो, शिक्षा से नाता जोड़ो तथा हर बच्चे का अधिकार-शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान बाल श्रम अपराध है बाल श्रम एक सामाजिक बुराई है जैसे संदेश दिये गए। इसके उपरान्त वृहद संगोष्ठी का अयोजन किया गया, जिसमें श्रम विभाग के अधिकारियों, चाइल्ड लाइन प्रतिनिधियों एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने बाल श्रम के दुष्परिणामों, बच्चों के शिक्षा एवं संरक्षण के अधिकार तथा बाल श्रम निषेध से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे बाल श्रम की किसी भी घटना की सूचना संबंधित विभागों को दें तथा बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग करें। सहायक श्रमायुक्त अयोध्या द्वारा मंच का संचालन एवं कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए विशेष अतिथि के तौर पर सहायक निदेशक कारखाना अनंत कुमार, जिला प्रोवेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, ए0एच0टी0यू0 प्रभारी गौरीशंकर पाल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी भूपेन्द्र, गौरव गुप्ता, सत्येन्द्र प्रताप एवं शिव कुमार यादव, प्रशासनिक अधिकारी, श्रीमती पल्लवी दीक्षित जिला कोआर्डिनेटर चाइल्ड लाइन (1098) श्रीमती कविता मिश्रा अपराजिता सेवा संस्था (एन0जी0 ओ0), वन स्टाप सेन्टर प्रभारी श्रीमती प्रभा पाल, श्रीमती वंदना तिवारी, व्यापार मण्डल अयोध्या से पंकज गुप्ता, विमल मिश्रा, विनय कटियार, राजेश चौहान एवं विभागीय कर्मचारी, जन सामान्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प भी लिया।

# मां सरयू को 11 सौ मीटर चुनरी अर्पण दुग्धाभिषेक व दिव्य आरती आज



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** अधिक मास के पुण्य अवसर पर अयोध्या धाम में रविवार को श्रद्धा, भक्ति और सनातन परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। विश्व कल्याणार्थ आयोजित 25 दिवसीय श्री श्री 1008 श्रीविष्णु महायज्ञ के अंतर्गत सायं चार बजे सरयू तट कच्चा घाट पर मां सरयू का दुग्धाभिषेक, भव्य आरती, चुनरी महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सहभागिता से मां सरयू को 11 सौ मीटर लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी, जिसे लेकर भक्तों में विशेष उत्साह है। सिद्धपीठ संकटमोचन हनुमान किला धर्मपथ बाईपास पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ 22 मई को हुआ था, जो 15 जून तक चलेगा। आयोजन के अध्यक्ष एवं संरक्षक श्रीहनुमन्त लाल जी महाराज के सान्निध्य में चल रहे इस महायज्ञ के समापन समारोह में पूर्व सांसद लल्लू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मुंबई निवासी श्रीराम भाई मुख्य यजमान के रूप में वैदिक अनुष्ठानों में सहभागिता करेंगे। यज्ञाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय पंच तेरहभाई त्यागी खालसा खाक चौक व श्रीसंकट मोचन हनुमान किला के पीठाधीश्वर महंत परशुराम दास महाराज ने कहा कि अधिक मास में किए गए धार्मिक अनुष्ठान अनेक गुना फलदायी माना गया है। मां सरयू को चुनरी अर्पण, दुग्धाभिषेक और आरती का यह आयोजन विश्व शांति, राष्ट्र कल्याण तथा मानवता के मंगल की भावना से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या की जीवनरेखा मां सरयू भारतीय संस्कृति, आस्था और अध्यात्म की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके प्रति श्रद्धा अर्पित करना स्वयं में एक पुण्य साधना है।आयोजन में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विशाल सिंह उर्फ बाबा मुख्य संयोजक की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं बताते चलें कि प्रतिदिन शाम को श्रीबर्फानी दादा अखंड अन्नक्षेत्र में सैंकड़ो गरीबों को भोजन भी कराया जाता है, यह लगभग सन 2016 से निरंतर चलता आ रहा है।




# मुख्यमंत्री ने 39 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण



**आजमगढ़ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय परिसर में रू0 955 करो? से अधिक लागत की 39 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास, वृक्षारोपण, प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन कर विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। मा0 मुख्यमंत्री ने एक पे? मॉ के नाम अभियान के अन्तर्गत हरिशंकरी का वृक्षारोपण कर प्रदेशवासियों को पर्यावरणीय संचेतना का संदेश दिया। सीएम योगी ने आजमग? में 955 करो? से अधिक की लागत से 39 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों की मांग पर सीएम ने घोषणा किया कि महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में उनकी भव्य अश्वारोही प्रतिमा लगेगी। मुख्यमंत्री ने प्रशासन से कहा कि पुरानी जेल को अच्छे कन्वेंशन सेंटर या अच्छे केंद्र के रूप में ब?ाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करें। बार-बार वोट पाने वाले भी आपके हितैषी नहींमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजमग? का गौरवशाली इतिहास रहा है। ऋषि-मुनियों की साधना से पवित्र यह धरती साहित्यिक साधना का केंद्र बिंदु रही है। आजादी के आंदोलन में भाग लेकर देश को स्वतंत्र कराने का जज्बा इस जनपद में रहा है। उन्होंने कहा कि जिस जनपद में हस्तशिल्प, कारीगर, किसान, ऊर्जावान युवा हैं तो वह जनपद पहचान के लिए क्यों मोहताज हुआ। यह प्रश्न/पी?ा लेकर मैं बार-बार आजमग? आता हूं, जिन्होंने हमें बांटा और विभाजित किया, वे लगातार आपका समर्थन पाते थे, लेकिन आपके हितैषी नहीं थे। 2017 के पहले पहचान को मोहताज था आजमग?, आज सब सम्मान से कर रहे जीवनयापनसीएम ने कहा कि 2017 के पहले आजमग? पहचान के लिए मोहताज था। तब यहां विश्वविद्यालय, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय नहीं था। एयरपोर्ट भी ठीक ढंग से काम नहीं कर पा रहा था। आजमग? की सा?ी और मुबारकपुर के ब्लैक पॉटरी को भी मंच नहीं मिल पा रहा था। सीएम ने कहा कि अभी प्रदर्शनी में सभी ने अपने नई कहानी सुनाई। ब्लैक पॉटरी और सा?ी से जु? कारीगरों ने कहा कि जबसे यूपी में डबल इंजन की भाजपा सरकार आई है, तबसे हमारा कारोबार कई गुना ब?ा है। हम भी पैसा कमा रहे हैं, परिवार और हमसे जु? लोग भी सम्मान का जीवनयापन कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि नया भारत दुनिया को लोहा मनवा रहा है, जबकि 2014 के पहले के भारत की पहचान भ्रष्टाचार के नाम पर होती थी, दुनिया में सम्मान नहीं था। लोग देश की सुरक्षा में सेंध लगाते थे, सरकार मौन रहती थी तो दुश्मन आंख दिखाता था। नक्सलवाद था, गरीब की सुनवाई नहीं थी लेकिन आज पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी पी?ी नए भारत का दर्शन कर रही है। सीएम ने कहा कि राष्ट्रनायक महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं को नाको चने चबाने को मजबूर कर दिया था, जिससे डर के मारे आक्रांता भारत की धरती पर नहीं आते थे, लेकिन जब हम जाति, क्षेत्र, भाषा व परिवारवाद के नाम पर बंटने लग गए तो मोहम्मद गोरी का हमला हुआ। महाराजा पृथ्वीराज चौहान ने उस कायर आक्रांता को 17 बार परास्त किया, वह हर बार माफी मांगता था। एक बार चूक हुई तो धोखे से उसने पृथ्वीराज चौहान को बंधक बना दिया, फिर जो व्यवहार किया, वह सबके सामने है।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज की परियोजनाओं की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत देवरिया।**जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट कार्य कक्ष में महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की निर्माणाधीन विभिन्न कार्य परियोजनाओं की राजकीय निर्माण निगम एवं सीएनडीएस के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के साथ ही माह जून तक ही कार्यों को पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर, क्रिटिकल केयर यूनिट तथा अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्य गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन करते हुए माह जून तक अवश्य ही पूरे किए जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट रुप से हिदायत देते हुए कहा है कि तय समय सीमा तक कार्य पूर्ण नहीं होने पर उसकी जांच कराई जाएगी, कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी भी तय होगी तथा उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने ट्रॉमा सेंटर के निर्माण कार्य को माह जून तक पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज जनपद के साथ-साथ पड़ोसी जनपदों एवं सीमावर्ती राज्यों के मरीजों के लिए भी प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से जुड़ी परियोजनाओं में किसी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ मरीजों को बेहतर उपचार, आवश्यक दवाएं एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं भी सुचारु रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के आयोजन पर डीएम व एसएसपी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया धन्यवाद



**आजमगढ़ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन एवं भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय परिसर में रू0 955 करो? से अधिक लागत की 39 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास, वृक्षारोपण, प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन व विशाल जनसभा को सम्बोधित करने का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के सफल आयोजन के उपरांत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने ड्यूटीरत प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पुलिस कर्मियों के समर्पण भाव से किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संपूर्ण प्रशासनिक तैयारियां जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सुनिश्चित की गई। इसके लिए उन्होंने पिछले 3-4 दिनों से लगातार कार्यक्रम स्थल सहित कलेक्ट्रेट सभागार एवं कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा सभी अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए उनके कार्य दायित्वों का स्पष्ट निर्धारण किया। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण तत्परता, समर्पण भाव एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पुलिस कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समन्वय के कारण यह वीवीआईपी कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

# खेत बचाओ अभियान के तहत गोष्ठी हुई

**रौनापार (आजमगढ़) ।** हरैया विकासखंड परिसर में विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान के तहत गोष्ठी कर किसानों को दी गई जानकारी। खेत उसर होने पर जैक्सन व हरी खाद का प्रयोग करें, मिट्टी की जांच कर उचित मानक के अनुसार रसायन उर्वरक का प्रयोग करें। जैविक खेती पर ध्यान देने की सलाह दी गई जिससे लोगों का स्वास्थ्य उत्तम बना रहे।फसल अवशेष प्रबंधन पर विशेष चर्चा की गई। जिसमें फसलों को जलाने पर होने वाले नुकसान व खेत में ही पलटाई कराने के फायदे बताए गए।किसान फार्मर रजिस्ट्री करा ले हैं जिससे शासन से मिलने वाले सुविधाओं का लाभ ले सकें।डॉक्टर ओमकार राय, वैज्ञानिक डॉक्टर वीरेंद्र कुमार राय, डॉक्टर प्रशांत कुमार राय, एडिओ एजी दिलीप चौरसिया, बेचू प्रसाद, रामाश्रय, संजय कुमार आदि ने भी गोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने संगठन के सदस्यों से एकजुट होकर पत्रकार हितों के लिए कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं, संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को और सक्रिय बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला महामंत्री कृष्णमोहन उपाध्याय , तहसील अध्यक्ष शशिकांत पांडेय,उपाध्यक्ष अरविन्द विश्वकर्मा, महामंत्री अवनीश कुमार सिंह, चंडी प्रसाद सिंह, श्याम सिंह, वीरेंद्र यादव,बब्लू शुक्ला एवं क्षेत्र के कई पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक के अंत में तहसील अध्यक्ष शशिकांत पाण्डेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।।

# सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

**स्वतंत्र भारत देवरिया।**मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सीएम युवा कार्यशाला का आयोजन गांधी सभागार, विकास भवन, जनपद देवरिया में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त व्यक्तियों से यह आह्वान किया गया कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित इस योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें, जिससे जनपद देवरिया की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हो सके। बैठक में उपस्थित समस्त विकासखंडों के बीएमएम, आईटीआई के अनुदेशकों एवं कौशल विकास मिशन के प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत से कम से कम तीन-तीन आवेदन पत्र विभिन्न सेक्टरों में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत कराए जाएं।सभागार में उपस्थित समस्त कार्मिकों एवं आवेदकों को पीपीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उनसे प्राप्त प्रश्नों का समाधान भी किया गया। इस योजना के अंतर्गत आवेदकों से विभिन्न प्रमुख उद्योगों में ऑनलाइन आवेदन कराने का अनुरोध किया गया।उक्त कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त उद्योग एस. सिद्दीकी द्वारा किया गया ।

# 14 जून को होगा ऑनलाइन योग कार्यक्रम

स्वतंत्र भारत देवरिया।मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन के क्रम में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 14 जून 2026 (रविवार) को प्रातः 6=15 बजे से 7=30 बजे तक ऑनलाइन योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।उन्होंने बताया कि जनपद देवरिया से अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं, विभागों तथा आमजन से कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की गई है।कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को अपने व्हाट्सएप नंबर से टोल फ्री नंबर 18003157008 पर मिस्ड कॉल देना होगा। पंजीकरण के उपरांत प्रतिभागियों को अपने फोटो एवं वीडियोपोर्टल पर अपलोड करने होंगे।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 14 जून को प्रतिभागियों के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा जाएगा, जिस पर क्लिक कर वे ऑनलाइन योग कार्यक्रम से जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

उ0 प्र0 पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

"ई–निविदा विशिष्टीकरण संख्या एस०डी०–1031 के अन्तर्गत विद्यमान 220/132/33के०वी० जी०आई०एस० उपकेन्द्र जलपुरा, ग्रेटर नोएडा पर क्षमता वृद्धि कार्य (2x160+2x63) एम०वी०ए० से (2x160+3x63) एम०वी०ए० के लिए 01 नग 132 के०वी० जी०आई०एस० 'बे' तथा 01 नग 33के०वी० जी०आई०एस० 'बे' की इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग सहित 01 नग 63एम०वी०ए० पावर ट्रांसफार्मर (जो यू०पी०पी०टी०सी०एल० द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा) की स्थापना एवं कमीशनिंग का कार्य टर्न की आधार पर।"

टेन्डर आई०डी० : 2026_PTRCL_1159225_1 बिड पोर्टल : www.etender.up.nic.in, निविदा का प्रकार : खुली ई–निविदा, धरोहर धनराशि : रू० 4.43 लाख, मुख्य विवरण : निविदा जमा करने की तिथि : 10.06.2026, 18:00 निविदा समाप्त होने की तिथि 08.07.2026, 15:30, निविदा तकनीकी भाग–प्रथम खुलने की तिथि : 09.07.2026, 16:30

टिप्पणी :– निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि संशोधन/शुद्धिपत्र/कोरिजेन्डम आदि हेतु ई–पोर्टल का नियमित अवलोकन करते रहें।

ई–मेल : seesdc1@upptcl.org सम्पर्क नं० : 91 9415220828

मुख्य अभियन्ता, (कार्य एवं परि0) वि०उ०परि०म०प्र०, यू०पी०पी०टी०सी०एल०, विद्युत उपकेन्द्र परिकल्पना मण्डल–प्रथम, 13वीं तल, शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ

No. 96-ESDC-I (G.S.)/Tender Notice Dated 11.06.2026

"Save Electricity for Nation"

# परिवहन मंत्री ने परिजनों संग की व्यास पीठ की पूजा



**बलिया।** बताया जाता है कि बाबा बालखंडी नाथ धाम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के तत्वावधान में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शरणागति, संगति और शिव परिवार की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को जीवन की सार्थकता का संदेश दिया। कथा प्रारंभ होने से पूर्व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, उनकी माता तेतरी देवी, अनुज धर्मेंद्र सिंह तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर पंडित प्रदीप मिश्रा का स्वागत किया। अपने प्रवचन में पंडित मिश्रा ने कहा कि माता-पिता, गुरु और भगवान शिव की शरण में रहने वाला व्यक्ति जीवन में सुख, शांति और आनंद प्राप्त करता है। उन्होंने मछली और जल का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार मछली जल के बिना जीवित नहीं रह सकती, उसी प्रकार मनुष्य भी ईश्वर और अपने संस्कारों की शरण में रहकर ही जीवन को सार्थक बना सकता है। उन्होंने कहा कि शरणागति ही मनुष्य के जीवन की दिशा तय करती है। कथावाचक ने कहा कि व्यक्ति का मूल्य उसकी संगति से बढ़ता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान शिव की शरण में पहुंचने वाला व्यक्ति भी शिवमय हो जाता है और उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से सदैव अच्छे विचारों और श्रेष्ठ संगति को अपनाने का आह्वान किया। महाभारत का प्रसंग सुनाते हुए पंडित मिश्रा ने बताया कि द्रौपदी के रोम-रोम में भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण था, इसलिए उनकी पुकार सुनकर भगवान स्वयं उनकी सहायता के लिए पहुंच जाते थे। उन्होंने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से भगवान का स्मरण करता है, उसकी रक्षा के लिए ईश्वर स्वयं उपस्थित हो जाते हैं। माता पार्वती के बाल्यकाल का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि बाल्यावस्था से ही माता पार्वती भगवान शिव के प्रति समर्पित थीं और पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उनकी आराधना करती थीं। उन्होंने कहा कि दृढ़ विश्वास, भक्ति और समर्पण ही ईश्वर तक पहुंचने का सबसे सरल मार्ग है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि भगवान शिव का परिवार प्रेम, त्याग, समर्पण और स्वीकार्यता का प्रतीक है। इसी कारण देवाधिदेव महादेव के परिवार को विशेष रूप से ÷शिव परिवार÷ कहा जाता है। उन्होंने कहा कि शिव परिवार समाज को एकता, सहिष्णुता और पारिवारिक मूल्यों का संदेश देता है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। पूरा परिसर ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष से गुंजायमान रहा और पंडित प्रदीप मिश्रा के आध्यात्मिक एवं जीवनोपयोगी संदेशों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

## पवई में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**माहुल (आजमगढ़)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की एक बैठक पवई में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, पत्रकारों की भूमिका तथा ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होता है।

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

अति अल्पकालीन ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना

अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों/अधिकृत विक्रेताओं/निर्माताओं से निम्नलिखित कार्य के सम्पादन हेतु सीलबन्द ई–निविदायें दो भागों में ई–टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है।

अतिअल्पकालीन ई–निविदा संख्या– 15– विपाoखिo(ल)/2026–27 के सापेक्ष विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय के अन्तर्गत विभिन्न 200/132 के0वी0 उपकेन्द्रों पर वृक्षारोपण एवं अन्य सम्बन्धित कार्य हेतु धरोहर राशि रू0 2000.00 ई–निविदा भाग–1 खुलने की तिथि 18.06.2026 समय 12:00 बजे, ई–निविदा भाग–2 (प्राइज पार्ट) खुलने की तिथि हेतु तदोनुसार वेबसाइट पर सूचित किया जायेगा। ई–निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 590.00 (18 प्रतिशत जी०एस०टी० सहित)। ई–निविदा का भाग प्रथम व द्वितीय–प्राइज बिड (दरें एवं शर्तें) www.etender.up.nic.in पर भरी जायेगी।

अतः उपरोक्त वर्णित ई. निविदाओं के कार्य की कुल मात्रा ई. निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी भी ई. निविदा अथवा सभी ई. निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार सुरक्षित है। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेब साईट को नियमित देखते रहना चाहिए।

अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड–द्वितीय, कक्ष संख्या 211–216, प्रथम तल, पारेषण भवन यू०पी०एस०एल०डी०सी० परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 पत्रांक: 819/ETD-II (L)/Dated : 12.06.2026

'राष्ट्रहित में बिजली बचाएं'

कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, गोण्डा।

संख्या– 765 /2026–2027/ भवन दिनांक– 09.06.2026

विज्ञप्ति

[illegible]

| क्रमांक | पदनाम | पदों की संख्या | आयुष स्वास्थ्य केन्द्र का नाम | अर्हता | मानदेय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | योग प्रशिक्षक (पुरुष) | 01 | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 2. | योग प्रशिक्षक (महिला) | 01 | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 3. | [illegible] | — | — | [illegible] | — |
| 4. | [illegible] | — | — | [illegible] | — |

[illegible] gonda.nic.in [illegible]

(डा0 इन्द्रजीत)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, गोण्डा।

उ0प्र0 252422 दिनांक– 11.06.2026
Website: www.upgov.nic.in

# पास आउट प्रशिक्षुओं में वितरित हुआ प्रमाण पत्र




**स्वतंत्र भारत देवरिया।** इनकम टैक्स ऑफिस के पास शाही कटरे के पीछे जे के मोबाइल एंड ट्रेनिंग सेंटर से पास आउट प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के के राम प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक एवं प्रशिक्षण संस्थान ने किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेम प्रकाश कुशवाहा निदेशक उर्मिला देवी महाविद्यालय, रामपुर कारखाना उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चों को आशीर्वचन के तौर पर तकनीकी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जेके मोबाइल ट्रेनिंग सेंटर, देवरिया के बच्चों को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रेम कुशवाहा ने भी छात्रों को रोजगार देने वाली कम समय में मोबाइल रिपेयरिंग के क्षेत्र से जुड़ने का एक बेहतर विकल्प बताया । महिला कल्याण विभाग मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल ने पास आउट छात्रों को आत्मनिर्भर बनने पर जोर देकर देश की तरक्की में योगदान देने की बात कही । कार्यक्रम का संचालन सगीर खान ने किया। संस्थान के संचालक एवं निदेशक जनार्दन कुशवाहा ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही कार्यक्रम में शामिल अतिथि ओम प्रकाश कुशवाहा, डॉ गजेंद्र श्रीवास्तव, सगीर खान,बीरेन्द्र कुशवाहा,पूर्व सभासद राजू गुप्ता,जगमग मोटर, अमित उपाध्याय,डायरेक्टर नेचर सोल फाउंडेशन विजय मणि त्रिपाठी सबका आभार प्रकट किया

# लेबनान संघर्ष से होर्मुज में सेवा शुल्क तक

## अराघची ने यूएस को गिना दीं समझौते की शर्तें



**तेहरान।** पश्चिम एशिया संघर्ष का कूटनीतिक हल खोजने की कोशिशें कामयाब होती नजर आ रही हैं। अमेरिका और ईरान की ओर से शांति समझौते को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौते में तेहरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में राहत और होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया जाएगा।

ईरान की सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) के अनुसार अब्बास अराघची ने कहा कि यह समझौता दो चरणों में होगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में परमाणु मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई और इसे दूसरे चरण के लिए टाल दिया गया है।

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि अगर समझौते में शामिल प्रावधानों का पालन नहीं किया गया तो अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए जाएंगे। अराघची ने कहा, समझौते में सबसे पहले अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों से टोल वसूलना संभव नहीं है, लेकिन सेवा शुल्क लिया जाएगा। ईरान को मुआवजा देने की योजना भी इसमें शामिल है। विदेश मंत्री ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य अब भी ईरान और ओमान की संप्रभुता के तहत है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का भविष्य अतीत जैसा नहीं होगा। उन्होंने संकेत दिया कि इसके प्रबंधन को लेकर ईरान और ओमान जल्द ही एक संयुक्त बयान जारी करेंगे।

परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर उन्होंने कहा, इस चरण में हमने परमाणु मुद्दों पर चर्चा नहीं की। हालांकि, संवर्धित परमाणु सामग्री को लेकर हमारी स्थिति स्पष्ट है कि अगर इसे कम करने की प्रक्रिया होगी तो वह ईरान के भीतर ही होगी, किसी अन्य देश में नहीं।

अराघची ने कहा, प्रारंभिक समझौते का मसौदा दो पृष्ठों का है। इसके अनुसार ईरान की कोई भी जब्त की हुई संपत्ति फ्रीज नहीं रह सकती। उन्होंने कहा कि इस समझौते में वॉशिंगटन और तेहरान के बीच तनाव के अन्य प्रमुख मुद्दों को भी शामिल किया जाएगा। इनमें अमेरिका की ओर से यह लिखित आश्वासन भी होगा कि वह ईरान की संप्रभुता का सम्मान करता है।

## रूस से तेल खरीद पर भारत को फिनलैंड का समर्थन

**हेलसिंकी।** रूस से तेल खरीदने के मामले में भारत को फ़िनलैंड से अप्रत्याशित समर्थन मिला। फ़िनलैंड की विदेश मंत्री एलिना वाल्टोनन ने कहा कि नई दिल्ली ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों द्वारा तय की गई तेल की कीमत की सीमा (प्राइस कैप) के दायरे में रहकर ही काम किया है। फ़िनलैंड में कुलतारंता टॉक्स के दौरान एक पैनल चर्चा में बोलते हुए फ़िनिश मंत्री ने कहा कि पश्चिमी देशों की प्राइस कैप व्यवस्था का मकसद कभी भी देशों को रूस से कच्चा तेल खरीदने से पूरी तरह रोकना नहीं था। इस चर्चा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वाल्टोनन और यूएई की सहायक विदेश मंत्री लाना नुसेबेह के साथ हिस्सा लिया था। वाल्टोनन ने कहा कि भारत के बचाव में यह कहा जा सकता है कि उसने प्राइस कैप के तहत तेल खरीदा है।



जल पर तैरती सुंदरता, मानो सफेद बादल धरती पर उतर आए हों। (फोटो : प्रणव कुकरेती)

# ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति को 34 साल की जेल

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति को अपहरण, टॉर्चर और रेप के अपराधों का दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को 34 साल की जेल

- **किडनैपिंग और रेप के मामले में दोषी करार**

की सजा सुनाई गई। आइलवर्थ क्राउन कोर्ट में चली सुनवाई के बाद 34 साल के गगनदीप सिंह को फरवरी में रेप के दो मामलों, गैर-कानूनी रूप से बंधक बनाने, इरादतन गंभीर शारीरिक चोट पहुंचाने और अपहरण का दोषी पाया गया था।



उसे 34 साल की सजा काटनी होगी, जिसमें 28 साल जेल में बिताने होंगे और उसके बाद कड़ी पाबंदियों के साथ छह साल की बढ़ी हुई लाइसेंस अवधि होगी। जब तक वह कम से कम 18 साल या जेल की सजा का दो-तिहाई हिस्सा पूरा नहीं कर लेता, तब तक उसे पैरोल देने पर विचार नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान बताया गया कि 24 साल की पीड़ित महिला को पश्चिमी लंदन के हैनवेल में एक घर ले जाया गया, जहां उसे लंबे समय तक प्रताड़ित किया गया। जांच की अगुवाई करने वाली मेट्रोपॉलिटन पुलिस की नॉर्थ वेस्ट रेप एंड सीरियस सेक्सुअल ऑफेंस यूनिट की डिटेक्टिव कॉन्स्टेबल सीतारा अब्दुल ने कहा, इस मामले में पीड़ित ने जिस क्रूरता का सामना किया, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, आगे आकर और हमलावर को सजा दिलाने में हमारी मदद करके उसने बहुत हिम्मत दिखाई है। उस पर जिस बेरहमी से नियंत्रण रखा गया था, उससे उसे अपनी जान का डर सताने लगा था। कोर्ट को बताया गया कि महिला को तब शक हुआ जब जून 2024 में उससे थाईलैंड से यूके तक एक सूटकेस लाने के लिए कहा गया, जिसमें अनजान चीजें थीं। उसने मना कर दिया लेकिन जब वह बर्मिंघम एयरपोर्ट पहुंची तो उसे एक कार में बिठाकर नकाबपोश लोग लंदन ले गए, जहां सिंह ने दो बार उसका रेप किया।

# 'भारतीय जहाजों पर हमला बर्दाश्त नहीं'

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच रविवार को होने वाले संभावित समझौते से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप का एक बड़ा और

- **ट्रंप ने ईरान पर फोड़ा ठीकरा**
- **बातचीत से पहले तेहरान पर लगाए बड़े आरोप**

बेहद आक्रामक बयान सामने आया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ईरान को कड़ी चेतावनी दी है और धोखाधड़ी का आरोप भी लगाया। इसके साथ ही उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास भारतीय जहाजों पर हुए ड्रोन हमले का जिक्र करते हुए ईरान को आड़े हाथों लिया। बीते दिनों होर्मुज में भारतीय जहाजों पर हुए हमले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बड़ा दावा किया। अपने पोस्ट में एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा करते हुए उन्होंने बताया कि बीती रात ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे भारतीय जहाजों को निशाना बनाने की कोशिश की थी। ट्रंप ने जोर देते हुए कहा कि बीती रात होर्मुज जलडमरूमध्य से निकल रहे भारतीय जहाजों पर ईरान ने जो ड्रोन हमला किया था, जिसे पूरी तरह नाकाम कर दिया गया। ट्रंप इस हमले को लेकर ईरान को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि भारतीय जहाजों पर हमला अब बर्दाश्त नहीं। ईरान को अपनी हरकतें सुधारनी होंगी और वह भी बहुत जल्द। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान द्वारा मीडिया में लीक की गई शर्तों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ईरान ने फेक न्यूज को जो शर्तें लीक की हैं, उनका उस समझौते से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है जो लिखित में तय हुआ है। उन्होंने कहा कि ईरान ने डील को लेकर जो भी कमजोर और दयनीय बयानबाजी की है, वह सच्चाई से बिल्कुल परे है। इसके अलावा ईरान की कूटनीति पर तीखा हमला करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान बेहद धोखेबाज है और उसके साथ बातचीत में ईमानदारी जैसी कोई चीज नहीं होती। उन्होंने ईरान के रवैये को बेहद शर्मनाक बताया है। गौरतलब है कि इससे पहले ईरान की सरकारी मीडिया ने दावा किया था कि वह समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण नहीं छोड़ेगा। अब डोनल्ड ट्रंप के इस जवाबी और तीखे हमले ने साफ कर दिया है कि रविवार को होने वाले समझौते से पहले दोनों देशों के बीच कूटनीतिक जंग और ज्यादा हिंसक और आक्रामक मोड़ ले चुकी है।



# पीओके में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके ) में बीते 4 दिनों से चल रहे आंदोलन में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, चार दिनों में 1100 से ज्यादा लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है। दरअसल, पीओके में विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों लेकर विवाद चल रहा है। ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं जो जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में जाकर बसे थे। पीओके सुप्रीम कोर्ट ने 7 जून को आरक्षण खत्म करने की मांगों को खारिज कर दिया और कहा कि संवैधानिक संशोधन सरकार से छीनी जाने वाली कोई रियायत नहीं है। इस फैसले के बाद जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जैक) इन सीटों को खत्म करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। इस वजह से मुजफ्फराबाद, मीरपुर में बाजार, स्कूल, कॉलेज और दफ्तर बंद हैं। नेटबंदी भी जारी है। इससे घाटी बाहरी दुनिया से कटी हुई है। इससे प्रदर्शनकारियों का जोश कम नहीं हुआ है। उनमें नाराजगी और बढ़ गई है। जैक के सदस्य धरने की तैयारी तेज कर रहे हैं। पाकिस्तानी आर्मी और सरकार ने पुंछ, मीरपुर और मुजफ्फराबाद में अतिरिक्त अर्धसैनिक बल तैनाती के आदेश दिए हैं। इनमें रेंजर्स और फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी के जवान शामिल हैं। प्रशासन ने प्रदर्शन समर्थक जेएएसी नेताओं शौकत नवाज मीर, ख्वाजा मेहरान और अन्य पर राजद्रोह के केस दर्ज किए हैं। सरकार अर्धसैनिक बलों का खौफ दिखाकर आंदोलन कुचलने की कोशिश कर रही है।

## अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारी का बड़ा दावा

# ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया की राजनीति में एक बार फिर बड़ा मोड़ आता दिखाई दे रहा है। अमेरिका ने दावा किया है कि

- **समझौते की उम्मीद बढ़ी**

प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान ने अनिश्चितकाल तक परमाणु हथियार विकसित न करने और न ही उन्हें हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई है। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के इस बयान ने ऐसे समय में नई चर्चा छेड़ दी है, जब लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक स्तर पर तनाव बना हुआ है। यदि यह समझौता अंतिम रूप लेता है, तो यह न केवल अमेरिका-ईरान संबंधों में बल्कि पूरे पश्चिम एशिया के सामरिक समीकरणों में बड़ा बदलाव ला सकता है। पश्चिम एशिया की राजनीति में एक बार फिर बड़ा मोड़ आता दिखाई दे रहा है। अमेरिका ने दावा किया है कि प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान ने अनिश्चितकाल तक परमाणु हथियार विकसित न करने और न ही उन्हें हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई है। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के इस बयान ने ऐसे समय में नई चर्चा छेड़ दी है, जब लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक स्तर पर तनाव बना हुआ है। यदि यह समझौता अंतिम रूप लेता है, तो यह न केवल अमेरिका-ईरान संबंधों में बल्कि पूरे पश्चिम एशिया के सामरिक समीकरणों में बड़ा बदलाव ला सकता है। अमेरिकी अधिकारी के अनुसार प्रतिबंधों में ढील सीधे तौर पर ईरान की कार्रवाई से जुड़ी होगी। यदि ईरान परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अपने वादों को पूरा करता है और निरीक्षण प्रक्रिया में सहयोग करता है, तभी उसे आर्थिक लाभ मिलेंगे। अमेरिका का कहना है कि समझौते को इस तरह तैयार किया गया है कि दोनों पक्षों को एक साथ लाभ मिले। यानी पहले सत्यापन होगा और उसके बाद ही प्रतिबंधों में राहत दी जाएगी।

## उत्तर कोरिया पर अमेरिका की सख्ती बढ़ी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने उत्तर कोरिया को निर्यात किए जाने वाले कुछ चिकित्सा उपकरणों पर नियंत्रण और कड़ा कर दिया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने ऐसे मेडिकल उपकरणों की सूची जारी की है, जिनके उत्तर कोरिया निर्यात के लिए अब विशेष सरकारी अनुमति लेना जरूरी होगा। अमेरिकी वित्त विभाग के ऑफिस ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल ने गुरुवार को यह सूची जारी की। इसके तहत अब कुछ चिकित्सा उपकरण सामान्य लाइसेंस के दायरे से बाहर कर दिए गए हैं। पहले सामान्य लाइसेंस के तहत कुछ कृषि उत्पादों, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के निर्यात की अनुमति थी। ओएफएसी के अनुसार, सूची में शामिल उपकरणों को उत्तर कोरिया भेजने से पहले विशेष स्वीकृति प्राप्त करनी होगी।




## पर्यावरण संरक्षण — मच्छरों की आबादी घटाने के लिए गूगल ने निकाली गजब तरकीब

# बीमारी वाली प्रजातियों के खात्मे की बनाई योजना

**वॉशिंगटन।** मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों पर नियंत्रण के लिए अमेरिका में एक अनोखी




योजना सामने आई है। तकनीकी कंपनी गूगल ने अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (ईपीए) से फ्लोरिडा और कैलिफोर्निया में करोड़ों नर मच्छरों को छोड़ने की अनुमति मांगी है। इन मच्छरों को इस तरह तैयार किया गया है कि वे जंगली मादा मच्छरों के साथ प्रजनन तो करें, लेकिन उनकी संतानों का विकास न हो सके।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे समय के साथ स्थानीय मच्छर आबादी में बड़ी गिरावट आ सकती है। अमेरिकी फेडरल रजिस्टर में प्रकाशित आवेदन और उससे जुड़ी जानकारी के अनुसार यह प्रस्तावित परीक्षण अमेरिका में मच्छर नियंत्रण के लिए एक नई जैविक रणनीति की व्यवहारिकता को परखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। फ्लोरिडा और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों में गर्म मौसम और स्थिर जल स्रोत मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। गूगल जिन नर मच्छरों को छोड़ना चाहता है, उनमें वोल्बाकिया नामक बैक्टीरिया मौजूद है। यह सूक्ष्मजीव पृथ्वी पर पाई जाने वाली लगभग आधी कीट प्रजातियों में स्वाभाविक रूप से पाया जाता है और मनुष्यों या अन्य कशेरुकी (वर्टिब्रेट्स) जीवों को संक्रमित नहीं करता। वैज्ञानिकों ने केवल नर मच्छरों को छोड़ने की योजना बनाई है क्योंकि नर मच्छर खून नहीं चूसते और इंसानों को नहीं काटते। वे पौधों के रस पर जीवित रहते हैं और उनका मुख्य उद्देश्य मादा मच्छरों के साथ प्रजनन करना होता है। जब वोल्बाकिया से संक्रमित नर मच्छर किसी ऐसी जंगली मादा के साथ प्रजनन करता है जिसमें वही बैक्टीरिया नहीं होता, तो अंडों का विकास नहीं हो पाता।